# अनंत ज्ञान

www.anantgyaan.in

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 14 अगस्त 2024 | 30 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 238, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702


सूर्योदय 5:49 सूर्यास्त 7:0

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.0 न्यू | 22.7 अधि |
| धर्मशाला | 20.0 न्यू | 27.5 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 78956.03 |
| निफ्टी | 24139.00 |
| सोना | 70,562 |
| चांदी | 83,423 |



पार्टी वियर के लिए परफेक्ट हैं सारा अली खान के ये लहंगा लुक्स

पृष्ठ 4 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल की दो सितंबर तक बढ़ाई न्यायिक हिरासत

**नई दिल्ली।** मनी लांड्रिंग मामले में राउज ऐवन्यू कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल, बीआरएस नेता के. कविता की न्यायिक हिरासत 2 सितंबर तक बढ़ा दी है। केजरीवाल और के. कविता वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश हुए। वहीं, केजरीवाल की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनवाई को तैयार हुआ। 20 अगस्त को केजरीवाल की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई होगी। केजरीवाल ने सीबीआई गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है। साथ ही जमानत की मांग की है।



### जगदंबिका जेपीसी के अध्यक्ष नियुक्त

**नई दिल्ली।** भाजपा के लोकसभा सांसद जगदंबिका पाल को मंगलवार को संसद की संयुक्त समिति (जेपीसी) का अध्यक्ष बनाया है। समिति वक्फ (संशोधन) विधेयक की जांच करेगी। अधिसूचना के मुताबिक अध्यक्ष ओम बिरला ने पाल को 31 सदस्यीय समिति का प्रमुख नियुक्त किया है।



### सीएम सुक्खू व कालिया को बम से उड़ाने की धमकी

**सन्नी पुरी, गगरेट।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और गगरेट के विधायक राकेश कालिया को धमकी भरा फोन कर 15 अगस्त को तिरंगा फहराने पर उन्हें बम से उड़ाने की धमकी दी है। विधायक राकेश कालिया की शिकायत पर अंब पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कारवाई शुरू कर दी है। कालिया ने शिकायत में कहा कि मंगलवार सुबह +447537171704 फोन नंबर से धमकी भरी काल आई, जिसने खुद को सिख फार जस्टिस संस्था का प्रमुख बताया। (अनंत ज्ञान)

### कंधे पर लादकर दुश्मनों के टैंकों को उड़ाएगी भारत की यह मिसाइल



**नई दिल्ली।** राजस्थान के जैसलमेर स्थित पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में डीआरडीओ ने स्वदेशी एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल एमपी-एटीजीएम का सफल परीक्षण किया। यह मिसाइल कंधे से फायर की जा सकती है। इसे दुश्मन के टैंकों और बख्तरबंद वाहनों को बेअसर करने के लिए डिजाइन किया है। दिन हो या रात, किसी भी वक्त दागा जा सकता है। यह एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल टॉप अटैक क्षमता से लैस है और इसमें डुअल मोड सीकर फंक्शनैलिटी भी है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- राजस्व विभाग में 61 नायब तहसीलदारों के तबादले, -पेज 3
- जयराम ठाकुर ने लिया राजबन में हुई त्रासदी का जायजा -पेज 7
- ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में 20 वर्षीय युवक पहुंचा जेल -पेज 9
- रूस के 1000 वर्ग किमी. इलाके पर यूक्रेन का कब्जा -पेज 13
- पेरिस ओलंपिक में भारत के हाथ से फिसले दस पदक -पेज 14


### ममता सरकार को बड़ा झटका, हाईकोर्ट ने माता-पिता की याचिका पर दिए आदेश

# सीबीआई करेगी कोलकाता डॉक्टर रेप-मर्डर केस की जांच

**एजेंसी, कोलकाता**

**कलकत्ता** हाईकोर्ट ने माता-पिता की याचिका पर मंगलवार को आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में ट्रेनी डॉक्टर से रेप-मर्डर केस की जांच सीबीआई को सौंप दी है। राज्य सरकार बुधवार सुबह 10 बजे तक सीबीआई को केस डायरी और दूसरे रिकॉर्ड ट्रांसफर करेगी।

**कोर्ट बोला- 5 दिन हो गए, पुलिस ने कुछ नहीं किया, ऐसे तो सबूत मिटाए जा सकते हैं**

चीफ जस्टिस टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने केंद्रीय एजेंसी को मामले की जांच सौंपते हुए केवी राजेंद्रन मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया। हाईकोर्ट ने कहा कि हमने पुलिस को जांच के लिए समय दिया होता, लेकिन मामला अजीब है। घटना के 5 दिनों के बाद भी पुलिस किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंची है। इस बात की पूरी संभावना है कि सबूत मिटा दिए जाएंगे, इसलिए हमें लगता है कि मामला तुरंत सीबीआई को ट्रांसफर किया जाना चाहिए।

### प्रिंसिपल ने इस्तीफा क्यों दिया, समझना मुश्किल

**हाईकोर्ट** ने घटना के बाद मेडिकल कॉलेज के तत्कालीन प्रिंसिपल डॉ. संदीप कुमार घोष के इस्तीफे और दूसरी कॉलेज में उनकी नियुक्ति पर भी सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि यह जानकर दुख होता है कि घटना को लेकर अस्पताल प्रशासन और तत्कालीन प्रिंसिपल संदीप कुमार घोष सक्रिय नहीं थे। प्रिंसिपल ने अपना इस्तीफा दे दिया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि उनके इस्तीफे पर क्या आदेश जारी किए गए थे। इस्तीफे के 12 घंटे के भीतर 12 अगस्त को उन्हें एनएमसी, कोलकाता का प्रिंसिपल बना दिया गया। यह समझना मुश्किल है कि उन्होंने इस्तीफा क्यों दिया और दूसरे मेडिकल कॉलेज का प्रिंसिपल बनाने की क्या जल्दी थी।

### प्रिंसिपल को छुट्टी पर भेजो या हम ऑर्डर दें

**हाईकोर्ट** ने डॉ. संदीप कुमार घोष को छुट्टी पर जाने का आदेश दिया है। कोर्ट ने बंगाल सरकार से कहा कि उनको लंबी छुट्टी पर भेजिए। ऐसा नहीं हुआ तो हमें ऑर्डर पास करना होगा। उन्हें कहीं काम करने की जरूरत नहीं है। उनको कहिए घर पर रहें। कोर्ट ने सरकार से पूछा कि पुलिस ने डॉ. संदीप घोष से अब तक पूछताछ क्यों नहीं की है। जांच में कुछ मिसिंग है। जब डॉ. संदीप घोष ने नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए पद से इस्तीफा दिया था, तो उन्हें इस्तीफे के तुरंत बाद दूसरे मेडिकल कॉलेज में कैसे नियुक्त किया जा सकता है?

### सरकार ने किया काम पर लौटने का आग्रह

**पश्चिम** बंगाल सरकार ने मंगलवार को आंदोलनकारी जूनियर चिकित्सकों से काम पर लौटने और लोगों की दिक्कतों को ध्यान में रखकर स्वास्थ्य सेवाओं की सामान्य स्थिति बहाल करने की अपील की। कोलकाता के सरकारी आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला चिकित्सक के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में तेज कार्रवाई समेत अन्य मांगों को लेकर दो दिन से जूनियर चिकित्सकों ने हड़ताल कर दी है, जिसके कारण स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हुई हैं।

### डॉक्टरों में आक्रोश दूसरे दिन भी बंद रही ओपीडी सेवाएं

**नई दिल्ली।** कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर से रेप और मर्डर को लेकर डॉक्टरों का विरोध-प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी रहा। देशभर में ओपीडी बंद रहीं। हालांकि, अस्पतालों में इमरजेंसी सर्विस को बहाल रखा गया है। डॉक्टरों की हड़ताल को देखते हुए अस्पतालों में वैकल्पिक तैयारियां की गई थी, ताकि मरीजों को इलाज में किसी तरह की दिक्कत न आए, लेकिन ये तमाम तैयारियां नाकाफी साबित हो रही हैं। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन ने 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि हम पूरे भारत में विरोध कर रहे डॉक्टरों के साथ खड़े हैं। वहीं, आरोपी संजय रॉय को लेकर कई खुलासे हुए हैं। पुलिस ने बताया कि संजय एक ट्रेंड बॉक्सर है। उसने हॉस्पिटल के सेमिनार हॉल में डॉक्टर से दरिंदगी के दौरान बुरी तरह मारपीट की थी। संजय ने डॉक्टर को इतनी जोर से मारा कि उनके चश्मे का शीशा टूटकर उनकी आंखों में घुस गया। इसके कारण आंखों से ब्लीडिंग हुई थी।

# शिमला में निर्माणाधीन टनल गिरी, बाल-बाल बचे मजदूर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



दो माह पहले ही शुरू हुआ था काम

**राजधानी** शिमला में मंगलवार को टिटरी टनल भरभराकर गिर गई। मजदूरों ने दौड़कर अपनी जान बचाई। टनल गिरते समय अन्य लोगों में भी अफरा-तफरी मच गई। परवाणू-शिमला निर्माणाधीन फोरलेन पर संजौली के चलौंठी में टिटरी टनल का काम चल रहा था। सोमवार शाम को यहां कुछ पत्थर और मिट्टी गिरनी शुरू हुई थी।

इसके बाद टनल में काम में लगी मशीनरी को पहले ही बाहर निकाल लिया था। यह टनल संजौली बाईपास से ढली को जानी थी। बीते दो महीने पहले ही इस टनल का काम शुरू हुआ था, लेकिन शिमला में हो रही लगातार भारी बारिश के कारण पहाड़ी से पत्थर गिरने शुरू हो गए थे। वहीं, टनल के छोर पर आए मलबे को हटाने का काम शुरू कर दिया गया है। हाल ही में एनएचएआई ने पहाड़ी की स्टेबलाइजेशन का काम किया था, जिसके बाद 400 मीटर लंबी टनल की खुदाई का काम शुरू होना था। खुदाई से पहले ही टनल के ऊपर पहाड़ी का बड़ा हिस्सा गिर गया। इससे टनल का छोर बंद हो गया है। भू-स्खलन से ढली जंक्शन के पास एनएच को भी खतरा उत्पन्न हो गया है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर अचल जिंदल ने कहा जहां टनल का पोर्टल बनाया जा रहा था, वहां मलबा डाला गया था। पोर्टल के लिए रास्ता बनाने का काम चल रहा था। भारी बारिश के कारण टनल पोर्टल पर भू-स्खलन हो गया। मल्याणा से चलौंठी की ओर फोरलेन की टनल बनाने का काम चल रहा है।

## हिमाचल में 3 से 9 सितंबर तक सेना भर्ती रैली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में तीन से नौ सितंबर तक सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। अग्निपथ योजना के तहत सेना में भर्ती के लिए शिमला, सोलन, सिरमौर और किन्नौर जिलों के परीक्षा पास उम्मीदवारों को फिजिकल टेस्ट के लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। सेना भर्ती कार्यालय शिमला के भर्ती निदेशक कर्नल पुष्विंदर कौर ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा पास युवा ज्वॉइन इंडियन आर्मी की वेबसाइट पर जाकर एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। भर्ती रैली का आयोजन प्रिथी मिलिट्री स्टेशन, अवेरीपट्टी, रामपुर बुशहर में होगा। उम्मीदवार अपने साथ दसवीं एवं बारहवीं पास की अंकतालिका मूल निवास स्थाई प्रमाणपत्र, डोगरा/माइनॉरिटी प्रमाणपत्र, जाति प्रमाणपत्र, चरित्र प्रमाणपत्र केवल नायब तहसीलदार/ तहसीलदार की ओर से क्यूआर कोड के साथ ऑनलाइन जारी किया हुआ लाना होगा। इसके अलावा ऐफिडेविट 20 रंगीन पासपोर्ट साइज फोटो, जिसका बैकग्राउंड नेवी ब्लू हो और अविवाहित होने का प्रमाणपत्र साथ लाएं। युवाओं से आह्वान किया है कि एडमिट कार्ड डाउनलोड करने में कोई भी दिक्कत होने से भर्ती कार्यालय शिमला में संपर्क करें।

### नीतीश सरकार वक्फ की जमीन पर बनाएगी 21 नए मदरसे

**पटना।** बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने वक्फ की जमीन पर 21 नए मदरसे बनाने का ऐलान किया है। जेडीयू के सीनियर लीडर और बिहार सरकार में अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री जमा खान ने कहा कि अल्पसंख्यक समाज की राजनीति करने वाले लोग सिर्फ वोट बैंक की राजनीति करते हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में हर समाज का विकास हुआ है और आगे भी होता रहेगा। उन्होंने कहा कि नए मदरसे में लोगों को शिक्षा की बेहतर व्यवस्था होगी, और नए सिरे से शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी।

## सुप्रीम कोर्ट से मिली बाबा रामदेव और बालकृष्ण को राहत, अवमानना केस बंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पतंजलि** आयुर्वेद व योग गुरु स्वामी रामदेव और आचार्य बालकृष्ण को राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने उनके खिलाफ अदालत की अवमानना का केस बंद कर दिया है। कोर्ट ने रामदेव और बालकृष्ण की माफी मंजूर कर ली। कोर्ट ने दोनों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि वे कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन करते हुए कुछ भी करते हैं, जैसा पहले हुआ था, तो कोर्ट कड़ी सजा देगा। जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने मंगलवार को यह फैसला सुनाया। भारतीय चिकित्सा संघ (आईएमए) की ओर से दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। याचिका में कोविड टीकाकरण अभियान और आधुनिक चिकित्सा पद्धति के खिलाफ बदनाम करने वाला अभियान चलाने का आरोप लगाया गया था। 14 मई को सुप्रीम कोर्ट ने अवमानना नोटिस पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सुप्रीम कोर्ट इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका पर सुनवाई की थी, जिसमें कोविड वैक्सीनेशन और एलोपैथी की बदनामी का आरोप लगाया गया था।

**कहा- आदेश नहीं माना तो सख्त सजा देंगे**



### आसाराम को मिली सात दिन की पैरोल

**नई दिल्ली।** यौन शोषण के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम बाबू को राजस्थान हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने इलाज के लिए आसाराम की 7 दिन की पैरोल मंजूर की है। पुलिस कस्टडी में इलाज के लिए उन्हें महाराष्ट्र भेजा जाएगा। जस्टिस पुष्पेंद्र सिंह भाटी की खंडपीठ ने अंतरिम पैरोल को मंजूर दी है। इससे पहले मार्च में पुणे में आयुर्वेद चिकित्सा के लिए पेरोल की अनुमति मांगी थी, लेकिन आयुर्वेद चिकित्सा की अनुमति नहीं मिली थी।



## डेरा सच्चा सौदा प्रमुख राम रहीम फिर जेल से आए बाहर

**एजेंसी, चंडीगढ़**

**21 दिन की मिली फरलो बरनावा का डेरा आश्रम ठिकाना**



**दुष्कर्म** मामले में सजायाफ्ता डेरा सच्चा सौदा प्रमुख गुरमीत राम रहीम सिंह मंगलवार को 21 दिन की फरलो पर जेल से बाहर आए गए। इस अवधि के दौरान राम रहीम उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के बरनावा स्थित डेरा आश्रम में ही रहेंगे। पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय की ओर से राम रहीम की फरलो पर रिहाई की अपील के खिलाफ शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति (एसजीपीसी) की याचिका का निपटारा किए जाने के कुछ दिनों बाद उसे जेल से अस्थाई रूप से रिहा किया गया। उच्च न्यायालय ने नौ अगस्त को कहा था कि डेरा प्रमुख की अस्थाई रिहाई के अनुरोध वाली याचिका पर सक्षम प्राधिकारियों को बिना किसी पक्षपात' के विचार करना चाहिए। दुष्कर्म के दोषी राम रहीम ने इस साल जून में 21 दिन की फरलो पर रिहाई के अनुरोध को लेकर उच्च न्यायालय का रुख किया था।

## रसायन मुक्त खेती की पद्धति अपनाएं किसान : सुक्खू

### कृषि विभाग की योजनाओं की समीक्षा, मिट्टी की जांच के लिए विशेष लैब स्थापित करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए राज्य में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से तैयार किए उत्पादों के विशिष्ट ट्रेडमार्क के तहत ब्रांडिंग की जाए, ताकि किसानों को उनकी उपज के बेहतर दाम मिल सकें।

**प्रदेश में बढ़ रहे कैंसर के मामलों पर जताई चिंता**

उन्होंने उत्पादों के प्रमाणीकरण के लिए व्यापक तंत्र विकसित करने और राज्य में मिट्टी की जांच के लिए विशेष लैब स्थापित करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बढ़ रहे कैंसर के मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने किसानों से रसायन मुक्त खेती की पद्धति अपनाने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कृषि विभाग में युक्तिकरण के निर्देश देते हुए कहा कि स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए विभाग में खाली पदों को तुरंत भरा जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 70 फीसदी आबादी खेतीबाड़ी से जुड़ी हुई है और सरकार ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों की आय बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था राज्य सरकार का प्राथमिक क्षेत्र है और इसको प्रोत्साहित करने के लिए 2024-25 के बजट में विशेष पहल की गई है। उन्होंने प्राकृतिक खेती, पशुपालन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन को एकीकृत करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने जाइका और मिल्कफेड के कामकाज की भी समीक्षा की और कार्य में डिजिटल पद्धति अपनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार, सचिव कृषि सी. पालरासू आदि मौजूद रहे।



कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

### देसी गाय और भैंसों की खरीद के लिए वित्तीय सहायता बढ़ाने पर विचार

**सीएम** ने जिलों में विशिष्ट फसल उत्पादन आवश्यकताओं के अनुसार कोल्ड स्टोर स्थापित करने के निर्देश दिए। जाइका के तहत गेहूं और मक्का के भंडारण के लिए साइलो स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि भैंस और गाय के दूध का खरीद मूल्य बढ़ाकर 55 और 45 रुपए किया गया है। उन्होंने कहा कि पशुपालन और प्राकृतिक खेती दोनों ही संबद्ध गतिविधियां हैं, इसलिए राज्य सरकार प्राकृतिक खेती क्लस्टरों में देशी गायों और भैंसों की खरीद के लिए किसानों को वित्तीय सहायता बढ़ाने पर भी विचार कर रही है।

## दिल्ली में झंडा नहीं फहरा पाएगी आतिशी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**दिल्ली** में 15 अगस्त को मंत्री आतिशी झंडा नहीं फहरा सकेगी। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने आतिशी को झंडा फहराने की अनुमति नहीं दी है। केजरीवाल के निर्देश पर गोपाल राय ने पत्र भेजा था, जिसका जवाब विभाग की ओर से आ गया है। दिल्ली सरकार के जनरल एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ने कहा कि झंडा केजरीवाल फहरा सकते हैं।

दिल्ली के मंत्री गोपाल राय को लिखे पत्र के जवाब में सामान्य प्रशासन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव ने लिखा कि यह बिलकुल स्पष्ट है कि उपरोक्त संचार (मंत्री का पत्र) जेल के बाहर भेजे जाने वाले अनुमेय संचार की श्रेणी में नहीं आता है। ऊपर बताए गए नियमों के उल्लंघन में कोई भी लिखित या मौखिक संचार कानूनी रूप से वैध नहीं है, इसलिए उस पर कार्रवाई नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री की ओर से छह अगस्त को उपराज्यपाल वीके सक्सेना को लिखा पत्र कारागार नियमों के अनुसार स्वीकार्य नहीं है। जीएडी के अतिरिक्त मुख्य सचिव नवीन कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री का निर्देश 'कानूनन अवैध है और इसे अमल में नहीं लाया जा सकता है।

### आंध्र प्रदेश के पूर्व मंत्री रमेश के घर रेड, बेटा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने इब्राहिमपटनम में पूर्व मंत्री जोगी रमेश के आवास पर छापेमारी की। एसीबी अधिकारियों ने एग्रीगोल्ड भूमि मामले में यह छापेमारी की है। वहीं, एसीबी ने जोगी रमेश के बेटे राजीव को गिरफ्तार किया है। जोगी रमेश और वाईएसआरसीपी की ओर से राजीव की गिरफ्तारी को लेकर मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की निंदा की गई है। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने इस मामले पर 'एक्स' पर लिखा कि पूर्व मंत्री जोगी रमेश के बेटे राजीव को अवैध रूप से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने सुबह से ही इब्राहिमपट्टनम में जोगी रमेश के घर की तलाशी ली।

### अमेरिका ने शेख हसीना के आरोपों को किया खारिज

# बांग्लादेश में अशांति और तख्तापलट में हमारी कोई भूमिका नहीं : पियरे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**बांग्लादेश** में अशांति और शेख हसीना सरकार को गिराने में संलिप्तता के गंभीर आरोपों को अमेरिका ने खारिज कर दिया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव जीन पियरे ने सभी रिपोर्टों और अफवाहों का खंडन करते हुए कहा कि बांग्लादेश के घटनाक्रम में हमारी कोई संलिप्तता नहीं है।

ऐसी कोई भी रिपोर्ट या अफवाह की इन घटनाओं में अमेरिकी सरकार शामिल थी, पूरी तरह से झूठी है। यह सच नहीं है। यह बांग्लादेशी लोगों के लिए और उनके द्वारा चुना गया विकल्प है। हमारा मानना है कि बांग्लादेश के लोगों को बांग्लादेशी सरकार का भविष्य तय करना चाहिए और हम इसी लाइन पर खड़े हैं। अमेरिका की भूमिका को लेकर सारे आरोप असत्य हैं।

### शेख हसीना के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज



**ढाका।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना और छह अन्य के खिलाफ पिछले माह हुई हिंसक झड़पों के दौरान करियाना दुकानदार की मौत को लेकर हत्या का मामला दर्ज किया है। नौकरी में आरक्षण की विवादास्पद को लेकर सरकार के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के चलते पिछले सप्ताह शेख हसीना इस्तीफा देकर देश को छोड़ दिया है।

### मोहम्मद यूनुस से मिले स्टूडेंट्स, मांगों पर चर्चा

ढाका। बांग्लादेश के आंदोलनकारी हिंदू और अल्पसंख्यक छात्रों ने मंगलवार को अंतरिम प्रशासक मोहम्मद यूनुस से मुलाकात की। यह मुलाकात ढाकेश्वरी मंदिर में हुई। इस दौरान उन आठ सूत्री मांगों पर चर्चा की गई, जिसके लिए उन्होंने अल्टीमेटम दिया था। यूनुस ने उनकी मांगों पर गौर करने और अल्पसंख्यकों पर हमले रोकने के लिए जरूरी उपायों का भरोसा दिया है।




## न्यूज ब्रीफ

### देवदार के लगाए जाएंगे 100 पौधे

**अनंत ज्ञान, शिमला।** उमंग फाउंडेशन का इस बरसात का दूसरा पौधरोपण कार्यक्रम 14 अगस्त को वेलकम होटल शिमला (बाय आईटीसी ) व युवक मंडल जोटलू-भाटला के साथ मिलकर वीरवार को बलदेयां के साथ लगते जोटलू गांव में देवदार के 100 पौधे लगा कर मनाया जाएगा । उमंग के ट्रस्टी विनोद योगाचार्य ने बताया कि उमंग फाउंडेशन प्रति वर्ष पौधे लगाने के साथ साथ ग्रामीण स्तर पर पौधरोपण के लिए ग्रामीणों को जागरूक भी करती है तथा पौधे की देखभाल भी करती है।

### मेडिकल छात्रा की हत्या को लेकर आंदोलन की चेतावनी

**अनंत ज्ञान, शिमला।** आरजी कर मेडिकल कॉलेज कोलकाता की दूसरे वर्ष की पीजी छात्रा की निर्मम हत्या ने भारत के पूरे चिकित्सा जगत को हिलाकर रख दिया है। आईएमए हिमाचल प्रदेश राज्य शाखा ने भारत की होनहार बेटी की मौत पर शोक व्यक्त किया है और इस भयावह स्थिति की कड़ी निंदा की है। डॉक्टर, विशेषकर महिलाएं, हिंसा के लिए अत्यधिक संवेदनशील हो गई है, जिससे यह अपराध परिसर के भीतर बेरोक-टोक किया जा सका। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की राज्य इकाई के अध्यक्ष डॉ. एमएल कौशल ने कहा कि कुछ समय पहले, केरल के एक तालुक अस्पताल के आपातकालीन कक्ष में एक युवा महिला डॉक्टर की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्होंने कहा कि अधिकारी 48 घंटों के भीतर सटीकता के साथ कार्रवाई करें, अन्यथा आईएमए राष्ट्रव्यापी आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगा। डॉ. कौशल ने कहा कि एक निष्पक्ष जांच की आवश्यकता है।

### तकनीकी कर्मचारियों की अधिशासी अभियंता से मुलाकात



**दशमी रावत, रोहडू।** तकनीकी कर्मचारियों की बैठक अधिशासी अभियंता विद्युत बोर्ड रोहडू ई. गुरदास शर्मा के साथ आयोजित हुई। बैठक में कई समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें सभी मांगों को मौके पर ही पूरा किया गया। समस्याओं के समाधान के लिए तकनीकि कर्मचारियों ने अधिशासी अभियंता का धन्यवाद किया है।

### रोहडू कॉलेज में नया सत्र प्रेरणा कार्यक्रम से हुआ शुरू



**अनंत ज्ञान, रोहडू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहडू में प्रथम वर्ष के प्रक्षिशुओं के लिए प्रेरण (इन्डक्शन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. विवेक कुमार शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की । तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों व सहायक आचार्या चेतना झगटा द्वार इस आयोजन में महाविद्यालय के नियम, विनियम, अनुशासन व शिष्टाचार इत्यादि के बारे में जानकारी देना प्रमुखता से रहा है। महाविद्यालय के आईक्यूएसी निदेशक व सहायक आचार्य डॉ. हरीश कुमार वर्मा ने आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं शैक्षणिक मूल्यांकन के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

### हवन-यज्ञ के साथ शैक्षणिक सत्र 2024 का हुआ आरंभ



**भरत ठाकुर, कोटखाई।** डीएवी महाविद्यालय कोटखाई में हवन-यज्ञ से नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गायत्री मंत्र का 3 बार जाप किया गया। मुख्यातिथि के रूप में महाविद्यालय की स्थानीय समिति के सदस्य और आईक्यूएसी सदस्य रविन्द्र चौहान ने भाग लिया। साथ में प्रो. रमेश चौहान भी उपस्थित रहे । उनका स्वागत कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोशन लाल विशिष्ट ने किया।

### पीएचडी के लिए कृतिका का यूएसए में चयन



**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** कृतिका ठाकुर का यूएसए की विलानोवा यूनिवर्सिटी में पीएचडी प्रोग्राम में चयन हुआ है। कृतिका ने एमएससी फिजिक्स की पढ़ाई राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं से सत्र 2019-21 में पूर्ण की। इस दौरान डॉ. अरुण कुमार असिस्टेंट प्रोफेसर फिजिक्स के मार्गदर्शन में कृतिका ने एमएससी प्रोजेक्ट का पूरा किया। साल 2021 से लगातार शोध कार्य में प्रयत्नशील रहने से यह उपलब्धि हासिल की है। कृतिका के दो शोध पत्र डॉ. अरुण कुमार और डॉ. अंजना के साथ प्रकाशित हो चुके हैं और इनके मार्गदर्शन और संस्तुति पत्र द्वारा ही कृतिका का विश्वविद्यालय में चयन हुआ। कृतिका जिला कांगड़ा के नूरपुर से संबंध रखती हैं। प्राचार्य प्रो. रामकृष्ण तथा वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. सुरेश शर्मा ने कृतिका को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

### डॉ. मनदीप होंगे नानाजी देशमुख विवि जबलपुर के कुलपति



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राज्यपाल एवं कुलाधिपति मंगुभाई पटेल ने नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय, जबलपुर का कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा को नियुक्त किया है। पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान महाविद्यालय पालमपुर हिमाचल प्रदेश के पूर्व डीन डॉ. शर्मा को कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से पांच वर्ष की समयावधि के लिए कुलपति नियुक्त किया गया है। डॉ. मंदीप शर्मा हिमाचल प्रदेश बिलासपुर जिला के गांव बड़ोआ के रहने वाले है। वह ग्रामीण पृष्ठभूमि से आते हैं। वह पशु चिकित्सा विज्ञान और पशुपालन में स्नातक हैं और मथुरा पशु चिकित्सा महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश से पशु चिकित्सा माइक्रोबायोलॉजी और इम्यूनोलॉजी के अनुशासन में एमवीएससी और पीएचडी हैं। उनके नाम राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं में 150 से अधिक शोध प्रकाशन, एक पुस्तक और कुछ पुस्तक अध्याय हैं। उन्हें राष्ट्रीय पशु चिकित्सा विज्ञान अकादमी के फेलो और भारतीय पशु चिकित्सा इम्यूनोलॉजी एंड बायोटेक्नोलॉजी सोसायटी के फेलो के रूप में सम्मानित किया गया है। डॉ. मंदीप शर्मा को कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों और सम्मानों से सम्मानित किया गया है।

### मंत्री राजेश धर्माणी का प्रवास कार्यक्रम तय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** टीसीपी, आवास एवं तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण तकनीकी मंत्री राजेश धर्माणी 14 व 16 अगस्त को घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न स्थानों का भ्रमण करेगें। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि 17 अगस्त को 10 बजे चुवाड़ी में राजकीय उच्च पाठशाला चुवाडी के नवनिर्मित कमरों का उद्घाटन करेगें। उसके उपरांत 11 बजे भराड़ी में खंड स्तरीय किसान मेले में बतौर मुख्यतिथि शिरकत करेगें। तदोपरांत दो बजे बिलासपुर के बचत भवन में आयोजित राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

### कांग्रेस तालाबंदी की सरकार : राजेंद्र गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा एचआरटीसी बसों में सफर करने वाली महिलाओं को 50 प्रतिशत छूट को घटाकर अब 25 प्रतिशत छूट करने के निर्णय को प्रदेश की महिलाओं को सरकार की तरफ से रक्षाबंधन का तोहफा बताया है। साथ ही उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों को एचआरटीसी बसों में निशुल्क सफर करने की सुविधा को भी वर्तमान सुक्खू सरकार बंद कर छात्रों से न्यूनतम बस किराया वसूलने जा रही है। जिस पर पिछली कैबिनेट बैठक में चर्चा भी हुई है और इससे साफ हो चला है कि प्रदेश की जनता को सुविधा देने के नाम पर सत्ता में आई कांग्रेस सरकार धीरे-धीरे सुविधाओं पर तालाबंदी की सरकार बनती जा रही है। वहीं राजिंद्र गर्ग का आरोप है कि एक तरफ वर्तमान कांग्रेस सरकार ने डेढ़ वर्षों के कार्यकाल में ही 30 हजार करोड़ का कर्जा ले लिया है तो दूसरी तरफ दरों पर दरें बढ़ाने का काम भी सरकार कर रही है। जिसका नतीजा है कि स्कूल शिक्षा बोर्ड की फीस में इजाफा, एफिलेशन की फीस में बढ़ोतरी और परीक्षा फीस में भी बढ़ोतरी कर सरकार हर दिशा से केवल पैसा इकट्ठा कर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने का काम कर रही है।

### वाहन को मारी टक्कर, गाली- गलौच कर की मारपीट

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी।** पुलिस थाना पंचरुखी के तहत देश राज, उत्तम चंद तथा सेना देवी ने हरीश कुमार निवासी बनूरी की गाड़ी नंबर एचपी 37ए9850 को टक्कर मारी तथा रास्ता रोककर इसके साथ गाली- गलौच व मारपीट की। इस संदर्भ में भारतीय न्याय संहिता की धारा 126 (2), 115 (2), 352, 351 (2), 324 (4), 3 (5) में दर्ज किया गया है।

## बस में मुफ्त यात्रा और आई कार्ड के दुरुपयोग का मुद्दा

# राज्य के पुलिस कर्मियों में रोष

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

बस में मुफ्त यात्रा और आई-कार्ड के दुरुपयोग के मुद्दे पर पुलिस कर्मियों और कर्मचारियों में काफी रोष पनप गया है और मंत्री को नोटिस भेजा जाएगा। इससे पुलिस की छवि और भावनाओं को ठेस पहुंची है। मामला कोर्ट में भी जा सकता है। आई-कार्ड पर हिमाचल प्रदेश पुलिस की एचआरटीसी बसों में यात्रा का किराया 220 रुपए प्रति माह है। 18 हजार पुलिस कर्मियों और कर्मचारियों द्वारा एक माह में करीब 45 लाख रुपए सरकार को दिए जाते हैं यानी साल में करीब 5 करोड़ रुपए एचआरटीसी बसों के लिए सरकार को दिए जाते हैं, वह भी सरकारी ड्यूटी है।

अगर ऐसा करना ही है तो मंत्री द्वारा प्रेस कांफ्रेंस में जो मुफ्त यात्रा और दुरुपयोग जैसे शब्द कहे गए हैं, वह निंदनीय हैं और पुलिस की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले बयान हैं। इससे हिमाचल प्रदेश के करीब 18 हजार पुलिस कर्मियों और

**न्यायालय में जा सकता है पुलिस कल्याण संघ**



कर्मचारियों की छवि भी धूमिल हुई है। मानसिक तनाव भी काफी है जो सरकार के हित में नहीं है।

हाल ही में पुलिस कल्याण संघ (रजि.) की एक बैठक शिमला के प्रदेश अध्यक्ष रमेश चौहान की अध्यक्षता में हुई, जिसमें यह प्रस्ताव पारित किया गया है कि सरकार के मंत्री ने कहा कि पुलिसकर्मी एचआरटीसी की बसों में मुफ्त यात्रा करते हैं तथा आई कार्ड का दुरुपयोग होता है, जिससे एचआरटीसी को भी घाटा हो रहा है। मंत्री के उपरोक्त बयान का हिमाचल प्रदेश पुलिस कल्याण संघ (रजि.) ने कड़ा संज्ञान लेते हुए मंत्री को नोटिस जारी करने का निर्णय लिया है। यदि आवश्यक हुआ तो उपरोक्त मामले को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में भी उठाया जा सकता है। क्योंकि उपरोक्त मामला पुलिस जवानों व कर्मचारियों के अनुशासन (डिसिप्लिन फोर्स) से जुड़ा हुआ है, इसके अलावा यदि पुलिस आई कार्ड बंद है तो ड्यूटी पर जाने से पहले अग्रिम भत्ता दिया जाए तथा नए स्केल पर अतिरिक्त वेतन दिया जाए तथा पुलिस जवानों व कर्मचारियों की ड्यूटी 8 घंटे की हो तथा सप्ताह में एक अवकाश पुलिस अधिनियम 2007 की धारा 108 के अनुसार दिया जाए, जैसा कि पुलिस अधिनियम में सरकार द्वारा उपरोक्त प्रावधान किया गया है।

आगामी बैठक 26 अगस्त 2024 को शिमला में होगी और उस बैठक में कड़े निर्णय लिए जाएंगे यदि तब तक सरकार ने पुलिस आई कार्ड बहाल नहीं किया तथा उपरोक्त मामले में आवश्यक कार्रवाई नहीं की।

## हिमाचल में 3 दिन मौसम रहेगा खराब

**अनंत ज्ञान, शिमला।** हिमाचल में बारिश थामने का नाम नहीं ले रही है। अब फिर तीन दिनों तक मौसम खराब रहेगा। लगातार हो रही बारिश से तबाही का मंजर भी देखने को मिल रहा है। अगस्त में अभी तक 21 फीसदी से अधिक बारिश रिकॉर्ड की गई है। अगले कुछ दिन मौसम फिर से सताने वाला है, इसके लिए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में खराब मौसम का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 16 अगस्त तक खराब मौसम का येलो अलर्ट जारी किया गया है। इस दौरान प्रदेश के विभिन्न स्थानों में हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है और कुछ क्षेत्रों में भारी बारिश की भी संभावना है। अगस्त में चंबा, किन्नौर और लाहौल स्पीति में सामान्य बारिश दर्ज की गई है। वहीं प्रदेश में मानसून के दौरान 22 फीसदी कम बारिश रिकॉर्ड की गई है। कांगड़ा, मंडी, सिरमौर, ऊना, बिलासपुर और शिमला में मानसून के दौरान सामान्य बारिश दर्ज की गई है और अन्य जिलों में अधिक बारिश दर्ज की गई है।

# एसएफआई ने जिले के कॉलेजों में किया विरोध-प्रदर्शन



एसएफआई के सदस्य विरोध-प्रदर्शन करते हुए।

**अनंत ज्ञान, शिमला**

एसएफआई शिमला जिला के कॉलेजों के अंदर एसएफआई ने विरोध प्रदर्शन व कैंडल मार्च के माध्यम से कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ऑन-ड्यूटी प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या और बलात्कार पीड़िता के लिए गहरी संवेदना प्रकट की ओर साथ ही में सत्तारूढ़ टीएमसी सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

एसएफआई जिला सचिव कमल का कहना है की कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ऑन-ड्यूटी प्रशिक्षु डॉक्टर की हत्या और बलात्कार की घटना निर्भया मामले को दोहराती है और यह घटना पश्चिम बंगाल की प्रदेश सरकार की महिला सुरक्षा पर बड़े गहरे सवाल खड़ा करता है और किस तरह सरकार यह मुद्दा सिर्फ हत्या से जोड़कर खत्म कर देना चाहती थी लेकिन छात्रों के आन्दोलन से सरकार पर दबाव के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा जहां पता चलता है की पीड़िता को हत्या व बलात्कार हुआ है।

एसएफआई शिमला जिला कमेटी छात्रों से अपील करती है की इस जघन्य अपराध के खिलाफ व पीड़िता के परिवार को न्याय देने में राष्ट्रव्यापी सत्तर पर विरोध दर्ज करें।

## पीएम श्री स्कूलों की दो छात्राएं नई दिल्ली के स्वतंत्रता दिवस समारोह होंगी शामिल

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के पीएम श्री विद्यालय की दो छात्राओं को नई दिल्ली में होने वाले 78 वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। दोनों छात्राएं अन्य बच्चों के साथ 13 से 16 अगस्त तक नई दिल्ली में रहेंगी।

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टूटू की 12वीं की छात्रा मिशल राठौर और पीएम श्री राजकीय वरिष्ट माध्यमिक पाठशाला सुन्नी की 12वीं की छात्रा स्नेहा शर्मा नई दिल्ली में होने जा रहा 15 अगस्त के स्वतंत्रता दिवस समारोह में शामिल होंगीं। दरअसल केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय द्वारा देशभर के पीएम श्री स्कूलों के 100 विद्यार्थियों को दिल्ली में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में आमंत्रित किया गया है। ये बच्चे युद्ध स्मारक, इंडिया गेट, प्रधानमंत्री संग्रहालय और प्रतिष्ठित स्थानों को देखने भी जाएंगे। हिमाचल से मिशल राठौर व स्नेहा शर्मा का चयन किया गया है। इन छात्राओं का चयन उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और उल्लेखनीय गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के आधार पर किया गया है। ये चयनित विद्यार्थी उनके शिक्षकों और माता-पिता द्वारा प्रदान की गई कड़ी मेहनत और समर्थन का प्रमाण है।

स्वतंत्रता दिवस समारोह में इन बच्चों के शामिल होने से अन्य विद्यार्थियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा। उल्लेखनीय है कि समग्र शिक्षा स्मार्ट क्लासरूम, लैब सहित अन्य सुविधाएं स्कूलों में उपलब्ध करा कर बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए कदम उठा रहा है। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने भी हिमाचल में 180 स्कूलों को पीएम श्री स्कूलों में अपग्रेड करने का फैसला लिया है, जिनमें साइंस लैब, लाइब्रेरी, खेल मैदान जैसी कई सुविधाएं होंगी।

## छात्राओं को एंटी रैगिंग के कानूनी पहलुओं से करवाया रू-ब-रू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला सेंट बीड्स कॉलेज में एंटी रैगिंग वीक के दौरान सेमिनार का आयोजन किया गया, इसमें हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में महाधिवक्ता अनूप रतन ने बतौर की नोट स्पीकर शिरकत की। अतिरिक्त महाधिवक्ता सुशांत कपरेट उनके साथ मौजूद रहे। एजी अनूप रतन ने छात्राओं को एंटी रैगिंग के कानूनी पहलुओं से रू-ब-रू करवाया।

एंटी रैगिंग अधिनियम 2009 का विस्तृत परिचय छात्राओं को दिया। हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में महाधिवक्ता अनूप रतन ने कहा कि सेंट बीड्स कॉलेज की ओर से एंटी रैगिंग वीक में एक सेमिनार का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने छात्रों को हिमाचल प्रदेश एंटी रैगिंग अधिनियम 2009 की विस्तृत जानकारी छात्रों को दी।

# स्वतंत्रता दिवस : रिहर्सल में पुलिस के जवानों ने बहाया पसीना

**अनंत ज्ञान , शिमला**

शिमला के रिज मैदान पर मनाए जाने वाले जिला स्वतंत्रता दिवस की परेड को लेकर रिहर्सल शुरू हो गई है। रिहर्सल में पुलिस के जवानों ने खूब पसीना बहाया। परेड में 10 से 12 टुकड़ियां भाग लेंगी।

पुलिस, होमगार्ड, एनसीसी और एनएसएस सहित अन्य दल भाग ले रहे है। परेड को लेकर हो रही रिहर्सल के दौरान रिज मैदान पर खासा उत्साह देखने को मिला। लोग ने भी रिहर्सल को देखने का भारी मात्रा में लुत्फ उठाया। 15 अगस्त को विभन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए जाएंगे। समारोह के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए है।



स्वतंत्रता दिवस को लेकर रिहर्सल करते पुलिसकर्मी।

## सुपर स्पेशियलिटी चमियाना में ओपीडी शुरू

**अनंत ज्ञान, शिमला।** अटल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी चमियाना में सोमवार को 6 विभागों की ओपीडी शुरू हो गई है। आईजीएमसी के इस नए परिसर में पहले दिन 352 मरीजों ने विभिन्न विभागों में जांच करवाई। सबसे ज्यादा 121 मरीज यूरोलॉजी विभाग में आए जबकि सबसे कम मात्र एक मरीज नेफ्रोलॉजी में पहुंचा।

चिकित्सा क्षेत्र में डॉक्टरों और सहायक कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए प्रदेश सरकार ने इंदिरा गांधी चिकित्सा महाविद्यालय (आईजीएमसी) शिमला और अटल इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल सुपर स्पेशियलिटी चमियाना चमियाना में विभिन्न श्रेणियों के 489 नए पदों का सृजन कर भरने की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सभी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने को प्राथमिकता दे रही है।

# नयना देवी में 70 हजार श्रद्धालुओं ने किया अष्टमी पूजन

**मुकेश गौतम, श्री नयना देवी जी**

हिमाचल प्रदेश के विश्व विख्यात शक्तिपीठ श्री नयना देवी जी में 70 हजार की संख्या में श्रद्धालुओं ने अष्टमी पूजन किया। अपने घर परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली व अन्य राज्यों से सुबह से ही मंदिर श्रद्धालुओं का जमावड़ा लगा रहा। हालांकि, मंदिर के द्वार सुबह 2 बजे दर्शनों के लिए खोल दिए गए थे, लेकिन श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माता के दरबार में लगातार उमड़ती रही। जिला प्रशासन मंदिर न्यास पुलिस के द्वारा पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल और मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर मंदिर क्षेत्र में डटै रहे और व्यवस्था का जायजा लेते रहे। पुलिस अधिकारी शिव चौधरी और डीएसपी विक्रांत भी समय-समय पर कानून व्यवस्था का जायजा लेते रहे। मेले के दौरान अभी तक किसी भी प्रिया घटना का समाचार नहीं है। श्रद्धालुओं को आराम से लाइनों में माता जी के दर्शन के लिए भेजा जा रहा है। अष्टमी के



शक्तिपीठ श्री नयना देवी मंदिर में लगी श्रद्धालुओं की लाइनें।

उपलक्ष्य पर जहां पर श्रद्धालुओं ने हवन-यज्ञ व पूजा-अर्चना की और अपने परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

मेला अधिकारी शिव चौधरी ने पत्रकारों को बताया कि पिछले चार-पांच दिनों से लगातार श्रद्धालुओं की संख्या में बढ़ोतरी हुई है, जिसके चलते पुलिस पूरी तरह सतर्क है। ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं, जबकि मंदिर न्यास के अध्यक्ष धर्मपाल का कहना है कि मेले में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम जारी है।

मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने बताया कि मंदिर न्यास को सातवें नवरात्र पर चढ़ावे में 19 लाख 47 हजार 186 रुपए नकद, सोना 19 ग्राम 700 मिली ग्राम, चांदी 4 किलो 172 ग्राम चढ़ावे के रूप में प्राप्त हुआ है। (अनंत ज्ञान)

## तिरंगा यात्रा में पहुंचे पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग

**घुमारवीं।** स्वतंत्रता दिवस के इस पर्व को खास अंदाज में मनाने व लोगों के दिलों में देशभक्ति की अलख जगाने के मकसद से भारतीय जनता पार्टी द्वारा तिरंगा यात्रा व हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। जिसके मद्देनजर बिलासपुर जिला के घुमारवीं क्षेत्र में मंगलवार को हर घर तिरंगा अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजिंद्र गर्ग ने की। वहीं इस यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देशभक्ति के नारे लगाए। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने भारत माता की जय का उद्घोष कर माहौल को देशभक्ति के रंग में रंग दिया। वहीं यह तिरंगा यात्रा दकड़ी चौक से शुरू होते हुए मुख्य बाजार, गांधी चौक, भगेड़ चौक पर समाप्त हुई। वहीं, गर्ग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान शुरू किया गया है। जिसके चलते घर-घर तिरंगा लहराकर हम सभी को स्वतंत्रता सेनानियों के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करनी है और 15 अगस्त तक स्वतंत्रता दिवस के खास अवसर पर हर घर में राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा लहराना है।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के लिए आवेदन 24 अगस्त तक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बाल विकास परियोजना अधिकारी सदर सुनिल कुमार ने जानकारी दी कि आंगनबाड़ी केंद्रों में रिक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं के पद भरने हेतु इच्छुक स्थानीय महिलाओं से 24 अगस्त तक निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिकाओं को सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर प्रतिमाह मानदेय दिया जाएगा। इसके लिए शैक्षणिक योग्यता बाहरवीं कक्षा हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड या इससे मान्यता प्राप्त बोर्ड से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र 24 अगस्त तक बाल विकास परियोजना सदर जिला बिलासपुर के कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। उन्होंने बताया कि रिक्त पद आंगनबाड़ी केंद्र बगड़, नाल कुणाला, वार्ड नंबर-11 (अर्बन), घ्याल, चडाउ, दगशेच, डाबर, नोग-2, बामटा, कंदरौर, चकली पलेड, बाडनू सायर 2, कसोल-1, रोपा में भरे जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आवेदक संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के सर्वे से ही होना चाहिए। आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदक के परिवार की वार्षिक आय पचास हजार से कम होनी चाहिए। इन रिक्त पदों के लिए साक्षात्कार 30 अगस्त को उपमंडल अधिकारी सदर जिला बिलासपुर के कार्यालय में होगा। इच्छुक महिला उम्मीदवार सादे कागज पर आवेदन अपने पूर्ण विवरण दस्तावेजों/प्रमाण पत्रों की स्वसत्यापित छाया प्रतियों सहित 24 अगस्त को सायं 5 बजे तक कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

## मंत्री गोमा बिलासपुर में फहराएंगे राष्ट्रीय ध्वज

**बिलासपुर।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह में आयुष, युवा सेवाएं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होंगे। यह जानकारी उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक ने दी। उन्होंने बताया कि 15 अगस्त को मुख्यातिथि आदर्श रावमापा छात्र के खेल मैदान में आयोजित समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। मुख्यातिथि प्रात: 10.45 पर शहीद स्मारक चंगर में माल्यार्पण करेंगे। 11.02 बजे समारोह स्थल पर ध्वजारोहण करेंगे। उसके उपरांत परेड का निरीक्षण कर मार्च पास्ट की सलामी लेंगे और जिलावासियों को अपना शुभ संदेश देंगे। उन्होंने बताया कि परेड में पुलिस बल, होमगार्ड तथा विभिन्न शिक्षण संस्थानों के एनसीसी और एनएसएस कैडेट्स भाग लेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में आने वाले दर्शकों के लिए बैठने की उचित व्यवस्था होगी। उन्होंने जिलावासियों से आग्रह किया है इस आयोजन में बढ-चढ़कर भाग लें।

**गौरव** आजादी की 77वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत

# भारतीय जनता युवा मोर्चा ने तिरंगा यात्रा निकाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

आजादी की 77वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मंगलवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा की सदर मंडल इकाई ने तिरंगा यात्रा निकाली। कंदरौर से जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक तक निकाली गई तिरंगा यात्रा के दौरान दोपहिया वाहनों पर सवार युवाओं ने 'भारत माता की जय' जैसे उद्घोष बुलंद आवाज में लगाए।

अहम बात यह रही कि 'हर घर तिरंगा' अभियान के लिए देश के 5 राज्यों के प्रभारी बनाए गए बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने तिरंगा यात्रा में न केवल उपस्थिति दर्ज करवाई, बल्कि खुद दोपहिया वाहन चलाते हुए इसका नेतृत्व भी किया। शहीद स्मारक पर पहुंचकर उन्होंने और भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने शहीदों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। जम्वाल ने





भाजयुमो कार्यकर्ताओं के साथ तथा (दाएं) मोटरसाइकिल पर तिरंगा यात्रा निकालते विधायक त्रिलोक जम्वाल।

कहा कि लंबे संघर्ष के बाद 15 अगस्त 1947 को गुलामी की जंजीरों से मुक्त होने वाला भारत इस बार स्वतंत्रता की 77वीं वर्षगांठ मनाने जा रहा है। देश को आजाद करवाने में लाखों वीर जवानों और स्वतंत्रता सेनानियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आजादी की इस लड़ाई में बड़ी संख्या में शूरवीर सर्वोच्च बलिदान देने से भी पीछे नहीं हटे।

मातृभूमि की आजादी के लिए उन्होंने हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उनका यह ऋण न तो कभी चुकाया जा सकता है और न ही उनके बलिदान को कभी भुलाया जा सकता है। आजादी के इस पर्व में हर देशवासी की सहभागिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत कई तरह के कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इन कार्यक्रमों में युवाओं का जोश और उत्साह देखते ही बन रहा है। उन्होंने भाजयुमो कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वे सभी लोगों को 15 अगस्त को अपने घरों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर तिरंगा लगाने के लिए प्रेरित करें।

कंदरौर से शुरू हुई तिरंगा यात्रा की अगुवाई त्रिलोक जमवाल ने दोपहिया वाहन की ड्राइविंग सीट संभालकर खुद की। उनके नेतृत्व में भाजयुमो कार्यकर्ता कंदरौर से चांदपुर, कोठी चौक, रौड़ा सेक्टर, गुरुद्वारा चौक, कॉलेज चौक व कोर्ट रोड होते हुए शहीद स्मारक पहुंचे, जहां मातृभूमि के लिए मर-मिटने वाले रणबांकुरों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करके उन्हें नमन किया गया। तिरंगा यात्रा में भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान, जिला परिषद अध्यक्ष विमला, नगर परिषद के अध्यक्ष कमल गौतम, पूर्व पार्षद नरेंद्र पंडित, भाजपा शहरी इकाई अध्यक्ष मदन राणा, बीडीसी सदस्य अशोक शर्मा, युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष मनोज चंदेल समेत युवा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

## न्यूज ब्रीफ

### आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक ने सीएम से की भेंट



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के क्षेत्रीय निदेशक अनुपम किशोर ने मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से भेंट की। उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में हो रही प्रगति के अलावा हिमाचल प्रदेश में वित्तीय साक्षरता और समावेशन में सुधार के उद्देश्य से शुरू की गई विभिन्न पहलों के बारे में चर्चा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आर.बी.आई. को देश के लिए उत्कृष्ट सेवाओं की 90वीं वर्षगांठ पर बधाई दी।

### पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत

**अनंत ज्ञान, परवाणु।** थाना परवाणु के तहत एक तेज रफ्तार पिकअप की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक अमर पौंडल हाल सिक्योरिटी गार्ड, सतगुरु इंडस्ट्री सैक्टर 6 परमाणु, जिला सोलन ने बताया कि शाम के समय जब यह उपरोक्त कंपनी गेट पर ड्यूटी पर मौजूद था, तो एक पिकअप जिसका नंबर पढ़ा नहीं सका, सेब मंडी की तरफ से बहुत तेज रफ्तार में मेन रोड सेक्टर-6 परमाणु की तरफ गई और उक्त पिकअप की खिड़की से एक युवका जिसका नाम बाद में इसे हैप्पी पुत्र बलिराम, निवासी गांव गुरला सेक्टर-3 परमाणु ज्ञात हुआ, सड़क में गिर गया और पिकअप के पिछले टायर के नीचे आ गया।

### बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर आक्रोश



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध सरकाघाट बाजार में आक्रोश व्यक्त किया गया। बांग्लादेश में उपद्रवी हिंदुओं के घरों दुकानों सहित मंदिरों को निशाना बना रहे हैं।इतना ही नहीं हिंदुओं को घर से निकालकर उनकी हत्याएं तक की जा रही है। ऐसे में साफ है कि उपद्रवियों को महज हिंदुओं को देश से बाहर निकालने का इरादा है। यह बहुत ही निंदनीय है ।ऐसे में इस तरह की हरकत को कतई सहन नहीं किया। जाएगा इसके लिए सख्त कदम उठाए जाने की जरूरत है। ताकि हिंदुओं की जान बचाई जा सके। यह मांग विश्व हिंदू परिषद तथा सामाजिक, धार्मिक तथा हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने राष्ट्रपति से की विश्व हिंदू परिषद जिला अध्यक्ष प्रकाश चंद की अध्यक्षता में उपमंडल अधिकारी नागरिक सरकाघाट के माध्यम से राष्ट्रपति प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। गया है। इस मामले में संयुक्त राष्ट्र संघ के हस्तक्षेप की मांग करते हुए यह सब बंद करने और हिंदुओं को संरक्षण देने की मांग विश्व हिंदू परिषद करता है। ऐसे में उनके खिलाफ सख्त कदम उठाने की जरूरत है।

### 28,140 प्रतिबंधित गोलियों के साथ युवक दबोचा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** जिला बद्दी पुलिस ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में नशीली गोलियों समेत बड़े सप्लायर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को पकड़ते हुए इन नशीली गोलियों को युवाओं तक पहुंचने से पहले रोका दिया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस ने रूटीन चैकिंग के दौरान गांव वोदला पक्की सड़क के पास एक पिकअप गाड़ी टाटा योद्धा को रोका जिसकी तलाशी लेने पर डिफेनोक्सिलेट व एट्रोपिन सल्फेट लोमोटिल की 28,140 नशीली गोलियां बरामद की। आरोपी की पहचान वीर चंद पुत्र पोहू लाल निवासी कालीबड़ी जोघों नालागढ़ को गिरफ्तार किया।

### भाजपा के नवनियुक्त विधायक सम्मानित



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा विधायक दल की बैठक नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर की अध्यक्षता में विली पार्क में हुई। बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल विशेष रूप से उपस्थित रहें। भाजपा विधायक रणधीर शर्मा ने बताया की विधायक दल की बैठक में आपदा में मृत लोगो को लेकर 2 मिनट का मौन भी रखा गया। बैठक में 3 नवनियुक्त विधायकों को भी सम्मानित किया गया। बैठक में विनोद कुमार, रणधीर शर्मा, सुधीर शर्मा, इंदर गांधी, इंद्र लखनपाल, त्रिलोक जमवाल, आशीष शर्मा, जीतराम कटवाल, विपिन परमार, सुखराम चौधरी, राकेश जमवाल, बलबीर वर्मा, सुरिंदर शौरी, दिलीप ठाकुर, पूर्ण चंद, डीएस ठाकुर, रणबीर निक्का, दीपराज कपूर, लोकिंदर कुमार उपस्थित रहें।

### 15 से तीन दिवसीय दौरे पर अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, शिमला।** पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 15 अगस्त से तीन दिवसीय दौरे पर अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र, हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। अनुराग ठाकुर 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला भाजपा कार्यालय ऊना में ध्वजारोहण करेंगे। इसके उपरांत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा भी करेंगे। अनुराग ठाकुर 16 व 17 अगस्त को जिला हमीरपुर में रहेंगे।

### शिमला में हर घर तिरंगा अभियान यात्रा



**अनंत ज्ञान, शिमला ।** हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत शिमला भाजपा मंडल द्वारा हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा मोर्चा के शहरी अध्यक्ष श्याम शर्मा द्वारा की गई, यात्रा में मुख्यरूप से प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, मंडल अध्यक्ष सुनील धर, प्रत्याशी संजय सूद, सह मीडिया प्रभारी सुदीप महाजन, रमा ठाकुर, जिला अध्यक्ष प्रेम ठाकुर, सुरेश भारद्वाज, गणेश दत्त उपस्थित रहे।

# चंद्र कुमार की अध्यक्षता में सीएम से मिला पशु चिकित्सा अधिकारी संघ

## मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए दिया 11 लाख रुपए का चेक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. नीरज मोहन और महासचिव डॉ. मधुर गुप्ता ने राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ पशु पालन मंत्री चंद्र कुमार की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की और मुख्यमंत्री को 11 लाख रुपए का चैक मुख्यमंत्री राहत कोष में भेंट किया।



पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के पदाधिकारी मुख्यमंत्री को राहत कोष के लिए 11 लाख रुपए का चेक भेंट करते हुए ।

हिमाचल प्रदेश पशु चिकित्सा अधिकारी संघ के महासचिव डॉ. मधुर गुप्ता ने बताया की संकट की इस घड़ी में संघ ने मदद का हाथ बढ़ाते हुए कहा है कि राज्य और उसके लोगों के लिए इस कठिन समय में पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सक सरकार के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़े हैं।

संघ ने आपदा और उससे उत्पन्न चुनौतियों को कम करने के लिए सरकार के प्रयासों की सराहना की। डॉ. गुप्ता ने कहा कि विभाग के पशु चिकित्सक पशुधन, किसानों और आम जनता के कल्याण के लिए आपदा प्रभावित क्षेत्र में काम कर रहे हैं तथा पशुपालन में सरकार की अच्छी पहल के लिए मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया और कहा कि राज्य में पशु चिकित्सा अधिकारियों की हालिया भर्ती ने वर्तमान कठिन परिदृश्य में दूरदराज के इलाकों में लोगों को अपने पशुधन की भलाई में मदद की है।

पशु चिकित्सा अधिकारी संघ ने पशुपालन मंत्री हिमाचल सरकार चंद्र कुमार का भी विभाग और राज्य के पशुपालकों के लिए उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, दूरदर्शिता और योगदान के लिए धन्यवाद किया और कहा की चंद्र कुमार की मंत्री परिषद में विभाग दिन दोगुनी रात चौगुनी तरक्की कर रहा है जिस से प्रदेश के पशु पालकों में हर्ष और उल्लास का माहौल है।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के सचिव राकेश कंवर और निदेशक डॉ प्रदीप कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

ADMISSION OPEN
DMLT | DOTT | DRIT | B.MLT | B. OTT
B.RIT | BMLT(LE) | MSc MLT | MSc MICRO
MSc MEDICAL | MICROBIOLOGY | BCA
MCA | MBA | BA | MA | BBA | HM | LAW
REASONABLE FEES ₹16500/- PER SEMESTER
NIMT - MOHALI: 7307307171

## सोलन कॉलेज के दो वालंटियर स्वतंत्रता दिवस समारोह में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, सोलन**

पीजी कॉलेज सोलन के दो राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के दो वालंटियर अंकुश व रक्षिता 15 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में विशेष अतिथि के रूप में भाग लेंगे।





पीजी कॉलेज सोलन की एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर प्रियंका मुल्तानी ने बताया कि नई दिल्ली में होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह में संपूर्ण हिमाचल प्रदेश के 8 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं। इनमें से दो स्वयंसेवी सोलन कॉलेज से हैं, जिनका चयन राज्य एनएसएस अधिकारी एवं युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय भारत सरकार के क्षेत्रीय निदेशालय चंडीगढ़ की ओर से 'मेरी माटी मेरा देश' में सेवाएं देने के लिए किया गया है। एनएसएस में अपनी विशेष सेवाओं के लिए ये विद्यार्थी प्रधानमंत्री की उपस्थिति में आयोजित स्वतंत्रता समारोह का हिस्सा बनेगें।

डॉ. प्रियंका मुल्तानी ने बताया कि सोलन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना में यह अवसर पूर्व में किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदान किया गया है।

## युवक ने फंदा लगाकर की आत्महत्या

**अनंत ज्ञान, नाहन ।** नाहन शहर में एक युवक ने फंदा लगाकार अपनी जान दे दी। मृतक की पहचान 24 वर्षीय आर्यन पुत्र उमेश निवासी कच्चा टैंक, नाहन के तौर पर हुई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मृतक के रिहायशी कमरे से एक सुसाइड नोट और पेन भी बरामद हुआ है, जिसे पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है।

अभी तक फंदा लगाने के कारणों का पतना नहीं चल पाया है। पुलिस ने बताया जल्द ही मौत के कारणों का पता चल जाएगा।

## राजस्व विभाग में 61 नायब तहसीलदारों के तबादले, अधिसूचना जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में राजस्व विभाग में तबादलों का क्रम जारी है। इस कड़ी में तहसीलदारों के तबादलों के अगले दिन मंगलवार को सरकार ने राजस्व विभाग में 61 नायब तहसीलदारों के तबादले किए हैं। इसको लेकर सरकार की ओर से राजस्व विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। इसके तहत मदन लान को ऊना से फतेहपुर भेजा गया है।

इसी तरह तेंजिन डोलमा को डीसी शिमला से कुमारसैन तथा सुशांत ठाकुर को कुमारसैन से उपायुक्त कार्यालय शिमला लगाया गया है। इसी तरह जितेंदर शर्मा को कांगड़ा से सब तहसील जोल ऊना, इक्काल सिंह को ज्वालामुखी से सब तहसील मेहतपुर, किरण देवी को मैहतपुर बसदेहड़ा से तहसील ऑफिस ज्वालामुखी, अरविंद कुमार को धारवाला चम्बा से सब तहसील लागरू कांगड़ा, नीरज बाला को लागरू से तहसील ऑफिस खुंडियां कांगड़ा, आयुब मोहम्मद को नूरपुर से सब तहसील पुखरी चम्बा, विजय सिंह को पुखरी से थुरल कांगड़ा, राजेश कुमार को होली से नगरोटा, देवेंद्र कुमार को होली चम्बा, राकेश कुमार को भलेई से चामुंडा कांगड़ा, कंवर युद्ध अभय सिंह को सराहां से जुब्बल शिमला लगाया गया है।

राजन शर्मा को जसवां कोटला से दुलैहड़ ऊना, राजकुमार को दुलेहर से जसवां कोटला कांगड़ा, इंदिरा वर्मा को मूरंग से टिक्कर शिमला, प्रतीक ठाकुर को कोटखाई से शालाघाट सोलन, कलाम सिंह को शालाघाट से कोटखाई, प्रेम चंद को रोनहाट से कलबोग शिमला, मदन लाल को कलबोग से रोनाट सिरमौर, बलवंत सिंह पटियाल को कांगड़ा से जाहू हमीरपुर, कृष्ण लाल को धुंधन से पंजेरा सोलन, परवेश कुमारी को देहरा से हरोली ऊना, कांशी राम को छतरी से आनी कुल्लू, टेक चंद को आनी से निहरी मंडी, महेश चंद को निहरी से छत्री मंडी, संजीव कुमार को संधोल से रिवालसर, इंद्र कुमार को जुन्गा से माजरा सिरमौर, रविंद्र सिंह माजरा से दाड़लाघाट, ललित कुमार को दाड़लाघाट से कुनिहार, राजेंद्र सिंह को कुनिहार से जुन्गा, भीषम सिंह को सोलन से तहसील शिमला शहरी, अशोक कुमार शिमला शहरी से कसौली, खेम चंद को कसौली से कंडाघाट, चंद राम को कंडाघाट से शिमला ग्रामीण, जगदीश शर्मा को शिमला ग्रामीण से तहसील ऑफिस सोलन, रीतु शर्मा को शिमला से उप तहसील जलोग शिमला लगाया गया है।

विजय कुमार को ईसपुर से जयसिंहपुर, शुभ कुमार को जयसिंहपुर से ईसपुर ऊना, राजीव कुमार को हमीरपुर से आलमपुर कांगड़ा, रमन कुमार को आलमपुर से एसएनटी सर्कल हमीरपुर-वन, सुरजीत सिंह को चम्बा से राजा का तालाब कांगड़ा, बलदेव राज को राजा का तालाब से तहसील ऑफिस चम्बा, गुरुमुख सिंह को सिंहुता से बैजनाथ कांगड़ा, रूप सिंह को बैजनाथ से धरवाल चम्बा, रोहित झारटा को सुलह से देहरा, प्रकाश चंद को धीरा से सुलह कांगड़ा, इंद्र पाल को सुंदरनगर से भुंतर कुल्लू, धर्मेंद्र शर्मा को कटुला से जरी कुल्लू, हेमराज शर्मा को जारी से कटुला मंडी, सुखदेव को थाची से श्री नयना देवी टैंपल ऑफिसर बिलासपुर, राजदीन को देहर जिला मंडी से उप तहसील ऑफिस बिलासपुर, प्यारे लाल को मंडलायुक्त कार्यालय मंडी सो उप तहसील भराड़ी बिलासपुर, कृष्ण चंद को भराड़ी से देहर मंडी, पुष्पेंद्र सिंह नित्थर से एसएनटी सर्कल घुमारवीं बिलासपुर, इंद्रदेव को नालागढ़ से चिड़गांव, मोहन लाल को पूह से शिलाई, स्वतंत्र कुमार को घनेरी से चुराह चम्बा, गगन सिंह को चुराह से नूरपुर और दयानंद शर्मा को राजगढ़ से बदलकर रोहड़ू लगाया गया है।

## मेले एवं त्योहार आपसी मेल-जोल व भाईचारा बनाए रखने में सहायक : जगत सिंह नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजस्व, बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिला के पूह में तीन दिवसीय ग्रीष्म महोत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मेले एवं त्यौहारों के माध्यम से जनजातीय जिला किन्नौर के लोगों में कठिन भौगोलिक परिस्थितयों के बावजूद भी आपसी मेल-जोल व भाईचारा बरकरार है। नेगी ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार प्रदेश सहित जनजातीय जिलों की समृद्ध संस्कृति एवं धरोहरों के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए प्रतिबद्ध है तथा इनके आयोजनों में पूर्ण सहयोग प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि जनजातीय जिला किन्नौर की विविध संस्कृति, रीति-रिवाज, खान-पान व पहनावे को हमारी आने वाली पीढ़ी तक संरक्षित रखने के लिए इन मेले एवं त्यौहारों का आयोजन आवश्यक है ताकि हमारी संस्कृति से जो हमारी पहचान है वह हमारी आने वाली भावी पीढ़ी की भी रह सके।



नेगी ने कहा कि पूरे प्रदेश सहित जनजातीय जिला के उपेक्षित वर्गों के उत्थान एवं विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा निरंतर कार्य किए जा रहे हैं तथा सभी को मूलभूत सुविधाएं प्रदान कर प्रदेश का समग्र विकास सुनिश्चित करने की दिशा में प्रदेश सरकार अग्रसर है।

उन्होंने कहा कि प्रदेश के जिन क्षेत्रों में लोगों को बारिश व बाढ़ के कारण जान-माल का नुकसान हुआ है उनके साथ दृढ़ निश्चय के साथ खड़ी है तथा मौके पर पहुंच कर संवेदना तथा फौरी राहत प्रदान कर रही है। उन्होंने कहा कि हर मुश्किल घड़ी में वह लोगों के साथ खड़े हैं तथा हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर हैं। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा इस वर्ष से यूनिवर्सल कार्टन लागू किया गया है जो प्रदेश के बागवानों के हितों में लिए गए निर्णयों में से एक है।

इसके अलावा जनजातीय क्षेत्रों के भूमिहीन लोगों के लिए वन अधिकार अधिनियम-2006 के तहत शीघ्र ही भूमि भी उपलब्ध करवाई जाएगी ताकि भूमिहीन व्यक्ति को उसकी अपने नाम की जमीन उपलब्ध हो सके।

### किन्नौर में बनेगा जियोथर्मल सीए स्टोर

जगत सिंह नेगी ने किन्नौर जिला के टापरी में विश्व के पहले जियोथर्मल तकनीक से बनने जा रहे सीए स्टोर की आधारशीला रखी। इस दौरान आईसलैंड देश के एम्बेसडर बेनेडिक्ट हॉस्कुलडसन, कॉमर्शयल काउंसलर राहुल चोंगथम, जीयेट्रॉपी के चेयरमैन टोमस ओटो हानसन, कलेरा ग्रुप के सीईओ गुडमुनडूर थोर थोरमोडसन तथा जीयोथर्मल वैज्ञानिक उपस्थित थे।

राजस्व मंत्री ने कहा कि इस तकनीक से निर्मित होने वाले सीए स्टोर से जिला के बागवानों को सस्ती दरों में भंडारण की सुविधा उपलब्ध होगी। आईसलैंड व हिमाचल सरकार के मध्य समझौता ज्ञापन हस्ताक्षर किया गया, जिसके उपरान्त इस सीए स्टोर की आधारशीला रखी गई तथा विश्व का पहला जियोथर्मल तकनीक पर आधारित कोल्ड स्टोर जिला में निर्मित किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सहित जनजातीय क्षेत्रों के बागवानों की आर्थिकी में बढ़ावा लाने मद्देनजर कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं जिसमें सेब को प्रति रुपए किलो की दर से खरीदना व यूनिवर्सल कार्टन लागू करने के निर्णय शामिल हैं।

## मनाली में छह दिन से लापता युवती का शव बरामद


ब्यास नदी से लड़की के शव को बाहर निकालते पुलिसकर्मी।

**कमलेश वर्मा, मनाली**

पर्यटन नगरी मनाली के खखनाल से लापता युवती का शव मंगलवार को छह दिन बाद 15 मील मे ब्यास नदी मे बरामद हुआ है। युवती का शव ब्यास नदी मे फेंकने के आरोप मे पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार किया है।

युवती की मृत्यु के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम और फॉरेसिक रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए नेरचौक मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन ने बताया कि सात अगस्त को युवती अपने दोस्तों के साथ मिलने के लिए निकली थी, लेकिन घर नहीं लौटी। युवती के पिता ने पुलिस थाना मनाली मे इसकी शिकायत की थी। मंगलवार सुबह पुलिस ने 15 मील के समीप ब्यास नदी में युवती का शव बरामद किया। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवती अपने दो दोस्तों निशांत पुत्र रंजीत सिंह निवासी बड़ाग्रां जिला कुल्लू और अर्चित पुत्र रविंद्र शर्मा निवासी पंडोह जिला मंडी के साथ रही।

वह शनाग के समीप एक होटल मे ठहरे, जहां युवती की मौत हो गई। युवकों ने इसके बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए उसे 15 मील के समीप नदी मे फेंक दिया। महिला की आईडी और मोबाइल फोन भी बरामद हो गई है।

**जज्बे को सलाम**

### वर्ष 2028 तक खत्म हो जाएगी निकिता की डाक्टरी की पढ़ाई

# डॉक्टर ऑन व्हीलचेयर बनेगी निकिता चौधरी

**आशीष दमीर,कांगड़ा**

व्हीलचेयर पर बैठकर डॉक्टर बनने के सपने को जिला कांगड़ा के बड़ोह (बरेहड़) की रहने वाली निकिता चौधरी ने साकार किया है। अब निकिता चौधरी प्रदेश की पहली डॉक्टर ऑन व्हीलचेयर बन गई है।

निकिता चौधरी प्रदेश के सबसे बड़े दूसरे मैडिकल कॉलेज डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मैडिकल कॉलेज टांडा में एमबीबीएस की पढ़ाई कर रही है।

निकिता चौधरी से अपने संघर्ष के बारे बताया की उनका जन्म 19 जनवरी 2004 को हुआ। उनके पीता राजेश कुमार जोकि पीडब्ल्यूडी विभाग में नौकरी करते है। माता गृहणी है वह एक छोटा भाई है जोकि पढ़ रहा है। उनका बचपन से ही एक सपना था की वह डॉक्टर बने, जिसके लिए निकिता ने दिन-रात पढ़ाई कर पूरी मेहनत की। उसी मेहनत का परिणाम रहा जिस कारण निकिता



ने वर्ष 2022 में पहले ही प्रयास में नीट की परीक्षा पास की। निकिता चौधरी चल फिर नहीं सकती, लेकिन उनका हौंसला पहाड़ की तरह मजबूत था। निकिता टांडा मेडिकल कालेज में एमबीबीएस की दूसरे वर्ष की छात्रा है निकिता व्हील चेयर पर ही रहकर अपना सारा काम काज करती है। निकिता ने कहा की वह अपने आप पर गर्व महसूस करती है की एक अपाहिज होने के बाद भी उन्होंने वो मुकाम हासिल किया जोकि उनका सपना था। निकिता रोजाना पढ़ाई के लिए मेडिकल कालेज जाती है।

निकिता ने कहा कि वह कॉलेज परिसर के बाहर किराए के कमरे में रह रही है।, जिससे उसे कालेज आने-जाने में काफी दिकत होती है। निकिता ने इसके लिए कॉलेज प्रशासन से अनुरोध किया है कि उन्हें कॉलेज परिसर के अंदर ही कमरा दिया जाए, जिससे उन्हें आने-जाने में परेशानी का सामना न करना पड़े। निकिता की पढ़ाई वर्ष 2028 तक खत्म हो जाएगी और वह प्रदेश की पहली डॉक्टर ऑन व्हील चेयर बन जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### टांडा में प्रवेश के लिए खटखटाया था उच्चतम न्यायालय का दरवाजा

निकिता को एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए टांडा में प्रवेश के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। निकिता ने बताया की टांडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ने अपने नियमों का हवाला देते हुए उन्हें यहां प्रवेश देने से इंकार कर दिया था। परंतु निकिता ने इसके लिए हार नहीं मानी और पूर्व सरकार में पूर्व मुख्यमंत्रीसे लेकर संबंधित तमाम विभागीय अधिकारियों से गुहार लगाई परंतु उनकी कहीं भी सुनवाई नहीं हुई।

अंत में निकिता ने प्रदेश के उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। वहां पर काफी संघर्ष करने के बाद उन्हें न्याय मिला। उच्चतम न्यायालय ने पूर्व सरकार को आदेश दिए की निकिता को टांडा में दाखिला दिया जाए, जिसके बाद प्रदेश के मैडिकल कालेजों प्रधानाचार्य की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई, जिसमे उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुपालन का निर्णय लिया गया। इसके बाद निकिता को टांडा मेडिकल कालेज में दाखिला मिल गया।

## जयराम ठाकुर ने तिरंगा यात्रा से किया 'हर घर तिरंगा अभियान' का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी**

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने सराज विधानसभा क्षेत्र के बालीचौकी में तिरंगा यात्रा निकाल कर 'हर घर तिरंगा अभियान' की शुरुआत की। उनके साथ सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोगों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उनके साथ भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

तिरंगा यात्रा के समापन समारोह के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए जयराम ठाकुर ने कहा कि देश की आजादी के लिए लाखों लोगों ने कुर्बानियां दी हैं। हमारे लिए आज भी लाखों सैनिक सरहद पर अपनी जान की बाजी लगाकर खड़े हैं। आजादी को पाने और उसे अक्षुण्ण रखने की बहुत बड़ी कीमत चुकाई है। अब भी हमारे दायित्व बनते हैं कि हम



उनके प्रति अपना आदर और सम्मान करे। हम अपनी इस गौरवमयी परंपरा पर गर्व करें। अपने राष्ट्र,अपनी संस्कृति के प्रति हमारे भी कुछ कर्तव्य है जिसके लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के आठ हजार बूथों पर भाजपा के चार लाख भारत के झंडे लगाएगी। देश में गणतंत्र दिवस या फिर स्वतंत्रता दिवस नजदीक आने लगता है तो देश और प्रदेश के नागरिकों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिलता है।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रा अनामिका का पौधरोपण कर मनाया जन्मदिन

**शिबम शर्मा, परागपुर।** पर्यावरण के प्रति अपना प्रेम और लोगों को एक संदेश देने के मकसद से डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर की 5 वर्षीय छात्रा अनामिका शर्मा ने एक शानदार पहल की शुरुआत कर अपना जन्मदिन मनाया। अनामिका ने अपने जन्मदिन पर प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में स्कूल कैंपस परिसर में 11 औषधीय पौधे रोपकर जन्मदिन को यादगार बनाया। वहीं, प्रधानाचार्य ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम अपने जन्मदिन पर एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने लोगों को अधिक से अधिक पौधे रोपित कर उनकी देखरेख के लिए प्रेरित किया। (अनंत ज्ञान)



### पुढ़वा में भाजपाइयों ने निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, डरोह।** मंगलवार को सुलह-14 विधानसभा क्षेत्र के नौरा जोन ग्राम केंद्र पुढ़वा में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा तिरंगा यात्रा पुढ़वा चौक से पंजाब नेशनल बैंक तक निकाली गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल उपाध्यक्ष विकास धीमान ने की। इस यात्रा में जोन प्रभारी प्रताप पठानिया, ग्राम केंद्र प्रमुख ओमकार वालिया, सुरेश राणा, राजेश मेहता, ओम प्रकाश पटियाल एवं सभी कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। सोशल मीडिया की तरफ से मंडल सह संयोजक अश्विनी शर्मा, नीलम राणा, नौरा जोन के सोशल मीडिया प्रभारी रणवीर सिंह, उषा शर्मा, महिला मोर्चा नौरा जोन प्रभारी सुषमा राणा, बीडीसी सदस्य कल्पना व अन्य मौजूद रहे।



### मकरोटी पंचायत में महिलाओं को किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, गगल।** आज मगरोटी पंचायत में चिन्मय ग्रामीण विकास संगठन सिद्धवादी द्वारा एम 3 एम फेडरेशन व एसपी जैन कॉलेज मुंबई के सहयोग से चलाए जा रहे लैगिंक समावेशी स्थानीय स्वशासन कार्यक्रम के अंतर्गत पंचायत स्तरीय जेंडर जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संस्था की कार्यकर्ता ममता शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मकरोटी के पंचायत प्रतिनिधियों 6 महिला मंडलों के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में 99 लोगों ने अपनी उपस्थिति को सुनिश्चित किया कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पंचायत प्रधान कृष्ण कुमार उपप्रधान विजय कुमार के साथ वार्ड पंचों ने भी अपने उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम में कॉर्ड संस्था की प्रभारी सीमा ठाकुर भी उपस्थित रही। कार्यक्रम में परिचर्चा, भाषण, कविता, खेल के माध्यम से जेंडर असमानता के प्रति लोगों को जागरूक किया। कॉर्ड संस्थान का यह बहुत ही सराहनीय प्रयास है जो समाज में जेंडर असमानता के प्रति महिला के साथ पुरुषों को भी जेंडर विषय पर जागरूक कर रहा है।



# खेलों से होता छात्रों का सर्वांगीण विकास : गोमा

## जल्द शुरू होगा जयसिंहपुर इंडोर स्टेडियम का निर्माण कार्य

**प्रवीण मिश्रा, जयसिंहपुर**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल तथा कानून मंत्री, यादविंद्र गोमा ने कहा कि शिक्षा प्रणाली में खेल गतिविधियों के आयोजन से विद्यार्थी में सामाजिक व्यवहार के साथ-साथ बेहतर अनुशासन की भावना आती है। खेल गतिविधियों से विद्यार्थियों का शारीरिक विकास होता है, वहीं मानसिक स्वास्थ्य और आत्मविश्वास भी बढ़ता है।

गोमा ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टंबर में चार दिवसीय जोनल लेवल अंडर-14 (छात्र-छात्रा) वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार हर विधानसभा क्षेत्र के दूरदराज क्षेत्र में पढ़ रहे विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। गुणात्मक शिक्षा के लिए प्रदेश सरकार द्वारा व्यापक प्रयास किया जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि टंबर स्कूल के नए भवन का निर्माण कार्य बहुत जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने स्कूल के लिए पक्की सड़क, भव्य गेट, बास्केटबॉल ग्राउंड का निर्माण करवाने का भी आश्वासन दिया। उन्होंने खेल प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि जिला स्तर के लिए चयनित खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार कर और बेहतर प्रदर्शन करें।

यादविंद्र गोमा ने शिक्षा खंड चढियार के 18 स्कूलों के 220 खिलाड़ियों में से विभिन्न खेल स्पर्धाओं के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किए।

इससे पहले आयुष मंत्री ने स्कूल परिसर में सजावटी पौधा भी रोपित किया । इस दौरान स्थानीय विद्यालय की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इसके उपरांत युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री ने राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर में शिक्षा खंड लंबागांव के अंडर-14 जोनल लेवल (छात्र-छात्रा) वर्ग खेलकूद प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया।

उन्होंने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि वह जिला व प्रदेश स्तर में अपनी बेहतर प्रदर्शन कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन करें।

उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर में 15 करोड़ की लागत से इंडोर स्टेडियम का निर्माण किया जाएगा इसके लिए शुरुआती तौर पर 5 करोड़ पर स्वीकृत कर दिए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस मैदान में दो हाई मास्ट लाइटें भी लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि जयसिंहपुर के रामलीला कला मंच के महत्व को देखते हुए कला मंच के जीर्णोद्धार के लिए 15 लाख रुपए भी स्वीकृत किए हैं। इस दौरान एसडीएम संजीव ठाकुर, जसवंत डढवाल, तहसीलदार अभिषेक भास्कर, बीडीओ सिकंदर, विजय वर्मा एवं संजय ठाकुर, टंबर पंचायत उपप्रधान महेंद्र डढवाल, प्रधानाचार्य संजीव चोपडा, विभिन्न स्कूलों के अध्यापक, प्रतिभागी खिलाड़ी अदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)





यादविंद्र गोमा को सम्मानित करते तथा (नीचे) कार्यक्रम प्रस्तुत करते स्टूडेंट्स।

# प्राकृतिक संतुलन के लिए पौधरोपण जरूरी : डॉ. सुकृत



**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा देश के साथ-साथ हिमाचल प्रदेश में भी 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण कर रही है। इसी कड़ी में देहरा भाजपा के कार्यकर्ताओं ने भी जोर-शोर से पौधरोपण का अभियान चलाया है।

देहरा भाजपा मंडल के ढलियारा जोन में विभिन्न बूथों पर भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सह मीडिया प्रभारी डॉ. सुकृत सागर ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग पौधरोपण किया।

उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा सामाज के हितकारी कार्यों में अपना योगदान देती है। देश के प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रकृति संरक्षण के लिए पौधरोपण कर रहा है तथा प्रत्येक बूथ पर पचास से अधिक पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण हेतु अपना योगदान दे रहा है। डॉ. सुकृत ने कहा कि वह समाज के प्रत्येक वर्ग से निवेदन करते हैं कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में शामिल हो कर अपने आसपास पौधरोपण करें। आज हम सभी महसूस कर रहे हैं कि पेड़ों के भारी कटान की वजह से हम प्राकृतिक अपदाएं झेल रहे हैं। इस मौके पर भाजपा जोन प्रभारी प्रकाश चंद डढवाल, पंचायत प्रधान गंधर्व सिंह, ग्राम केंद्र अध्यक्ष विनोद शर्मा, सुरजीत सिंह, बूथ अध्यक्ष शंकर दास, ओम प्रकाश, अन्य भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खो-खो में भवारना बना विजेता

**राकेश डोगरा, डरोह**



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरा में भवारना खंड की अंडर-14 लड़के/लड़कियों की खेलों का समापन मंगलवार को हुआ। इस दौरान रिटायर्ड प्रिंसिपल विक्रम गुलेरिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस बीच लड़कों की खो-खो प्रतियोगिता में भवारना विजेता रहा व डरोह उपविजेता रहा। लड़कियों की खो-खो में डरोह विजेता व भवारना उपविजेता रहा। लड़कियों के बैडमिंटन में मरुंह विजेता व डरोह उपविजेता रहा। लड़कों के बैडमिंटन में मरुंह विजेता व खैरा उपविजेता रहा। लड़कियों की कबड्डी में डरोह विजेता व भवारना उपविजेता रहा और लड़कों की कबड्डी में खैरा विजेता व डरोह उपविजेता रहा।

इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्य विजय शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया व बच्चों को आपस में मिलजुल कर काम करने की प्रेरणा दी। मुख्यातिथि ने विजेता टीमों को बधाई दी व इनाम वितरित किए। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान राकेश कुमार, प्रधान राजीव धीमान, जगदीश चौधरी, बलबीर धीमान आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# बैडमिंटन में देहरा पब्लिक स्कूल खबली बना उपविजेता

**अनंत ज्ञान, गरली**

अंडर-14 खो-खो व बैडमिंटन खेलकूद प्रतियोगिता मे देहरा पब्लिक स्कूल खबली के छात्र-छात्राएं उपविजेता रहे। वहीं लड़कों में संकेत धीमान और समर, लड़कियों में कोमल धीमान और वंशिका ठाकुर का चयन अब जिला स्तर पर होने वाली खो-खो प्रतियोगिता के लिए किया गया और बैडमिंटन प्रतियोगिता में तन्मय जिला स्तर पर देहरा ब्लॉक का प्रतिनिधित्व करेगा। प्रधानाचार्य रमा सिंह ने खिलाड़ियों व उनके अभिभावकों को बधाई दी है।



# अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर बजट का होना चाहिए प्रावधान : दड़ौच

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**



हिमाचल प्रदेश डॉक्टर बीआर अंबेडकर मिशन अनुसूचित जाति कल्याण समिति की बैठक मंगलवार को प्रदेशाध्यक्ष एमआर दड़ौच की अध्यक्षता में विश्राम गृह डाडासीबा में हुई, जिसमें विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। हिमाचल प्रदेश में अनुसूचित जाति की जनसंख्या के आधार पर बजट का प्रावधान होना चाहिए।

हाईकोर्ट शिमला में चल रहे तीन केसों के बारे में चर्चा की गई। हाल ही में 31 जुलाई 2024 को जो सुप्रीमकोर्ट का जो निर्णय आया है, उसके बारे में बैठक में चर्चा की गई। बैठक में 25 प्रतिशत आरक्षण 5 जुलाई 2005 से हिमाचल प्रदेश को दिया गया, परंतु आज तक 15 प्रतिशत से 25 प्रतिशत लागू नहीं हुआ। इस मौके पर पूर्व पार्षद गुरदास राम, पूर्व प्रधान धर्म चंद, डाडासीबा व्यापार मंडल के प्रधान राजेंद्र सिंह गोगा, लाजपत राय आदि उपस्थित रहे।

---

## अनंत ज्ञान फैशन

# पार्टी वियर के लिए परफेक्ट हैं सारा अली खान के ये लहंगा लुक्स





**स्टाइलिश** दिखने के लिए हम आए दिन नए से नए फैशन ट्रेंड को फॉलो करते हैं। वहीं, बदलते फैशन के दौर में आजकल हम सेलेब्रिटी लुक्स को री-क्रिएट करवाना पसंद करते हैं। किसी भी फंक्शन में जाने के लिए हम ज्यादातर ट्रेडिशनल वियर को पहनना पसंद करते हैं। ट्रेडिशनल वियर में सूट या साड़ी के अलावा आप लहंगे को पहन सकती हैं। इसके लिए आप एक्ट्रेस सारा अली खान के पहने स्टाइलिश लहंगा लुक्स को अपने बजट के अनुसार बनवा सकती हैं। पर्ल वर्क एवरग्रीन फैशन ट्रेंड में रहता है। डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने इस खूबसूरत और एलिगेंट लुक देने वाले लहंगे को तैयार किया है। इस तरह के पर्ल लहंगे आप खुद अपनी बॉडी टाइप के अनुसार भी बनवा सकती हैं। आजकल इस तरह के जयपुरी स्टाइल मल्टी-शेड वाले लहंगे चलन में नजर आ रहे हैं। इस खूबसूरत लहंगे को डिजाइनर मयूरी गिरोत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरह के लुक में आपको लहंगे में घरचोला डिजाइन में भी लहंगे देखने को मिल जाएंगे। मिरर वर्क देखने में बेहद खूबसूरत लुक देने में मदद करता है। इस तरह के लाइट पिंक या लाइट पेस्टल कलर्स दिन के समय के पार्टी या फंक्शन के लिए बेस्ट लुक देने में मदद करता है। कोशिश करें कि इस तरह के लुक में आप मेकअप के लिए ग्लॉसी लिप्स चुनें।

# हल्दी सेरेमनी में येलो की जगह ऑरेंज कलर के ये सूट करें ट्राई





शादी होने से पहले हल्दी का फंक्शन सबसे खास होता है और इस खास मौके पर महिलाएं येलो रंग के आउटफिट में नजर आती हैं। वहीं, अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो येलो की ऑरेंज कलर का सूट ट्राई कर सकती हैं। न्यू लुक के लिए आप प्रिंटेड सूट का चुनाव कर सकती हैं। यह सूट विस्कोस फैब्रिक में है और सूट में डिजिटल प्रिंट करके डिजाइन बनाया गया है। ये सूट हल्दी सेरेमनी में पहना जा सकता है और इस तरह का सूट आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन में खरीद सकती हैं। यह सूट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 1000 से 1500 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप झुमके वियर कर सकती हैं साथ ही फुटवियर में जूती स्टाइल कर सकती हैं। अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप गोटापट्टी टियर सूट सेट वियर कर सकती हैं। ये सूट कॉटन में है और इस गोटापट्टी वर्क किया हुआ है। वहीं, इस तरह के सूट को कई सारे डिजाइन ऑप्शन में खरीद सकती हैं। यह सूट आपको ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से 2000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। इस सूट के साथ आप पर्ल वर्क वाली ज्वेलरी साथ ही फुटवियर में आप हील्स इस आउटफिट के साथ स्टाइल कर सकती हैं। स्टाइलिश लुक के लिए पैठणी सिल्क सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट पैठणी सिल्क फैब्रिक में है। वहीं, इस सूट में अपने लुक कंप्लीट करने के लिए आप कुंदन वर्क वाली ज्वेलरी साथ ही फुटवियर में आप जूती स्टाइल कर सकती हैं। यह सूट आप बाजार से ले सकती हैं साथ ही ऑनलाइन भी आपको ये सूट 3000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

# साड़ी और सूट पर बनाएं 15 मिनट में बनने वाले ये हेयर स्टाइल





**स्टाइल** रक्षाबंधन का त्योहार बहनों के लिए बेहद खास होता है। इसी वजह से इस दिन बहनें अच्छे कपड़े और मेकअप करके तैयार होती हैं, ताकि जब वो अपने भाई को राखी बांधे तो तस्वीर अच्छी आए, लेकिन सबसे ज्यादा समय यह सोचने में लग जाता है कि सूट या साड़ी के साथ किस तरह का हेयर स्टाइल बनाया जाए। ऐसा हेयर स्टाइल जो बनकर जल्दी तैयार हो जाए। इसके लिए आप आर्टिकल में बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं। इससे आप भी खूबसूरत दिखाई देंगी। अगर आप पंजाबी लुक क्रिएट करने के बारे में सोच रही हैं, जिसके लिए आप पटियाला सूट पहनना चाहती हैं, तो इसके साथ आप परांदा लगाकर चोटी बना सकती हैं। यह चोटी आप चाहें, तो सिंपल बनाएं या फ्रेंच चोटी भी ि एट कर सकती हैं। इसके लिए आगे के बालों को दो हिस्सों में बांटकर ट्विस्ट करें। फिर नीचे से फ्रेंच चोटी बनाएं। इसमें परांदा लगाए। ऐसे आपका हेयर स्टाइल 15 मिनट में बन जाएगा। सूट के साथ कई सारी लड़कियां खुले बाल रखना पसंद करती हैं, लेकिन आप चाहें तो पफ के साथ बन हेयर स्टाइल क्रिएट कर सकती हैं। इसके लिए आपको आगे से बालों को थोड़ा बाउंसी करना है। इसके बाद पिन से उन्हें सेट करना है। फिर नीचे बालों में चोटी बनाकर बन क्रिएट करना है। आपकी पसंद है कि इसमें आपको एक्सेसरीज लगनी है, या फ्लावर। आगे की तरफ लट निकालें। ऐसे तैयार हो जाएगा हेयर स्टाइल। यह सूट के साथ अच्छा लगेगा। अगर आपके बाल लंबे हैं, तो कोई हेयर स्टाइल इसमें क्रिएट न करें। इसमें कर्ल करें। इसके बाद इसे साइड पार्टिशन करके खुला छोड़ दें। इस तरीके से भी आपके बालों का हेयर स्टाइल अच्छा लगेगा।

# साड़ी के साथ पहनें कुंदन वर्क नेकलेस





**जब** भी हम साड़ी पहनने के बारे में सोचते हैं, तो दिमाग में एक ही चीज आती है। इसके साथ किस तरह की ज्वेलरी अच्छी लगेगी। ऐसे में हम साड़ी के फैब्रिक को ध्यान में रखते हुए अपनी ज्वेलरी को मैच करते हैं। वहीं, कई बार साड़ी के कलर या बॉर्डर को देखकर साड़ी के साथ ज्वेलरी खरीदते हैं। इस बार आप साड़ी के साथ पहनें कुंदन वर्क वाले नेकलेस। यह नेकलेस पहनने के बाद अच्छे लगते हैं। अगर आप सिंपल साड़ी लुक को हैवी तरीके से ि एट करना चाहती हैं, तो इसके लिए आप कुंदन वर्क वाले स्टोन नेकलेस को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के नेकलेस में बारिक लेकिन हैवी वर्क किया जाता है। साथ में स्टोन भी अलग-अलग कलर के इस्तेमाल किए जाते हैं। इसके साथ मैचिंग इयररिंग्स और मांग टीका भी आता है। इसी वजह से आप इसे शादी में पहनकर जा सकती हैं। मार्केट में इस तरह के सेट आपको 300 से 600 रुपए में मिल जाते हैं। अगर आप एम्ब्रॉयडरी वर्क नेट या साटन कपड़े की साड़ी पहन रही हैं, तो इसके साथ इस तरह के लेयर नेकलेस को स्टाइल कर सकती हैं। यह नेकलेस दिखने में स्टाइलिश लगते हैं। लेकिन पहनने के बाद लुक को अलग तरीके से क्रिएट करते हैं। इसमें आपको लेयर में यह नेकलेस मिलेंगे। साथ में पहनने के लिए इयररिंग्स भी मिल जाएंगे। इससे आपका लुक पहले से ज्यादा खूबसूरत लगेगा। इस तरह के नेकलेस सेट आपको मार्केट में 500 से 800 रुपए में मिलेंगे। आप अपनी साड़ी के साथ पहनने के लिए कुंदन चोकर सेट को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह के सेट में आपको ऊपर की तरफ स्टोन और नीचे पर्ल के बीड्स मिल जाएंगे। इससे नेकलेस अच्छा लगेगा। इसके साथ मैचिंग इयररिंग्स और साथ में पहनने के लिए मांग टीका मिलेगा। इससे आपका साड़ी लुक अच्छा लगेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सिहाल में बुजुर्ग को मौत के घाट उतारा

**अनिल छांगू, ज्वाली।** पुलिस थाना फतेहपुर के तहत पड़ती पंचायत मनोह सिहाल के गांव सिहाल पदरवासियां के करीब 90 वर्षीय बुजुर्ग को पड़ोसियों ने धक्का देकर मौत के घाट उतार दिया है । वहीं पुलिस ने भी मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के बेटे रमेश कुमार ने बताया उन्ही के दो पड़ोसियों का आपस में जमीनी विवाद चल रहा है। जिस पर मंगलवार को वह दोनों आपस में झगड़ रहे थे इस दौरान उन्ही में से किसी ने मेरे पिता कर्म चंद को धक्का देकर गिरा दिया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी। उन्होंने पुलिस प्रशासन से न्याय को अपील की है। उपप्रधान कमल सिंह ने बताया पंचायत में उक्त दुखदाई घटना हुई है ।जिसकी पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवा दी गई है ।वहीं थाना प्रभारी पवन गुप्ता ने कहा पुलिस ने मृतक के आश्रितों के ब्यान दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### पोस्टर मेकिंग में महक ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म (जीजीडीएसडी) कॉलेज राजपुर में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व को लेकर 'देश भक्ति' कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने फेस पेंटिंग और पोस्टर मेकिंग के जरिए विकसित भारत और देश भक्ति का संदेश दिया। भारतीय सभ्यता और संस्कृति की पहचान, नवीन भारत के अनेक सपने और उन्नति पथ पर अग्रसर भारत का परचम विश्व भर में किस प्रकार कायम है इसका संदेश छात्रों ने अपने प्रतिभा के माध्यम से पोस्टर की व्याख्या कर के समझाया। निदेशक व प्रधानाचार्य डॉ. विवेक शर्मा ने विजेताओं को सम्मानित किया। फेस पेंटिंग प्रतियोगिता में दीपाली और साक्षी प्रथम, रितिका और अमिशा द्वितीय, सिमरन और अंशुल तृतीय स्थान पर रहे। पोस्टर मेकिंग में महक प्रथम, अंशिका द्वितीय और अक्षिता तृतीय स्थान पर रहे।

### भूतपूर्व सैनिकों के साथ मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** पूर्व सैनिक लीग पालमपुर इकाई 15 अगस्त को लीग कार्यालय भवन नजदीक सैनिक विश्राम गृह पालमपुर में भूतपूर्व सैनिकों व वीर नारियों के साथ स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाएगा। समारोह के मुख्यातिथि पूर्व सैनिक लीग हिमाचल प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष मेजर विजय सिंह मनकोटिया, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष कर्नल वाईके राणा विशेष अतिथि होंगे। भारतीय पूर्व सैनिक लीग की प्रदेश व स्थानीय इकाई भी समारोह में शामिल रहेंगी। समारोह की अध्यक्षता स्थानीय इकाई अध्यक्ष रमेश ढडवाल करेंगे। पूर्व सैनिक लीग प्रवक्ता कुलदीप राणा ने जानकारी देते हुए बताया कि समारोह सुबह 10.30 बजे शुरू होगा। इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिक लीग के सचिव ओंकार चंद, संतोष कटोच, भूमि सिंह, रंजीत सिंह कटोच, प्रदीप ठाकुर, रमेश चंद, राम कुमार वर्मा आदि मौजूद रहे।

### नगरोटा, धर्मशाला व पालमपुर में मारपीट के केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां/धर्मशाला/पालमपुर।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत सोमवार को दराट से हमला करने का मामला सामने आया है। पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार स्वरूप चंद निवासी अकराणा ने सैना देवी के घर के बरामदे में आकर उसके साथ गाली- गलौच व दराट से हमला किया। वहीं, पुलिस थाना धर्मशाला के तहत सुधेड़ में सुरजीत सिंह, ललिता व हसराज सभी निवासी सुधेड़ ने हरबंस लाल व उसकी पत्नी रक्षा देवी निवासी सुधेड़ के साथ जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की है। उधर, पुलिस थाना भवारना के अंतर्गत मंगलवार को चल्लाह पुल (बटाहण) के पास अब्दुल हमीद व उसके लड़कों अकरम मोहम्मद तथा अख्तर मोहम्मद सभी निवासी चल्लाह ने सतपाल सिंह निवासी कोतवाल लाहड़ तहसील थुरल के साथ लकड़ी के डंडे से मारपीट की है। इस संदर्भ में पुलिस ने मामले दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### पलाह चकलू में बाइक सवार से पकड़ी शराब

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत पलाह चकलू में रमन निवासी सदद्ू की मोटरसाइकिल नंबर एचपी 94 1592 से 10 बोतल मार्का संतरा देसी शराब बरामद की गई। इस संदर्भ में पुलिस थाना में हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा जेर धारा 39(1)ए में दर्ज किया गया है।

### मंत्री किशोरी लाल ने की समीक्षा बैठक

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज किशोरी लाल ने मंगलवार को बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों एवं क्षेत्र की लंबित मांगों के दृष्टिगत लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का समग्र विकास सुनिश्चित करना उनकी प्रतिबद्धता है। उन्होंने चालू वित्त वर्ष की सभी लक्षित परियोजनाओं के कार्य को युद्धस्तर पर पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए। सीपीएस ने कहा कि जिन परियोजनाओं पर कार्य अंतिम चरण में हैं, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को फील्ड में जाकर ठेकेदारों के कार्यों का निरंतर निरीक्षण करने के निर्देश दिए ताकि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता के साथ कोई समझौता न हो। उन्होंने अधिकारियों को सड़कों के किनारे नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित बनाने के साथ जिन स्थानों में ड्रेनेज नहीं है वहां उचित ड्रेनेज बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि कोई सड़क अगर भारी वर्षा के कारण बंद है तो उसे जल्दी खुलवाया जाए ताकि यातायात का साधन सुचारु रहे और जनता को कोई परेशानी न हो।

### शिक्षा के साथ खेलों में अपना लक्ष्य तय करें विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग के उपाध्यक्ष रविंद्र बिट्टू ने अंडर-14 खेलों के समापन समारोह के अवसर पर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला संसाल में बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले खिलाडियों से कहा कि शिक्षा के साथ विद्यार्थियों को अपने जीवन में खेलकूद की गतिविधियों को अपना लक्ष्य मानकर भाग लेना चाहिए। प्रदेश सरकार युवाओं एवं बच्चों के लिए खेलकूद के विषय में नई योजनाएं तैयार कर रही है जिसका सीधे तौर पर युवाओं एवं बच्चों के सपनों को साकार करने में मील का पत्थर साबित होगी। इसके साथ बिट्टू ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को ट्राफी देकर खिलाड़ियों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भेंट की। बिट्टू ने अपनी और से 11000 रुपए की राशि भेंट की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य सुनील सिंह, अनूप कौल, रविंद्र राव आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### बटाण के उपप्रधान पर कुदाल से किया हमला

**अनंत ज्ञान, डरोह।** तहसील थुरल की ग्राम पंचायत बटाण के उपप्रधान सतपाल पर गांव चलाह में जंगलात में पौधरोपण करते हुए चलाह निवासी अब्दुल हमीद व उनके बेटे अकरम ने कुदाल से हमला कर दिया, जिससे उन्हें सिर पर गहरी चोटें आई हैं। बता दें कि मंगलवार को ग्राम पंचायत बटाण द हंस फाउंडेशन संस्था के सौजन्य से गांव चलाह में पौधरोपण करने गए थे। वहां अब्दुल हमीद और उसका बेटा अकरम पौधरोपण का विरोध करने लगे। जब पंचायत प्रधान सीमा व उपप्रधान ने कहा कि आप विरोध क्यों कर रहे हो, जहां हम पौधे लगा रहे हैं, वह जगह जंगलात की है। इस पर उन्होंने पंचायत प्रतिनिधि पर हमला कर दिया। पंचायत प्रधान ने बताया कि जिस जंगलात में पौधारोपण किया जा रहा था वहां पर इन्होंने अवैध खनन के लिए रास्ता बना रखा था। यही कारण है कि वे वहां पौधरोपण नहीं करने दे रहे थे, क्योंकि वहां बाड़बंदी हो जानी थी। इन बाप-बेटे के साथ गांव के तीन चार लोग और भी थे। पंचायत प्रधान ने पुलिस चौकी थुरल में इनकी शिकायत दर्ज करवाई दी है, लेकिन पुलिस तब आई जब लड़ाई खत्म हो चुकी थी। प्रधान का आरोप है कि पुलिस ने न तो ठीक से कार्रवाई की, बल्कि उनके साथ बदसलूकी भी की। इस बारे एसएचओ भवारना से पूछने पर उन्होंने बताया कि इस बावत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# मिंजर मेले में चलते शो में म्यूजिक बंद करने से हुई अपमानित : पूनम भारद्वाज

**कहा आजकल के कलाकर स्टेज प्रोग्राम लेने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं**

**हिमाचल** की प्रसिद्ध लोकगायिका पूनम भारद्वाज से '**अनंत ज्ञान**' की रिपोर्टर **रीत वशिष्ट** ने उनके आने वाले गानों, चंबा के अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान हुए अपमान और अन्य मसलों को लेकर विशेष बातचीत की। इस दौरान उन्होंने मिलने जो तां मैं मिली लैणा..., कपड़ेयां धोआं छम छम रोआं कुंजुआ... आदि गाने भी सुनाए। पेश है उनसे हुई बातचीत के मुख्यांश :-



**अनंत ज्ञान खास बातचीत**

*सवाल : आप पहाड़ी मस्तानी के नाम से मशहूर हैं। अभी आपके कौन से गाने आने वाले हैं?*

**जवाब** : जम्मू के प्रसिद्ध लोकगायक मोहन ठाकुर, जिन्होंने रेशमी रूमाल गाया था, के साथ ड्यूएट सॉन्ग आ रहा है। इसके अलावा मेरे तीन सोलो सॉन्ग आ रहे हैं। हाल ही में मेरा चैनल हैक हो गया था। इस वजह से मैंने गानों पर ब्रेक लिया था। उस परिस्थिति से निकलने में मुझे समय लगा, लेकिन अब मैंने तय कर लिया है कि हर महीने बैक-टू-बैक एक सॉन्ग जरूर निकालूंगी। इशान भारद्वाज के साथ भी मेरा ड्यूएट सॉन्ग आ रहा है।

*सवाल : आप काफी व्यस्त रहती हैं। ऐसे में स्टेज शो के लिए कैसे समय निकाल लेती हैं?*

**जवाब** : मैं एक वर्किंग वुमन हूं। घर परिवार भी देखना पड़ता है। फिर भी संगीत के लिए समय निकाल लेती हूं। अपनी छुट्टी के हिसाब से कार्यक्रम तय कर लेती हूं। भगवान ने महिलाओं को खास तरह की शक्ति दी होती है, शायद उसी की वजह से सब मैनेज हो जाता है।

*सवाल : क्या आप घर और बाहर दोनों जगह एक जैसी ही रहती हैं?*

**जवाब** : देखिए, मैं बनावटी काम नहीं करती हूं। जैसी घर में हूं, बाहर भी वैसी ही बनी रहती हूं। खुशी इस बात की है कि लोगों का प्यार मुझे मिल रहा है।

*सवाल : लोक गायक ईशान भारद्वाज और पीयूष राज के साथ आप काम कर चुकी हैं। कैसा अनुभव रहा?*

**जवाब** : जी, बहुत अच्छा अनुभव रहा। उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। पीयूष राज तो हमारे हिमाचल के लीजेंड हैं। ज्यादा ड्यूएट मेरे अभी आए नहीं हैं। अभी ईशान भारद्वाज और पीयूष राज के साथ मेरे ड्यूएट आए हैं।

*सवाल : जिस तरह आपके साथ हुआ और कलाकारों के साथ भी होता रहा है, इस पर आप क्या कहना चाहेंगी?*

**जवाब** : अब मैं कलाकारों की बात करूंगी तो मुद्दा बन सकता है। मैं सच बोलती हूं, चाहे किसी को अच्छा लगे या बुरा। आजकल के कलाकार ऐसे हो गए हैं कि वह स्टेज प्रोग्राम लेने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं। जो मेरी तरह होंगे वो तो नहीं जाएंगे। मैं भी जरूर जाऊंगी, लेकिन रिस्पेक्ट के साथ। एक कलाकार ने मुझे फोन करके बोला-आपने बहुत अच्छा किया। दूसरे ने बोला-प्रशासन को सबक सिखाने के लिए आपने अच्छा स्टेप लिया। दुख इस बात है कि दिलासा सभी देते हैं, लेकिन क्या उन्होंने मेरी फेवर में कोई पोस्ट डाली? जिनका अपना स्टैंड नहीं है वह दूसरों के बारे में क्या स्टैंड लेंगे। जनता मेरे साथ थी। उन्होंने हजारों मैसेज मेरे लिए किए, लेकिन मैं उनके जवाब नहीं दे सकी, जिसके लिए मैं आपके चैनल के माध्यम से माफी मांगती हूं। प्रशासकों की बात करूं तो उनकी स्थिति तो ऐसी होती है कि आज यहां तो कल कहीं और। अगर मैं मिंजर में नहीं गाती हूं तो उनको कोई फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि आजकल नए कलाकार बहुत आ गए हैं। बिना फोन के आपको कोई स्टेज शो नहीं मिल सकता। आपको एक-दो मिनट के लिए प्रस्तुति का मौका मिल भी जाता है तो उससे भला क्या लाभ। इससे अच्छा तो आप अपना ही कोई कार्यक्रम करवा लें। प्राइवेट मेलों में इस तरह से म्यूजिक बंद नहीं करवाया जाता। प्रशासन से मेरा गिला नहीं है, क्योंकि उनके पास बहुत सिंगर है, वो किसी को भी बुला लेंगे।

*सवाल : चंबा में मिंजर मेले में आपके साथ क्या हुआ था, कृपया विस्तार से बताएं?*

**जवाब** : उस समय मेरे अंदर बहुत गुस्सा था। जहां मेरी इज्जत नहीं होती वहां दिल को ठेस पहुंचती है। जब मैं अपनी तरफ से 100 प्रतिशत प्रस्तुति देती हूं और सामने वाला उसे अनदेखा करता है, तो गुस्सा आना स्वाभाविक है। सोशल मीडिया पर कुछ लोगों ने तरह-तरह के कमेंट्स किए। मुझे 20 मिनट गाने का समय दिया गया था। मुझे आठ बजकर पांच मिनट का समय दिया गया था, लेकिन पौने आठ बजे ही स्टेज पर चढ़ा दिया गया और 20 मिनट से पहले ही चलते शो में मेरा म्यूजिक बंद कर दिया, जिससे मैं अपमानित हुई। मैंने अपने घर वालों, रिश्तेदारों और मित्रों को उसी हिसाब से बुलाया था, लेकिन जब तक वे पहुंचे मेरी प्रस्तुति खत्म हो गई थी। एंकर ने मुझे बोला आपके पास सिर्फ दस मिनट हैं, इस पर मैंने कहा-जब प्रशासन ने मुझे 20 मिनट का समय दिया है तो मैं उसी हिसाब से आऊंगी। सीधी सी बात है दस मिनट तो हाय-हैलो में ही निकल जाते हैं तो इतने कम समय में भला कोई क्या परफॉर्मेंस देगा। इससे अच्छा तो गाओ ही नहीं। बात सिर्फ सम्मान की है। उनके लिए तो ऐसा था कि चले आओ, जल्दी खत्म करो। वह सब क्या था मैं आज तक नहीं समझ पाई। ये चीजें मुझे पसंद नहीं। समय की ऐसी पाबंदी तो तब होती थी जब हम कॉलेज में ऑडिशन देने जाते थे। तब हमें प्रतिभा दिखाने के लिए बोला जाता था कि आपके पास सिर्फ पांच-दस मिनट हैं। एक तरफ प्रशासन मुझे 20 मिनट गाने की अनुमति देता है और दूसरी तरफ अगले दिन स्टेटमेंट चेंज हो जाती है। खुद कोई आया नहीं और सारी बातें एंकर से कहलवा दीं। एंकर तभी इतनी हिम्मत कर सकता है जब उसे किसी ने बोला हो। जिस तरह से एंकर हरकत कर रहा था कि आपके पास पांच मिनट बचे, चार मिनट बचे, तीन मिनट बचे... वो मुझे ठीक नहीं लगा। मैं बार-बार पीछे मुड़कर एंकर को देख रही थी, जिससे मैं काफी डिस्टर्ब हुई।

# भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

## हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का किया आह्वान

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

भारतीय जनता पार्टी ज्वालामुखी ने मंडल अध्यक्ष अजय कुमार खट्टा की अध्यक्षता बीजेपी कार्यालय बोहन से ज्वालामुखी सैनिक रेस्ट हाउस तक तिरंगा यात्रा निकाली गई। जिसमें पूर्व मंत्री ठाकुर रविंद्र सिंह रवि विशेष रूप से शामिल हुए।

इस तिरंगा यात्रा में भाजपा ज्वालामुखी मंडल के अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर ज्वालामुखी शहर में देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगे की शान में यात्रा निकाली और सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 'हर घर तिरंगा' अभियान में भाग लेने का आग्रह किया।



ज्वालामुखी शहर में तिरंगा रैली निकालते पूर्व मंत्री रविन्द्र रवि व बीजेपी कार्यकर्ता।

इस दौरान रविंद्र सिंह रवि ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे भारत में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। जगह-जगह राष्ट्रीय ध्वज फहराया जा रहा है। हम सभी को इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और राष्ट्रीय सम्मान के प्रतीक तिरंगे को अपने घर पर फहरा कर इस अभियान को सफल बनाना चाहिए।

उन्होंने कहा कि आजादी के स्वतंत्रता दिवस पर ज्वालामुखी में हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज तिरंगा यात्रा निकाली गई, जिसमें अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस दौरान भाजपा के रामस्वरूप शास्त्री, संजय राणा आदि उपस्तिथ रहे। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश में शिक्षकों और छात्रों का ध्यान रखने वाली सरकार : आशीष बुटेल



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

मुख्य संसदीय सचिव, शहरी विकास एवं शिक्षा आशीष बुटेल ने शहीद राकेश कुमार आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चचियां में मिनी रोबोटिक लैब का शुभारंभ किया।

सीपीएस ने कहा कि जिला की पहली रोबोटिक लैब का शुभारंभ पालमपुर विधानसभा क्षेत्र के चचियां स्कूल से हुआ है। उन्होंने स्कूल के छात्रों और अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि इस लैब की स्थापना से बच्चों के अध्यापन और कौशल विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने बताया कि समग्र शिक्षा अभियान में इस लैब की स्थापना पर 16 लाख रुपए व्यय हुए हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के गतिशील एवं दूरदर्शी नेतृत्व में शिक्षा क्षेत्र की ओर विशेष ध्यान दिया गया है और शिक्षा, शिक्षकों और छात्रों के हितों का ध्यान रखा जा रहा है। सीपीएस ने शहीद राकेश कुमार आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चचियां और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घाड़ में पालमपुर तथा पंचरुखी जोन अंड़र-14 छात्र-छात्राएं खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह में उपस्थित होकर खिलाड़ियों और विजेता टीमों को पुरस्कृत किया। पालमपुर जोन के 24 स्कूलों के 339 खिलाड़ी तथा पंचरुखी जोन के 29 स्कूलों के 438 खिलाड़ियों ने भाग लिया। सीपीएस ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि सरकार शिक्षा के साथ स्थान खेलों और खिलाड़ियों के समग्र उत्थान के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि चचियां स्कूल की चारदीवारी के लिए 13 लाख जारी कर दिए हैं और इसका कार्य शीघ्र आरंभ होगा। इस अवसर पर त्रिलोक चंद, टीआर कपूर, विजय कुमार आदि उपस्थित रहे।

## तिरंगा यात्रा में गूंजे देशभक्ति के नारे

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी धर्मशाला ने धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा कचहरी चौक से शहीद स्मारक तक निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में भारतीय जनता पार्टी अनेक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने हाथों में तिरंगा लेकर शहर में देशभक्ति के नारों के साथ तिरंगे की शान में यात्रा निकाली और सभी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आग्रह किया।



तिरंगा यात्रा में उपस्थित विधायक सुधीर शर्मा, साथ हैं अन्य।

## धर्मशाला में टीबी निदान में देरी कम करने के लिए कार्यशाला

**धर्मशाला।** धर्मशाला में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा जपाईगो संस्था के सहयोग से जिला कांगड़ा में टीबी निदान को लेकर देरी कम करने के लिए टीफा प्रोजेक्ट के अंतर्गत जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्यचिकित्सा अधिकारी कार्यालय के मीटिंग कक्ष में इस जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला की अध्यक्षता मुख्यचिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने की। इस प्रशिक्षण कार्यशाला आयुष विभाग, जिला कैमिस्ट एसोसिएशन, सहायक ड्रग कंट्रोलर, ग्रामीण क्षेत्रों के चिकित्सकों, ड्रग इंसपेक्टरों, ब्लॉक मेडिकल अधिकारियों तथा सभी ब्लॉकों एसटीएस ने भाग लिया। इस टीफा प्रोजेक्ट के अंतर्गत कार्यशाला में जिला टीबी कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश सूद तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी जपाईगो प्रवीण चौहान ने प्रशिक्षण दिया। डॉ. गुलेरी ने बताया कि इस प्रशिक्षण कार्यशाला का लक्ष्य कांगड़ा जिला में टीबी का पता लगाने व निदान को मजबूत करने के लिए प्रयास करना है। जिले में टीबी निदान में होने वाली देरी को कम करने के लिए प्रोजेक्ट टीआईईएफए के तहत स्वास्थ्य विभाग और जपाईगो संस्था की एक नई पहल है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत सार्वजनिक व निजी दोनों क्षेत्रों के आयुष सेवा प्रदाताओं जिले के सभी कैमिस्टों व ग्रामीण स्वास्थ्य चिकित्सकों को शामिल किया जा रहा है ताकि इन सभी हितधारकों के सयुंक्त प्रयास से टीबी निदान में देरी को कम करने महत्वपूर्ण साबित हो सके।

## बच्चों को न पढ़ाने के मामले में एसएमसी ने लिया संज्ञान

**अनंत ज्ञान, जवाली**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नानाहार में कार्यरत टीजीटी (नॉन-मेडिकल) द्वारा पिछले करीबन डेढ़ साल से छठी कक्षा से लेकर 10वीं कक्षा तक के बच्चों को न पढ़ाने का मामला प्रकाश में आया है तथा अब स्कूल प्रबंधन समिति ने टीचर के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

स्कूल प्रबंधन समिति नानाहार की बैठक समिति अध्यक्षा रीता देवी की अध्यक्षता में हुई, जिसमें प्रिं. मीनाक्षी ने विशेष तौर पर शिरकत की। बैठक में स्कूल प्रबंधन समिति ने आरोप लगाया कि टीचर राजीव कुमार स्कूल तो आता है, लेकिन पिछले करीबन डेढ़ साल से बच्चों को पढ़ाने क्लास में नहीं जाता है जिस कारण बच्चों की मैथ्स की पढ़ाई बाधित हो रही है। समिति का कहना है कि उक्त टीचर एसएमसी कमेटी के अलावा अकसर ही बच्चों के साथ भी दुर्व्यवहार करता है। उक्त टीचर हमेशा ही डिप्रेशन में दिखता है और धमकी देता है कि आप मेरा कुछ भी नहीं कर सकते हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, शिक्षा विभाग से मांग की है कि उक्त टीचर के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

**क्या कहती हैं प्रिं. मीनाक्षी**

**इस** बारे में स्कूल प्रिंसिपल मीनाक्षी ने कहा कि मैंने अभी हाल ही में ज्वाइन किया है लेकिन मेरे कहने के बाद भी उक्त टीचर क्लासिस लगाने नहीं गया है। उन्होंने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति ने भी इसकी शिकायत की है। उन्होंने कहा कि शिकायत को आगामी कार्रवाई हेतु उच्चाधिकारियों को भेज दिया जाएगा।

## वॉलीबाल में ढाणा स्कूल की टीम विजेता

**संजीव महाजन, नूरपुर**



शिक्षा खंड नूरपुर के अंतर्गत राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ विद्यालय सुलयाली में ब्लॉक स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ। इस समापन समारोह में सेवानिवृत्ति कर्नल सतीश पठानिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर प्रधान सुनील कुमार, उपप्रधान नरेश शर्मा, स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान, सदस्यों तथा स्थानीय गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

प्रधानाचार्य करतार चंद ने मुख्यातिथि का गर्मजोशी से स्वागत किया तथा कहा कि इस ब्लाक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 37 विद्यालयों के 437 प्रतिभागी छात्र छात्राओं ने भाग लिया। वॉलीबाल लड़कों में राजकीय माध्यमिक पाठशाला ढाणा की टीम विजेता तथा द्वितीय राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गेही लगोड़ की टीम उपविजेता रही तथा लड़कियों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हटली की टीम विजेता तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कंडवाल की टीम उपविजेता रही, कबड्डी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुखेड की टीम विजेता तथा लड़कियों में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खैरिया की टीम विजेता तथा राजकीय उच्च विद्यालय चौकी की टीम उपविजेता रही। इस अवसर पर मुख्यातिथि सेवानिवृत्त कर्नल सतीश पठानिया द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास हेतु खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा बच्चों को खेलों के साथ-साथ देश सेवा के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल स्टाफ के अतिरिक्त प्रधान सुनील कुमार उपप्रधान नरेश शर्मा आदि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

श्री ब्रजेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में श्रावण माह के आठवें नवरात्रे (अष्टमी) को बाहरी राज्यों से आए हुए श्रद्धालु माता के जयकारे लगाते हुए अपनी ही मस्ती में झूम रहे थे। सावन अष्टमी के दिन भी मंदिर परिसर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालु मंदिर परिसर में ढोल की थाप पर नाचते गाते मां का गुणगान करते रहे।



मंदिर अधिकारी एवं तहसीलदार मोहित रतन ने बताया श्री ब्रजेश्वरी मंदिर में श्रावण माह के आठवें दिन (अष्टमी) को भी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। उन्होंने कहा कि अष्टमी के दिन लगभग 8000 के करीब श्रद्धालुओं ने माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही 2 लाख 62 हजार 315 रुपए का चढ़ावा श्रद्धालुओं द्वारा मां के चरणों में अर्पित किया गया।

उन्होंने बताया कि मंदिर प्रशासन की ओर से श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। मंगलवार सुबह से मंदिर के कपाट खोल दिए गए थे, ताकि बाहरी राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तीन समय लंगर की व्यवस्था की जा रही है। उन्होंने बताया कि बाण गंगा में नहाने वाले यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वहां सुरक्षा कर्मियों की व्यवस्था के साथ-साथ सहायक उपकरणों की भी व्यवस्था की है। (अनंत ज्ञान)



## अटियालादाई स्कूल बना ओवरआल विजेता

**डरोह।** उपमंडल धीरा के अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नौरा में किया गया। इस प्रतियोगिता में अटियालादाई स्कूल के छात्रों ने बहुत ही बढ़िया प्रदर्शन किया। स्कूल की छात्राओं ने खो-खो, चैस, बैडमिंटन में विजेता की ट्राफी हासिल की, वहीं वॉलीबाल, बैडमिंटन, खो-खो में लड़के विजेता रहे। स्कूल को ओवरआल विजेता की ट्राफी से भी सम्मानित किया गया। अटिआलादाई स्कूल के खिलाड़ियों ने आठ ट्रॉफी जीती हैं।

**कयास** उपभोक्ता आयोग कांगड़ा के निर्णय का प्रदेशभर में होगा असर

# सितंबर माह से शराब के दामों में हो सकती है कटौती

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

शराब के मनमाने दाम वसूलने के मामले में मंगलवार को होने वाली सुनवाई में आबकारी विभाग ने अब सुनवाई के लिए 17 अगस्त तक का समय मांगा है। अगर मूल्य में कटौती होने का कोई फैसला कांगड़ा जिला में होता है तो इसका असर पूरे प्रदेश पर पड़ेगा तथा शराब के मूल्य में पूरे प्रदेश में कमी आएगी। ऐसे में सितंबर माह में शराब की कीमतों में कटौती संभावित है। बताते चलें कि प्रदेश की नई आबकारी नीति के बाद शराब के मूल्यों में हुई वृद्धि को लेकर ये सुनवाई होगी। बताते चलें कि

जिला उपभोक्ता शिकायत निवारण आयोग कांगड़ा ने दो अलग-अलग विवादों में 6 जुलाई को अंतरिम आदेश पारित करते हुए जिला

**आबकारी विभाग ने मांगा समय, फैसला टला**



सहायक उपायुक्त आबकारी एवं कराधान विभाग हिमाचल प्रदेश को आदेश दिए हैं कि 13 अगस्त 2024 के बाद जिला कांगड़ा में बिकने वाली शराब की हर बोतल में न्यूनतम खुदरा मूल्य के साथ-साथ अधिकतम खुदरा मूल्य भी स्पष्ट रूप से इंगित किया जाए व लाभांश भी स्पष्ट रूप से दर्शाया जाए। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष हेमांशु मिश्रा सदस्य नारायण ठाकुर व आरती सूद की खंडपीठ ने सुनाई के दौरान पाया कि लीगल मेट्रोलॉजी (पॉकेट कमोडिटीज) नियम 2011 के तहत खुदरा बिक्री मूल्य में यह स्पष्ट रूप से दर्शाया जाना चाहिए कि यह सभी करों सहित अधिकतम खुदरा मूल्य है।

शिकायतकर्ताओं ने उपभोक्ता आयोग के पास शराब की बोतलों पर ठेकों में अधिक मूल्य वसूलने की शिकायतें की है, जिसकी सुनवाई 13 अगस्त को होनी थी जिसमें अब आबकारी विभाग ने अगली सुनवाई के लिए 17 अगस्त का समय मांगा है। (अनंत ज्ञान)

# स्कूटी सवार दंपती को ट्रक ने मारी टक्कर महिला की मौत, शरीर के हुए तीन टुकड़े

**अनंत ज्ञान, नादौन**

नादौन के ब्यास पुल पर मंगलवार को हुए एक सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत हुई है। उसके शरीर के तीन टुकड़े हो गए हैं। खबर मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने महिला के क्षतविक्षित शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार नादौन के रैल गांव की 39 वर्षीय पूजा देवी व उसका पति दुनी चंद स्कूटी न. एचपी 23 ए-4999 पर भड़ोली को अपने रिश्तेदारों के जा रहे थे कि ब्यास पुल पर पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक न. एचपी 67-4067 ने ओवरटेक करते समय ट्रक की साइड लगने से स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर गई और महिला ट्रक के पिछले टायर के नीचे आ गई जिससे महिला की मौका पर ही मौत हो गई। ट्रक महिला को करीब 32 फुट तक घसीटते हुए ले गया जिससे उसके शरीर के तीन टुकड़े हो गए। महिला के शरीर के तीन टुकड़े अलग अलग जगह सड़क पर पड़े थे। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को हिरासत में लेकर अगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

एसएचओ बाबू राम शर्मा ने बताया कि महिला के क्षतविक्षित शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामला दर्ज करके आरोपी ट्रक चालक तिलक राज निवासी सरकाघाट को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।



क्षत-विक्षित तीन जगह पड़ा महिला का शव।

## बारीं मंदिर की चढ़ाई पर फिर हादसा होते होते टला



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** बरसात में निर्माणधीन एनएच 3 के सबसे खतरनाक स्पॉट बारीं मंदिर की चढ़ाई पर फिर एक बार हादसा होते होते टल गया। हमीरपुर से अवाहदेवी जा रहा सरिए से भरा एक ट्रक अचानक चढ़ाई पर रुक गया और अनियंत्रित होकर बैक आने लगा। एक बड़े पत्थर की आड़ से ट्रक रुक गया। इस घटना के बाद करीब आधा घंटा नेशनल हाईवे बंद रहा। अभी पिछले सप्ताह ही इसी स्पॉट पर एनएच निर्माण कंपनी का टिप्पर गिर गया था। करीब एक दर्जन हादसे होने के बावजूद इस जगह पर करीब डेढ़ वर्ष से डंगे का निर्माण पूरा नहीं हो पाया है। एनएच निर्माण कंपनी की इस लापरवाही से स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। तीखी चढ़ाई, तंग मोड़ और खड्ड का रूप धारण कर चुकी सड़क हादसों का प्रमुख कारण है। घटना के बाद पास में ही खुदाई कर रही एक जेसीबी की मदद से ट्रक को सुरक्षित किनारे किया गया। स्थानीय लोगों प्रताप चंद, सुनील कुमार, हरबंस सिंह, जयराज, भूमि राज, देश राज, हंसराज, प्रताप सिंह इत्यादि ने कहा है कि बार-बार इस जगह हादसे हो रहे हैं, लेकिन प्रशासन और एनएच निर्माण कंपनी सो रही है। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर शहर के मिल्खी पेट्रोल पंप पर निजी बस व स्कूटी की टक्कर, कोई हताहत नहीं

**अनंत ज्ञान,हमीरपुर।** हमीरपुर शहर के मिल्खी पेट्रोल पंप पर मंगलवार दोपहर के समय एक निजी बस व स्कूटी की टक्कर हो गई। टक्कर में स्कूटी सवार व्यक्ति को हल्की चोटें आई हैं। स्कूटी और बस काफी देर तक सडक़ में ही खड़ी रही। हालांकि वाहनों की आवाजाही बदस्तूर जारी रही। मिली जानकारी के अनुसार हमीरपुर से पक्काभरो जा रही एक निजी बस जैसे ही मिल्खी पेट्रोल पंप के नजदीक पहुंची, तो मिल्खी पेट्रोल पंप से तेल डलवाकर पक्काभरो की ओर जा रही स्कूटी बस की चपेट में आ गई। ऐसे में स्कूटी सवार व्यक्ति बाल-बाल बच गया है। हालांकि हादसे में स्कूटी को जरूर नुकसान पहुंचा है। इसके बाद सड़क पर निजी बस और स्कूटी काफी देर तक वहीं पर पड़ी रही, जबकि दूसरे वाहन एक साइड से निकलते रहे। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को सड़क से हटाया और मामले में छानबीन कर रही थी। हालांकि हादसा किसकी गलती से हुआ है, इसकी सही जानकारी नहीं मिल पाई है।



## आधार को अपडेट करवाना अत्यंत आवश्यक : डीसी

**हमीरपुर।** डीसी अमरजीत सिंह ने जिला के सभी आधार केंद्रों की संचालक एजेंसियों और संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे आधार अपडेशन के कार्य को गति प्रदान करके इसके शत-प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। मंगलवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक के दौरान उपायुक्त ने ये निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि हर 10 वर्ष के बाद आधार की अपडेशन आवश्यक है। लंबे समय तक अपडेशन न होने पर आधार डी-एक्टीवेट हो सकता है। उन्होंने कहा कि जिला में अभी लगभग 1,36,981 आधार नंबरों की अपडेशन लंबित है। उपायुक्त ने जिलावासियों से अपने मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी को भी आधार से लिंक करवाने तथा इन्हें अपडेट करवाने की अपील भी की।

## 20 परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने का मामला सुलझा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



मझोट चौरी गांव के लोग पुलिस थाना सुजानपुर में आपसी समझौते के बाद

उपमंडल सुजानपुर के तहत ग्राम पंचायत स्पाहल में मझोट चौरी गांव के 20 परिवारों का सामाजिक बहिष्कार करने का फरमान जारी करने वाला मामला सुलझ गया है। गांव में बनाई गई अमन कमेटी को भंग कर दिया गया है। कथित अमन कमेटी के अध्यक्ष सरवन सिंह और अन्य सदस्यों द्वारा मंगलवार को पुलिस स्टेशन सुजानपुर में सशर्त माफी मांगने के बाद पीड़ित पक्ष के 20 परिवारों ने भी समझौते के लिए अपनी रजामंदी दे दी।

लिखित बयान के बाद दोनों पक्षों ने अब एकजुट होकर सामाजिक समारोहों में शामिल होने तथा कोई भेदभाव न करने की बात पुलिस के सामने मान ली है। गौर रहे कि 9 अगस्त को पीड़ित परिवार एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर से मिले थे। एसपी हमीरपुर ने मामले की गंभीरता को समझते हुए सुजानपुर पुलिस को शीघ्र सारे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। इसके बाद सुजानपुर पुलिस ने दो बार कथित कमेटी के अध्यक्ष सरवन सिंह और अन्य लोगों को थाने में तलब किया। पीड़ित पक्ष में शामिल लोगों ने एसपी के समक्ष शिकायत की थी कि अनधिकृत कमेटी ने बिना किसी एक्ट या कानून का उल्लेख करते हुए सामाजिक बहिष्कार क उलंघना करने वालों को एक हजार रुपए जुर्माना करने का आदेश लिखित रूप से जारी किया है। इसके बाद लगातार सामाजिक बहिष्कार और जुर्माना लगाने वाली अमन कमेटी चैरी मंझोट के कथित अध्यक्ष सरवन सिंह और कमेटी के सभी सदस्यों सुजानपुर पुलिस स्टेशन में एएसआई कुलदीप चंदेल द्वारा की जा रही जांच में शामिल हुए।

## नप सुजानपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**ए कुमार, सुजानपुर**



नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का स्वागत करते गणमान्य।

नगर परिषद सुजानपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शकुंतला देवी और उपाध्यक्ष मनीष गुप्ता को एसडीएम सुजानपुर डॉ. रोहित शर्मा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। नगर परिषद सुजानपुर को लगभग 7 माह बाद नया अध्यक्ष मिला है, जबकि उपाध्यक्ष का पद भी 2 माह से खाली था। नगर परिषद सुजानपुर को अब नया अध्यक्ष और उपाध्यक्ष मिल गया है।

नगर परिषद सुजानपुर में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद को लेकर के हुए चुनाव में कांग्रेस के पदाधिकारियों के बीच पैदा हुई खटास जग जाहिर होने लगी है। मंगलवार को इसकी बानगी देखने को मिली, जब शपथ समारोह कार्यक्रम में भाजपा के बड़े खेमे ने शिरकत की तो दूसरी ओर कांग्रेस समर्थित पार्षदों व पदाधिकारीयों ने इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखी। उधर उपाध्यक्ष पद पर विराजमान कांग्रेस महासचिव मनीष गुप्ता ने तो अपने कांग्रेस से निष्कासन को लेकर ब्लॉक कांग्रेस के अधिकार क्षेत्र पर सवालिया निशान लगा दिया। कांग्रेस पार्टी से निष्कासन पर उन्होंने कहा कि वो वर्तमान में कांग्रेस के जिला महासचिव हैं तथा उन्हें कांग्रेस पार्टी से निष्कासन का अधिकार ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष के पास नहीं है। जिस तरह छोटे कर्मचारियों को बड़े अधिकारी को निष्कासित करने का अधिकार नहीं होता, उसी तरह ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष को उन्हें निष्कासित करना करने का कोई अधिकार नहीं है। उनको या तो जिला कांग्रेस अध्यक्ष या प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पास निष्कासित कर सकते हैं।

गौरतलब है कि बीते माह हुए हुए नगर परिषद के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चुनाव में अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष के लिए जो प्रत्याशी कांग्रेस ने अधिकृत किए थे, बहुमत का आंकड़ा होने के बावजूद उन्हें हार का मुंह देखना पड़ा था तथा कांग्रेस विचारधारा के मनीष गुप्ता ने भाजपा पार्षदों से मिलकर उपाध्यक्ष का पद पर जीत हासिल की थी। ब्लॉक कांग्रेस ने इस प्रकरण के बाद मनीष गुप्ता को कांग्रेस पार्टी से निष्कासित करने का फरमान किया गया था। उधर, ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र वर्मा ने इस मुद्दे पर कुछ भी कहने से इंकार कर दिया। (अनंत ज्ञान)

## बचत भवन की दुकान की नीलामी 29 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** बचत भवन हमीरपुर में खाली हुई दुकान नंबर-3 की नीलामी 29 अगस्त को दोपहर बाद 3 बजे बचत भवन के हॉल में की जाएगी।

सहायक आयुक्त पवन शर्मा ने बताया किइच्छुक व्यक्ति 28 अगस्त सायं 5 बजे तक अपने आवेदन सहायक आयुक्त कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। दुकान का न्यूनतम आरक्षित मासिक किराया 20 हजार रुपए रखा गया है।

## पुतडियाल पंचायत वासियों को मिला बीपीएल का हक

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

उपमंडल नादौन की ग्राम पंचायत पुतडियाल के पंचायत वासियों को 5 साल के बाद बीपीएल सुविधा का दोबारा अधिकार मिला हैं जिससे पंचायत के गरीब परिवारों में काफी खुशी की लहर है। यही नहीं इससे वे परिवार भी काफी खुश हैं जिन्हें विधवा पेंशन मिलती है, लेकिन इस पंचायत के बीपीएल मुक्त होने से उन विधवाओं की पेंशन बंद होने के कगार पर थी। इस पंचायत को दोवारा बीपी एल का अधिकार दिलाने का श्रेय पंचायत वासियों द्वारा पंचायत के उपप्रधान संजीव कुमार को दिया है, जिन्होंने पंचायत वासियों की समस्या को स्थानीय प्रशासन से लेकर प्रदेश सरकार के समक्ष उठाया।



ग्राम पंचायत पुतडियाल के उपप्रधान संजीव कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत पुतडियाल को 2020 में पंचायत की पूर्व प्रधान उर्मिला देवी के कार्यकाल के दौरान किन्ही कारणों के चलते बीपीएल मुक्त पंचायत कर दिया गया था । पंचायत में बी पी एल की सुविधा बंद होने से पंचायत वासियों में काफी रोष था तथा उन्हें प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से पूर्ण रूप से बंचित रहना पढ़ रहा था। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** खेलो इंडिया राइजिंग टेलेंट आइडेंटिफिकेशन के दूसरे चरण में 200 खिलाड़ियों ने दिखाया दम

## एथलीट, बॉक्सिंग, रेसलिंग और हॉकी के खिलाड़ियों का आकलन

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की कमी नहीं है। प्रदेश के गांवों में कई प्रतिभावान खिलाड़ी रहते हैं, लेकिन उन्हें खेलने के उचित प्लेटफार्म नहीं मिलता। पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रतिभा खोज कार्यक्रम शुरू किया था, जिसके तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की प्रतिभा के बारे में ट्रायल लेकर उन्हें एक अच्छा प्लेटफार्म उपलब्ध करवाया जाएगा। इसी प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत मंगलवार को भारतीय खेल प्राधिकरण राष्ट्रीय उत्कृष्टता केंद्र हमीरपुर में कीर्ति (खेलो इंडिया राइजिंग टेलेंट आइडेंटिफिकेशन) कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम मुख्य अतिथि उपवन संरक्षक वाइल्ड लाइफ हमीरपुर रेजिनाल्ड रॉयस्टन ने शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों को खेल के बारे में जागरूक किया।





प्रतिभा खोज कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएफओ वाइल्ड लाइफ रेजिनाल्ड रॉयस्टन को सम्मानित करते हुए भारतीय खेल प्राधिकरण हमीरपुर के उपनिदेशक मनोज आवटी।

इसके साथ खेल प्रतिभा खोज हैं दम तो बढ़ाओं कदम खेलो इंडिया का लक्ष्य रहेगा। खेल प्रतिभा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए की गई है और जनता में खेल चेतना को विकसित करने के साथ ही जमीनी स्तर की प्रतिभा की पहचान की पूरी प्रक्रिया अब एक ही मंच पर उपलब्ध करवाई जा रही हैं ताकि कीर्ति (खेलो इंडिया राइजिंग टेलेंट आईडंटीफिकेशन) कार्यक्रम से बच्चों को आगे निकलकर प्रतिभा दिखाने का मौका मिल सके।

इस कार्यक्रम में जिला हमीरपुर और आसपास के जिलों से लगभग 200 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी भाग्यदारी सुनिशित की। भारतीय खेल प्राधिकरण हमीरपुर के उपनिदेशक मनोज आवटी ने अधिक से अधिक बच्चों को इस खेल प्रतिभा खोज मी शामिल होने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में एथलीट, बॉक्सिंग, रेसलिंग और हॉकी के खिलाड़ियों की प्रतिभा के बारे में आकलन किया गया।

इन खिलाड़ियों की रिपोर्ट कीर्ति पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने बताया कि 9 से 18 वर्ष तक के बच्चों का डाटाबेस कीर्ति पोर्टल पर अपलोड होने से कभी इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को देखते हुए इन्हें आगे खेलने का मौका दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि यह प्रतिभा खोज कार्यक्रम बुधवार को भी आयोजित किया जा रहा है, इसलिए प्रतिभान खिलाड़ी इसमें भाग ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### चिकित्सा अधिकारी संघ ने मोमबत्ती जलाकर जताया रोष



**अतुल, सुजानपुर।** हमीरपुर चिकित्सा अधिकारी संघ के अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र डोगरा और सचिव डॉ. वैंकटेश्व सिंह रनौत ने हाल ही में कोलकाता में महिला रेजिडेंट डॉक्टर की निर्मम हत्या एवं दुष्कर्म की कड़ी निंदा की। इस संदर्भ में हिमाचल चिकित्सा अधिकारी संघ के सदस्यों न अपन-अपने चिकित्सा संस्थानों में मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। हमीरपुर संघ के प्रधान डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा ने देशभर में चिकित्सकों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा को पत्र लिखा और इस संदर्भ में शीघ्र कार्रवाई करने की गुहार लगाई। साथ ही ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ गवर्नमेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन एवं वेस्ट बंगाल मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन को भी सपोर्ट लेटर लिखकर चिकित्सकों की सुरक्षा हेतु ठोस नियम बनाने बढ़कर कदम उठाए जाने की मांग रखी। हमीरपुर संघ के प्रधान डॉ. सुरेंद्र डोगरा ने सीएम सुक्खू से भी अनुरोध किया कि इन संस्थानों में कड़ी सुरक्षा उपलब्ध करवाई जाए ताकि हिमाचल में भी ऐसी घटना को रोका जा सके और रात्रि सेवाएं दे रही महिला चिकित्सकों के मनोबल को भी बढ़ावा मिले। (अनंत ज्ञान)

### डाईट गौना करौर में समीक्षा बैठक आयोजित



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** डाईट गौना करौर में समग्र शिक्षा की मासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने की। बैठक में विशेष अतिथि के रूप में जिला परियोजना अधिकारी (समग्र शिक्षा) एवं प्रधानाचार्य मदन बन्याल, जिला उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा अशोक कुमार उपस्थित हुए। इसके अतिरिक्त इस बैठक में जिला के सभी शिक्षा खंडों के खंड परियोजना अधिकारी (उच्च एवं प्राथमिक) समग्र शिक्षा की विभिन्न इंटरवेक्शन के समन्वयक, कनिष्ठ अभियंता तथा समग्र शिक्षा से जुड़े अन्य कर्मचारियों ने भी भाग लिया। बैठक में समग्र शिक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की गई और कमियों को दूर करने के लिए जिला अधिकारियों ने खंड परियोजना अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त शिमला से आई टीम ने भी प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया। यह समस्त जानकारी मीडिया को-ऑडिनेटर भवानी सिंह ने दी। (अनंत ज्ञान)

### भाजपा भोरंज मंडल ने निकाली तिरंगा यात्रा



**अनंत ज्ञान, जाहू।** भारतीय जनता पार्टी भोरंज मंडल द्वारा भाजयुमो भोरंज के साथ तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने तिरंगा लेकर तरकवाड़ी बाजार में पैदल यात्रा की और लोगों एवं दुकानदारों को 15 अगस्त को अपने घरों और दुकानों पर तिरंगा लगाने एवं उतरने की विधि के बारे में अवगत करवाया गया। युवा मोर्चा अध्यक्ष मनोज कुमार की अगुवाई में युवाओं ने देश के लिए नारेबाजी की। इस मौके पर पूर्व विधायक डॉ. अनिल धीमान, पूर्व विधायक कमलेश कुमारी, भाजपा भोरंज मंडल अध्यक्ष अशोक ठाकुर, उपाध्यक्ष विनोद सोनी, किसान मोर्चा अध्यक्ष परवीन कुमार, महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू ठाकुर, कै. हिटलर, कैप्टन बलदेव, राज कुमार, भोरंज मंडल मीडिया प्रभारी संजय ठाकुर, सह मीडिया प्रभारी डॉ. नीतीश पाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

### रैगिंग विरोधी अभियान के तहत निकाली रैली



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) हमीरपुर ने एंटी रैगिंग दिवस मनाया और प्रशासनिक भवन से एनआईटी हमीरपुर गेट नंबर एक तक एंटी-रैगिंग जागरूकता रैली निकाली। इस रैली का उद्देश्य सभी छात्रों के लिए एक सुरक्षित और समावेशी वातावरण को बढ़ावा देना है। छात्रों ने शक्तिशाली रैगिंग विरोधी संदेशों वाली तख्तियां लेकर और सम्मान और समानता पर जोर देने वाले नारे लगाए। कार्यक्रम को एनआईटी हमीरपुर की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना संतोष नानोटी और एनआईटी हमीरपुर के डीन छात्र कल्याण डॉ. अशोक कुमार ने संबोधित किया। गतिविधियों का समन्वयन डॉ. अमित बागे, एफआई-एनएसएस और एनआईटी हमीरपुर की एनएसएस इकाई द्वारा किया गया।

### स्वतंत्रता के इतिहास का ज्ञान होना जरूरी : संजय

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** राजकीय महाविद्यालय भोरंज में स्वतंत्रता दिवस से उपलक्ष्य पर विषयः आजादी के 77 वर्ष सफलता व सीख पर खंड स्तरीय निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें भोरंज खंड के 12 स्कूलों व दो महाविद्यालयों के 105 प्रतिभागियों ने भाग लिया। समारोह में भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि छात्रों व युवाओं को स्वतंत्रता के इतिहास और अब तक के हुए बदलाबों को ज्ञान होना अति आवश्यक है, इसलिए यह निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई। उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को 15 अगस्त को रावमापा भरेड़ी में होने वाले खंड स्तरीय समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विजय ठाकुर ने सभी का आभार प्रकट किया तथा प्रतिभागियों को प्रोत्साहन किया। इस आयोजन में प्रो. कुलजीत, प्रो. आशा, प्रो. पूजा, प्रो. कुलतार, प्रो. संदीप, प्रो. निशात, सुनीता, तिलकराज, प्रो. विनय व मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### पेंशनरों की समस्याओं का नहीं हो रहा समाधान : पुरोहित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एचआरटीसी पेंशनर समस्या समाधान मंच की प्रदेश स्तरीय बैठक हमीरपुर में वर्कशॉप स्थित मंदिर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेशाध्यक्ष अशोक पुरोहित ने की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में परिवहन निगम से सेवानिवृत्त पेंशनरों की समस्याओं का लंबे समय से समाधान नहीं हो पा रहा है। जिससे पेंशनरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पेंशन का स्थायी समाधान करना, 65, 70 और 75 वर्ष उपरांत 5, 10, 15 फीसदी की पेंशन वृद्धि सेवा, 2016 के उपरांत सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को जारी होने वाले देय भत्ते उच्च न्यायलय के आदेशों के उपरांत भी जारी न होने, 30-50 मेट्रिक स्तर पर 2016 से पूर्व के परिवहन पेंशनरों को संशोधित वेतन की मंजूरी के पश्चात भी देय न करना, प्रदेश सरकार अथवा प्रबंधन की ओर से सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वार्ता के लिए न बुलाना प्रमुख समस्या है। उन्होंने कहा कि विभिन्न समस्याओं को सरकार और प्रबंधन के सामने रखा जाएगा। यदि उन्हें गंभीरता से नहीं लिया गया तो कर्मचारी आंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे।

### तिरंगा यात्रा निकाल शहीदों को याद किया



**एसके ठाकुर, बड़सर।** बड़सर में विधायक इंद्रदत्त लखनपाल के नेतृत्व में गारली चौक मैहरे से लेकर बड़सर चौक तक तिरंगा यात्रा निकाल कर देशभक्तों को याद किया। तिरंगा यात्रा के दौरान लखनपाल ने कहा कि तिरंगा यात्रा उन शहीदों की कुर्बानियों को याद करना है, जिन्होंने देश की एकता अखंडता के लिए अपने प्राणों तक निछावर कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क गिनौनी हरकतों से बजा आ जाए, अन्यथा परिणाम घातक होंगे। तिरंगा यात्रा में मंडल अध्यक्ष यशवीर सिंह पटयाल, जिला परिषद सदस्य संजीव शर्मा, जिला परिषद मांगा राम सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

## दशकों से चली आ रही नंबरदार प्रथा बंद न करे सरकार : सुरदीप ठाकुर



**अनंत ज्ञान ब्यूर, हमीरपुर।** प्रदेश में दशकों से चली आ रही नंबरदार प्रथा को बंद न किया जाए। सरकार किसी एक के कहने पर इस तरह की जनहित से जुड़ी प्रथा को बंद नहीं कर सकती है। यह मांग नंबरदार जन कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष सुरदीप ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से नंबरदार जनता के बीच एक तरह से सरकार के प्रतिनिधि होते हैं, जो उन तक सरकार की कई चीजों को जहां पहुंचने का काम करते हैं। वहीं, सरकार को राजस्व एकत्र कर भी देते हैं। गांव में यही एक ऐसा व्यक्ति होता है, जो सरकार के कामों तक जनता तक पहुंचना है, समय के साथ कुछ बदलाव जरूर हुए हैं, लेकिन इनकी उपयोगिता को कम नहीं माना जा सकता है। ग्रामीण इलाकों में आज भी भूमि संबंधी कामों को लेकर इनका काफी महत्व रहता है। इस मांग को संघ पूरी तरह से खारिज करता है और सरकार से मांग करता है कि दशकों से चली आ रही इस प्रथा को पहले की तरह ही जारी रखा जाए, ताकि लोगों को इसकी सुविधा मिलती रहे।

## जोल स्कूल में बैडमिंटन प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं का किया भव्य स्वागत



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** राजकीय क्लस्टर पाठशाला जोल में बैडमिंटन प्रतियोगिता की विजेता छात्राओं का भव्य स्वागत किया गया। पाठशाला प्रबंधन समिति शिक्षक वर्ग व अन्य स्कूल के बच्चों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर क्लस्टर प्रमुख ने विजेता छात्राओं को सम्मानित भी किया। इस मौके पर क्लस्टर प्रमुख संजीव कुमार राजकीय माध्यमिक पाठशाला प्रभारी नेहा मोदगिल, प्रोमिला हेमंता शारीरिक शिक्षक दिनेश कुमार उपस्थित रहे। क्लस्टर प्रमुख ने बच्चों को बधाई दी है।

## विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर पीएनबी ने लगाई प्रदर्शनी



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पंजाब नेशनल बैंक मंडल कार्यालय हमीरपुर और लीड बैंक कार्यालय हमीरपुर ने विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के उपलक्ष्य पर अपने कार्यालय परिसर में एक प्रदर्शनी लगाई। पंजाब नेशनल बैंक के मंडल प्रमुख अरविंद कुमार सरोच ने इस प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। 15 अगस्त तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में कई ऐतिहासिक चित्रों के साथ-साथ पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) से संबद्ध विभिन्न स्वयं सहायता समूहों के उत्पाद भी प्रदर्शित किए गए हैं। इस अवसर पर जिला लीड बैंक अधिकारी टशी नामग्याल, मंडल कार्यालय और लीड बैंक कार्यालय के अन्य अधिकारी, पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार संस्थान (आरसेटी) हमीरपुर के निदेशक अजय कतना और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## मोदी सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए संकल्पबद्ध है : अजय शर्मा



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं एपीएमसी हमीरपुर के पूर्व अध्यक्ष अजय शर्मा ने कहा है कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार किसानों की आय में वृद्धि के लिए संकल्पबद्ध है और इसके लिए लगातार कई नई योजनाएं शुरू की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में उच्च उपज जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की 109 किस्में जारी की हैं। जिसमें खाद्य फसलों की 69 किस्में तथा बागवानी फसलों की 40 किस्में हैं। केंद्र सरकार द्वारा इन फसलों के उन्नत बीज किसानों को उपलब्ध करवाए जाएंगे, जिससे किसानों की आय में ऐतिहासिक वृद्धि होगी।

## झूठी गारंटियां देने के लिए इतिहास में दर्ज होगा सुक्खू सरकार का नाम : राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि हिमाचल प्रदेश की जनता को झूठी गारंटियां देकर भ्रमित करने और जनता से सुविधाएं छीनने के लिए सुक्खू सरकार का नाम इतिहास में दर्ज होगा। राजेंद्र राणा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रदेश की जनता को 10 गारंटियां दी थीं और अनेक वादे किए थे, लेकिन सत्ता में बैठते ही मुख्यमंत्री सुक्खू इन गारंटियों से किनारा करके अपने मित्रों पर मेहरबान हो गए और जनता को उसके हाल पर छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में महिलाओं और युवाओं से बेइमानी करने वाली सुक्खू सरकार का आने वाले समय में हश्र ठीक वैसा ही होने वाला है, जैसे देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में कांग्रेस सिर्फ तीन सीटों पर सिमट कर रह गई है। राजेंद्र राणा ने कहा कि प्रदेश में विकास शून्य हो गया है और सड़कें खस्ता हाल हैं, लेकिन सरकार कर्ज लेकर मित्रों पर खजाना लुटा रही है।

## लगमन्वी सड़क मार्ग झाड़ियों में हो गया गुम, वाहन चालक हो रहे परेशान



**एसके शर्मा, जाहू।** सुलगवान से वाय लगमन्वी सड़क मार्ग को झाड़ियों ने ढक दिया है। लगमन्वी सड़क पर झाड़ियां इतनी अधिक फैल चुकी हैं कि वहान चालकों को काफी परेशानी रही है। सड़क पर लटकी झाड़ियों के चलते इस मार्ग पर सुरक्षित गुजरना मुश्किल हो गया है । झाड़ियों की साफ-सफाई का काम लंबे समय से न होने ये यह समस्या उत्पन्न हुई है। इस मार्ग पर आमने-सामने से दो वाहनों के आ जाने यह परेशानी अत्याधिक बढ़ जाती है। बड़ी गाड़ियों के आने से दो वाहन सवार लोगों को झाड़ियों से खरोंच लग जाती है। अशोक कुमार, कमल कुमार, कुमार, प्रदीप कुमार, आम सागर, ललित मोहन, हसं राज, राज कुमार, कुलदीप कुमार, हेमराज, मंशा राम, राजो देवी सहित अन्य ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग भोरंज से मांग की है कि सड़क पर फैली झाड़ियों की अतिशीघ्र साफ-सफाई करवाई जाए, ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। (अनंत ज्ञान)

## महाराणा प्रताप का स्टैचू लगाया



**हमीरपुर।** शहर के वार्ड नंबर 2 में पार्क में लगाया गया महाराणा प्रताप का स्टैचू, जिसके साथ खड़े हैं नगर परिषद के अध्यक्ष मनोज मिन्हास, ईओ अजमेर ठाकुर, एसडीओ अश्विनी कुमार, राजू चौधरी, अनिल चौधरी और अन्य। यह स्टैचू एक दिन पहले ही इंस्टॉल हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### शिक्षा मंत्री रोहित जिला चंबा के तीन दिवसीय प्रवास पर



**अनंत ज्ञान, चंबा।** हिमाचल प्रदेश के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जिला चंबा के तीन दिवसीय प्रवास पर आ रहे हैं यह जानकारी एक सरकारी प्रवक्ता ने दी है। उन्होंने बताया कि 14 अगस्त को शिक्षा मंत्री हिमाचल भवन चंडीगढ़ से चलकर सांय 6:00 बजे जिला मुख्यालय चंबा पहुंचेंगे, उनका रात्रि ठहराव सर्किट हाउस चंबा में होगा। 15 अगस्त को प्रातः 11:00 बजे शिक्षा मंत्री जिला मुख्यालय चंबा में 78 वें जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह की अध्यक्षता करेंगे तथा इस दिन भी रात्रि ठहराव सर्किट हाउस चंबा में होगा। 16 अगस्त को प्रातः 10:30 बजे शिक्षा मंत्री चंबा में शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक करेंगे। शिक्षा मंत्री इसी दिन बाद दोपहर 3:00 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहलारी के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण करने के उपरांत 3:30 बजे डलहौजी के लिए रवाना होंगे। सांय 5:00 बजे डलहौजी पहुंचेंगे तथा उनका रात्रि ठहराव सर्किट हाउस डलहौजी में होगा। शिक्षा मंत्री का शेष प्रवास कार्यक्रम बाद में जारी होगा।

### सरोल और कियाणी में युवा दिवस आयोजित



**अनंत ज्ञान, चंबा।** आश्रय फाउंडेशन और एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तत्वावधान में समग्र ग्रामीण विकास कार्यक्रम' के तहत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोल तथा कियाणी में युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान आश्रय फाउंडेशन की टीम ने विद्यार्थियों से संवाद स्थापित स्थापित कर उन्हें करियर के बारे में मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही खेल किट्स भी वितरित की गईं। कार्यक्रम में पुलिस विभाग से एएसआई अशोक कुमार ने 9वीं से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को साइबर क्राइम से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की । सहायक कार्यक्रम प्रबंधक सुरभि महाजन ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि फाउंडेशन द्वारा चंबा जिले में आजीविका, महिला सशक्तिकरण, कृषि, स्वास्थ्य, और शिक्षा के क्षेत्रों में कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधान ग्राम पंचायत कियाणी सरिता , प्रधान ग्राम पंचायत सरोल विजय कुमारी उपस्थित रहीं।

### सरकाघाट में हुआ तिरंगा यात्रा का आगाज



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** भाजपा युवा मोर्चा सरकाघाट द्वारा फतेहपुर से सरकाघाट तक युवा मोर्चा अध्यक्ष विनीत ठाकुर की अगुवाई में तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस तिरंगा यात्रा में सरकाघाट के विधायक दिलीप ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस यात्रा के दौरान सरकाघाट सेंट्रल पार्क में विधायक दिलीप ठाकुर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हर घर तिरंगा मुहिम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित सभी महान हस्तियों द्वारा चलाई जा रही है जिसमें हम सभी को बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए तथा बच्चे बच्चे के मन में भारत माता के प्रति प्रेम भाव का जज्बा उत्पन्न कर जोश भरना चाहिए। उन्होंने युवाओं से अपील की है कि 15 अगस्त तक सरकाघाट के हर गांव के हर एक घर तक एक-एक तिरंगा पहुंचना चाहिए। तिरंगा यात्रा में भाजपा अध्यक्ष सुदेश चंदेल, ज़िला महामंत्री राजेन्द्र भुट्टो, युवा मोर्चा महामंत्री वासुदेव शर्मा, शिवम शर्मा, उपाध्यक्ष राकेश ठाकुर, प्रवक्ता अनुज शर्मा, सचिव राजवीर परमार, आईटी संतोष शर्मा,सोशल मीडिया प्रभारी सैम राजपुत्र, मीडिया प्रभारी अभिमन्यु, सुनिल वर्मा, संजू कानव, घनश्याम, राकेश ठाकुर, उमेश बिनु आदि उपस्थित रहे।

# उपस्वास्थ्य केंद्र कूंर बना खंडहर

**ओपी शर्मा, भरमौर**



भरमौर के ग्राम पंचायत कूंर में लाखों रुपए की कीमत से बनाया गया उप स्वास्थ्य केंद्र खंडहर में तब्दील हो गया है। यहां पर पिछले कई वर्षों से कोई भी स्थाई कर्मचारी नियुक्त नहीं हुआ है। लिहाजा यहां के लोगों का स्वास्थ्य पिछले कई सालों से राम भरोसे ही चल रहा है।

बदहाल भवन व लाचार स्टाफ के अभाव के चलते यहां के लोग मजबूरन स्वास्थ्य शिविर में जाकर अपने स्वास्थ्य का चेकअप करवाने को मजबूर है। यही नहीं इस भवन की बदहाल सूरत को लेकर यहां पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले कैंप भी दूसरी जगह लगाए जाते हैं। हैरानी की बात यह है कि लाखों रुपए के कीमत से बना यह स्वास्थ्य भवन अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। यहां पर स्टाफ की मार से यहां के लोगों के साथ लगातार खिलवाड़ हो रहा है । यहां के लोगों को छोटी-छोटी बीमारियों का चेकअप करवाने के लिए अपनी पंचायत से दूर जाना पड़ रहा है।

हैरानी की बात यह है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा पिछले कई वर्षों से यहां पर नियमित स्टाफ नहीं भेजा गया है। जानकारी के अनुसार यहां पर एक मेल हेल्थ वर्कर और एक फीमेल हेल्थ वर्कर की पोस्ट स्वीकृत है, लेकिन विभाग द्वारा पिछले कई सालों से यहां पर रेगुलर स्टाफ की नियुक्ति न होने के कारण डेपुटेशन के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है। यहां पर भवन की हालत इतनी खस्ता हो चुकी है कि स्वयं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी भी दूसरी जगह शिफ्ट होकर कैंप आयोजित कर रहे हैं।

### लोगों को इलाज करवाने के लिए खानी पड़ रही दर-दर की ठोकरें : प्रधान पंचायत

**इस** विषय पर प्रधान ग्राम पंचायत कूंर कल्पना शर्मा ने कहा है कि वह इस संबंध में कई बार सरकार व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। यहां पर लाखों रुपए की वजह से बनाया गया उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन शौचालय में तबदील हो रहा है। यहां की गरीब जनता को छोटी-छोटी बीमारियों का इलाज करने के लिए दर-दर की ठोकर खानी पड़ रही है। अगर इस समस्या की ओर जल ध्यान नहीं दिया गया तो यह भवन आने वाले समय में खंडहर में तब्दील हो जाएगा। हैरानी की बात यह है कि इस भवन की हालत इतनी खस्ता है कि स्वयं स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों द्वारा कैंप सरकारी स्कूलों में लगाए जा रहे हैं। जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह पंचायत के लोगों को इकट्ठा कर कर आंदोलन के राह भी अपना लेंगे।

### 100 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद हैं खाली : बीएमओ

**बीएमओ** धरवाला नवदीप राठौर ने कहा है कि पूरे खंड चूड़ी में 100 से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारियों के पद खाली चले हुए हैं। उन्होंने कहा है कि वह इस संबंध में कई बार सरकार व प्रशासन को अवगत करवा चुके हैं। स्टाफ की कमी के कारण कई बार दूसरी जगह से स्टाफ मंगवा कर कैंप वगैरा आयोजित करवाए जा रहे हैं।

### सीएम को स्टाफ की कमी से करवाएंगे अवगत : विधायक

**इस** विषय पर विधायक भरमौर डॉक्टर जनक राज ने कहा है कि वह समय-समय पर सरकार के समक्ष इस मांग को प्रमुखता से उठा चुके हैं। इस तरह की कमियों की उनके पास पूरी जानकारी है लेकिन व्यवस्था परिवर्तन के नाम वाली सरकार से विकास की उम्मीद करना बेकार है। उन्होंने फिर भी वह इस संबंध में स्वयं स्वास्थ्य मंत्री व मुख्यमंत्री को दोबारा से पूरे भरमौर में चल स्टाफ की कमी को लेकर अवगत करवाएंगे।

# बलोठ पंचायत में हो रहे भूस्खलन का विधायक जनकराज ने लिया जायजा



दौरे के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए विधायक डॉ. जनकराज।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

ग्राम पंचायत बलोठ में शेर करुण्टू घार में हो रहे भूस्खलन को लेकर विधायक भरमौर पांगी डॉक्टर जनकराज ने घटनास्थल का दौरा कर जायजा लिया। इस मौके पर ग्राम पंचायत के प्रधान देव राज, पूर्व प्रधान रतन ठाकुर और पूर्व बीडीसी ओम राज और स्थानीय लोग विशेषकर हनीफ, लाल हुसैन, सलीम भी मौजूद रहे।

विधायक जनक राज ने जिला प्रशासन को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं और जल शक्ति विभाग को जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के आदेश दिए हैं।

गौरतलब है यहां पर पिछले कई दिनों से भारी लैंडस्लाइड होने के चलते कई बीघा उपजाऊ जमीन बर्बाद हो गई है तो वहीं पर आधा दर्जन से अधिक घरों को खाली करवाया गया है। हिस्सा लगातार धंस रहा है। लगातार हो रहे लैंडस्लाइड के चलते यहां पर लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाने के लिए काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

लैंडस्लाइड से यहां पर एक दुकान भी चपेट में आने से टूट गई है। हालांकि सरकार ने इस जगह के लिए पीपीआरी बनाने के निर्देश दिए हैं ताकि जल्द से जल्द इस लैंडस्लाइड को रोकने के लिए बजट का प्रावधान किया जा सके। जानकारी अनुसार यहां पर लैंडस्लाइड पिछले कई सालों से चल रहा है लेकिन अभी तक भी इस ओर उचित कदम नहीं उठाए गए हैं।

विधायक डॉ. जनक राज ने कहा है कि उन्होंने मौके पर जाकर घटनास्थल का जायजा लिया है। प्रशासन को जल्द से जल्द उचित कदम उठाने की निर्देश दिए गए हैं साथ ही जल शक्ति विभाग को पानी की आपूर्ति तुरंत से तुरंत बहाल करने के लिए कहा गया है।

# इंश्योरेंस कंपनी को उपभोक्ता को देनी होगी मुआवजा राशि

**अनंत ज्ञान, चंबा**

कार की इंश्योरेंस होने के बावजूद इंश्योरेंस कंपनी की ओर से मुआवजा राशि न देने पर उपभोक्ता विवाद निवारण कमीशन धर्मशाला, चंबा की अदालत ने इंश्योरेंस कंपनी पर शिकंजा कस दिया है।

कमीशन की ओर से इंश्योरेंस कंपनी की को 15 लाख की राशि 9 प्रतिशत ब्याज सहित प्रभावित को अदा करने के आदेश जारी हुए हैं। इतना ही नहीं, कंपनी को 30 हजार मुआवजे, 10 हजार रुपए मुकदमेबाजी पर वहन हुए खर्च के एवज में अदा करने होंगे।

जिला उपभोक्ता विवाद निवारण कमीशन धर्मशाला, चंबा की अदालत में पहुंचे मामले में पीड़ित ने बताया कि जुलाई 2020 में उसने कार खरीदी। बताया कि 31 अक्तूबर 2020 में उसकी कार रिंडा मोड़ हिमगिरी तहसील चुराह में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस दुर्घटना में चालक की भी मौत हो गई। दुर्घटना के बाद सर्वेयर, पुलिस टीम ने घटनास्थल पर जायजा लेकर रिपोर्ट तैयार की।

दस्तावेजों के आधार पर कंपनी को समस्त दस्तावेज सौंप कर मुआवजा राशि के लिए आवेदन किया। करीब दो माह तक चले कागजों को लेकर तफ्तीश के बाद कंपनी ने इंश्योरेंस की राशि देने से साफ मना कर दिया। पीड़ित परिवार की ओर से केस दायर किया गया। अब कंपनी को ब्याज सहित अदा करने के फरमान सुनाए हैं।

### आज बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, भटियात।** 14 और 16 अगस्त को विद्युत उपमंडल सिहुंता के अंतर्गत 11 केवी के सभी फीडर जैसे हटली, धुलारा, मोरठू, टुंडी, सिहूंता के मरम्मत कार्य हेतु विद्युत आपूर्ति सुबह 9:00 बजे से काम की समाप्ति तक बाधित रहेगी।

विद्युत उपमंडल सिहूंता के अंतर्गत आने वाले, सभी गावं जैसे की सिहूंता थाकोली, डूंगरू बड़द्रामन, थूलेल, बालाना, हटली गोला, द्रामनाला, धुलारा समोट टुंडी, आदि गावों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उपरोक्त कार्य हेतु फीडर का शट-डाउन, मौसम की अनुकूल परिस्थितियों पर निर्भर करेगा।

इसकी सुचना विद्युत उपमंडल सिहुंता के सहायक अभियन्ता राजेश कुमार ने दी।

# सरोल स्कूल को सुरक्षा दीवार लगाने के आदेश

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बैठक के दौरान उपायुक्त व प्रबंधन समिति के सदस्य।

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आज जवाहर नवोदय विद्यालय सरोल में विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक का आयोजन किया गया । उपायुक्त ने विभिन्न मदों की समीक्षा करते हुए स्कूल के स्थानीय प्रबंधन को कन्या छात्रावास की तरफ से रावी नदी के किनारे सुरक्षा दीवार निर्माण को लेकर दोबारा संशोधित प्राक्कलन तैयार कर जवाहर नवोदय विद्यालय प्रबंधन समिति के मुख्यालय भेजने को निर्देशित किया ।

मुकेश रेपसवाल ने विद्यालय परिसर में पेयजल आपूर्ति पर विस्तृत समीक्षा के दौरान विद्यालय प्रबंधन को अतिरिक्त पेय जल भंडारण टैंक बनाने के लिए कार्य योजना तैयार करने को कहा। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विद्यालय परिसर में जारी विभिन्न निर्माण गतिविधियों की गुणवत्ता जांच के लिए लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों तथा विद्यालय के अभिभावक-शिक्षक संघ के तकनीकी सदस्यों का सहयोग लेने को भी कहा ।

उपायुक्त ने भूमि स्थानांतरण मामला, सुरक्षा दीवार लगाने, खेल मैदान तथा चिकित्सा शिविर इत्यादि को लेकर भी विस्तृत समीक्षा की। उपायुक्त ने बैठक के पश्चात विद्यालय परिसर एवं विभिन्न छात्रावासों का निरीक्षण किया तथा स्थानीय विद्यालय प्रबंधन एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इससे पहले प्रधानाचार्य विनोद त्रिपाठी ने बैठक में कार्यवाही का संचालन करते हुए विद्यालय से संबंधित विभिन्न गतिविधियों एवं विद्यार्थियों द्वारा अर्जित उपलब्धियां का ब्यौरा रखा।

# स्वतंत्रता दिवस को लेकर डलहौजी में निकाली तिरंगा यात्रा



तिरंगा यात्रा के दौरान मौजूद विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

उपमंडल मुख्यालय डलहौजी में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में कार्यक्रमों के आयोजन के दौरान आज तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें पूर्व शिक्षा मंत्री एवं पूर्व विधायिका आशा कुमारी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रही।

बता दें इस आयोजन में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों स्थानीय लोगों स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों नगर परिषद के प्रतिनिधियों के इलावा डलहौजी घूमने आए हुए पर्यटकों ने इस तिरंगा यात्रा में भाग लिया यह तिरंगा यात्रा गांधी चौक से होकर सुभाष चौक तक निकाली गई। वहीं आशा कुमारी ने इस तिरंगा यात्रा में आए हुए सभी लोगों का धन्यवाद किया और इस स्वतंत्रता को दिलाने वाले वीर सपूतों को भी याद किया जिनकी बदौलत आज भारत आजाद है।

# 26 अगस्त से 11 सितंबर तक होगी श्री मणिमहेश यात्रा : डीसी

**अनंत ज्ञान, चंबा**



बैठक के दौरान मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।

उत्तरी भारत की प्रसिद्ध श्री मणिमहेश यात्रा की तैयारियों के संबंध में जिला मुख्यालय चंबा में एक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मणिमहेश यात्रा के दौरान प्रशासनिक दायित्वों तथा श्रद्धालुओं को दी जाने वाली सुख सुविधाओं बारे विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में श्री मणिमहेश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं के दृष्टिगत कानून व्यवस्था, सड़कों के मुरम्मत संबंधी कार्यों , परिवहन सुविधा, यातायात व पार्किंग प्रबंधन, साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के पंजीकरण, भोजन तथा रहने संबंधी व्यवस्थाओं, जलापूर्ति, चिकित्सा सुविधा, विद्युत एवं ऊर्जा संबंधी आवश्यकताओं, दूरसंचार व सूचना प्रणाली आदि पर चर्चा की गई।

इस अवसर पर उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि श्री मणिमहेश यात्रा 26 अगस्त से 11 सितंबर तक आयोजित होगी तथा इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

उपायुक्त चंबा ने बताया कि मणिमहेश यात्रा के दौरान भरमौर से मणिमहेश तथा चंबा से भरमौर के लिए ऑनलाइन बुकिंग के माध्यम से हेलीकॉप्टर सुविधा उपलब्ध है उन्होंने बताया कि भरमौर से मणिमहेश का एक तरफा किराया 3875 रूपए तथा चंबा से भरमौर का एक तरफा किराया 25000 रुपए है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग एक लिंक के माध्यम से जिला प्रशासन चंबा तथा मणिमहेश की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपायुक्त चंबा ने बताया कि प्रशासन द्वारा टैक्सी, घोड़ा, खच्चर, ठहरने के विस्तर व भोजन इत्यादि के लिए दरें निर्धारित की गई है। इस दौरान विधुत व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए विभिन्न स्थानों में 12 जनरेटर स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मेला ड्यूटी के लिए तैनात सरकारी कर्मचारियों के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 600 व्यक्तियों के ठहरने की व्यवस्था की जाएगी। पेयजल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने के दृष्टिगत विभिन्न स्थानों पर 208 नल लगाए जा रहे हैं।

प्रशासन द्वारा मणिमहेश यात्रा के दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा तथा इसके लिए लगभग 100 सफाई कर्मचारी लगाए जाएंगे। प्रशासन द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्री फैबरीकेटेड शौचालय स्थापित किए जाएंगे इसके अलावा लंगर आयोजकों को भी लंगर स्थल के आसपास अस्थाई शौचालय स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# डलहौजी पंचपुला में 15 को होगा मेले और भव्य दंगल

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

देशभक्ती सरदार अजीत सिंह यादगार सभा डलहौजी द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष की 15 अगस्त को कुश्ती मेले का आयोजन समाधि स्थल पंचपुला में मनाया जा रहा है ।

इस वर्ष अंडर-19 वर्ग में उभरता सितारा प्रतियोगिता के उपविजेता को 1500 तथा विजेता पहलवान को 2500, डलहौजी कुमार प्रतियोगिता में उपविजेता को 5100 तथा विजेता को 7100 , डलहौजी केसरी प्रतियोगिता में उपविजेता को 7100 तथा विजेता पहलवान को 9100, दंगल शिरोमणि 2024 के सबसे बड़े पुरस्कार में उपविजेता को 10000 जबकि विजेता पहलवान को 12000 तथा पीतल का गुर्ज इनाम के तौर पर दिया जाएगा। राउंड रोबिन लीग आधार पर सभी मैच करवाए जाएंगे दंगल प्रतियोगिता का शुभारंभ बाद दोपहर 2:30 बजे समाधि स्थल पंचपुला से किया जाएगा जिसका शुभारंभ डलहौजी हिलटॉप स्कूल के चेयरमैन डॉक्टर सुधीर धवन द्वारा किया जाएगा।

अंडर-19 प्रतियोगिता में उभरता सितारा की ईनामी राशि डलहौजी शहरी कांग्रेस के महासचिव दीपक गंडोत्रा के सौजन्य से दी जाएगी। सभा के अध्यक्षसुभाष चौहान महासचिव वीरेंद्र ठाकुर कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा तथा समस्त पदाधिकारी ने डलहौजी शहर की जनता तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों से परिवार सहित पधारने की अपील की।

## सूडोकु 0026 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

## सूडोकु 0025 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

# जयराम ठाकुर ने लिया राजबन में हुई त्रासदी का जायजा



प्रभावित परिवारों से मिलते जयराम ठाकुर व अन्य, राहत सामग्री देते हुए।

**कविता, पधर**

द्रंग के चौहार घाटी के राजबन में हुई त्रासदी का जायजा लेने पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर राजबन पहुंचे। वही उन्होंने लोगों का दुख दर्द बांटा और उन्हें ढांढस बंधाया।

इस दौरान इनके साथ द्रंग के विधायक पूर्ण चन्द ठाकुर, बल्ह के विधायक इंद्र गांधी, जोगिंद्रनगर के प्रकाश राणा और मंडी के विधायक अनिल शर्मा भी राजबन पहुंचे। वही नेता प्रतिपक्ष जय राम ठाकुर ने प्रभावितो का दुख दर्द बांटा।

राजबन में पहुंचकर उन्होंने मृतकों के परिवार को ढांढस बंधाया और कहा कि राजबन की घटना बहुत दुखद घटना है जिसमे दस लोगों की दुखद मृत्यु हुई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर में करीब 70 लोग अपनी जान गवा चुके है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि सभी प्रभावितों की हर संभव मदद करें। आपदा के दौरान उपस्थित जिन लोगों के मकान बह गए है उन सभी को मकान मिलने चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों से भी आग्रह किया है कि वे बरसात के इस मौसम में सुरक्षित स्थान पर ही रहें। वही प्रभावितों ने अपनी समस्या नेता प्रतिपक्ष के सामने रखी। जिस पर उन्होंने लोगों को हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। वही उन्होंने कहा कि हम हिमाचल प्रदेश सरकार से भी बात कर रहे है और केंद्रीय नेतृत्व से भी मिलकर आए है और अपनी बात उनके समक्ष रखी है।

इस वक्त ज्यादा मदद की जरूरत हिमाचल प्रदेश को है। प्रधानमंत्री ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है। उन्होंने एक बार फिर प्रदेश सरकार से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया है। वही नेता प्रतिपक्ष ने प्रभावितों को राहत सामग्री भी बांटी कहा कि हम पार्टी की तरफ से भी लोगों का सहयोग कर रहे है।( अनंत ज्ञान)

# संगोष्ठी से किया छात्रों के भविष्य के लिए मार्गदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विधि विभाग में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विधि के छात्रों का उनकी पढ़ाई खत्म होने के बाद अनेकों क्षेत्र में सेवाए देने के लिए मार्गदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख अतिथि के रूप में अधिवक्ता युद्धवीर सिंह ठाकुर जी रहे। एवम विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता माणिक सेठ जी एवम विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय मंत्री श्रवण बी राज जी उपस्थित रहे। विधि विभाग इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने कहा की हाल ही में विश्वविद्यालय में नए दाखिले हुए हैं और शैक्षिणिक सत्र शुरू हो चुका है। इसको देखते हुए विद्यार्थी परिषद ने छात्रों के लिए अनेकों कार्यक्रमों का आयोजन करना शुरू कर दिया है।

विधि विभाग इकाई अध्यक्ष अक्षय ठाकुर ने नए सत्र के प्रवेश परीक्षाओं से पहले ही विद्यार्थी परिषद ने छात्रों की मदद करना शुरू कर दिया था। जिसमें अनेकों छात्रों को फ्री कोचिंग प्रवेश परीक्षा के लिए देने का काम विद्यार्थी परिषद ने किया।

# उच्च शिक्षा में गुणवत्ता लाने की दिशा में किए जाएंगे प्रयास : प्रो. ललित

**अनिल शर्मा, मंडी**



भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा हर साल आयोजित होने वाले राष्ट्रीय संस्थागत रैंकिंग फ्रेमवर्क एनआईआरएफ की प्रक्रिया में अब सरदार पटेल विश्वविद्यालय भी शामिल होगा, जिससे यह पता चल सके कि देश के विश्वविद्यालयों के समक्ष एसपीयू की रैंकिंग कहां खड़ी होती है।

एसपीयू के कुलपति प्रो. ललित अवस्थी ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हाल ही में माननीय गवर्नर ने प्रदेश के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ बैठक कर उच्च शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने को लेकर सार्थक चर्चा की तथा अपनी ओर से भी अमूल्य सुझाव दिए। प्रो. अवस्थी ने बताया कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय की ओर से आगामी 16 से 18 अगस्त तक सोलह सौ बीएड की सीटों के लिए प्रथम दौर की काउंसलिंग करवाई जा रही है, जिसमें चार सौ सीटें नॉन मेडिकल, 339 मेडिकल और करीब 800 सीटें आर्ट्स की होगी।

उन्होंने बताया कि निजी क्षेत्र के पंद्रह बीएड कॉलेजों के लिए यह काउंसिंग होगी, लेकिन एकमात्र सरकारी कालेज वल्लभ राजकीय कालेज इस दौड़ से बाहर हो गया है। उन्होंने बताया कि सरदार पटेल विवि आने वाले समय में आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने की दिशा में प्रयास करेगा, जिसमें विविध विषयों बीटेक, आईटी बीटेक, बीएड और फार्मेसी आदि कोर्स शुरू कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### यूजीसी से मिले 20 करोड़ रुपए

**प्रो.** ललित कुमार अवस्थी ने बताया कि सरदार पटेल विश्वविद्यालय को सुचारू रूप से चलाने के लिए राज्य सरकार की ओर से सकारात्मक किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में वे मुख्यमंत्री सुक्खू और शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से भी मुलाकात कर चुके हैं। आने वाले समय में ईसी और एफसी की बैठकें करवा कर लंबित मुद्दों पर चर्चा कर सरकार के समक्ष रखा जाएगा।

इसके अलावा यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन की ओर से भी एसपीयू को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के तहत बीस करोड़ की राशि मिल चुकी है, जिसे एसपीयू के सुंदरनगर स्थित परिसर को शुरू करने के लिए खर्च किया जाएगा। उसी कड़ी में बासा में भी यूनविर्सिटी के परसिर को को विकसित किया जाएगा।

अनंत ज्ञान

## आज का पंचांग

14 अगस्त, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** श्रावण, **तिथि** नवमी : (10:25): **नक्षत्र :** अनुराधा (12:13), **पक्ष :** शुक्ल, **योग:** एन्द्र (4:05) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:25 - 02:04) ।

## विशेष दिन

- 14 अगस्त 2024 : श्री हरि जयंती आज।
- 14 अगस्त 2024 : कुमारी पूजन आज।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

**मेष:** आज आप अपनों को अपने प्रति बड़ा मददगार पाएंगे। आज अपने आत्मविश्वास से अपने काम के रास्ते में आने वाली सभी कठिनाइयों को आप आसानी से पार कर सकेंगे।

**वृषभ:** आपकी आर्थिक योजना को बल मिलेगा लेकिन विरोधी सक्रिय रहेंगे। शत्रुओं से सावधान रहें। आज किसी असहाय की मदद करने से खुशी प्राप्त होगी।

**मिथुन:** आज का दिन भाग-दौड़ से भरा रहेगा। घरेलू कार्यों में व्यस्त रहेंगे। धन लाभ के योग बन रहे हैं, आज किसी को उधार दिया हुआ पैसा वापस मिल सकता है, आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी।

**कर्क:** आज स्वभाव में उग्रता और क्रोध रहने के कारण आपको काम करने में मन नहीं लगेगा। वाद-विवाद में अपने अहम के कारण किसी की नाराजगी झेलनी पड़ सकती है।

**सिंह:** लोग आपकी तारीफें करते नही थकेंगे। आपकी कड़ी मेहनत अंत में रंग लाई है। अधिकारियों द्वारा आपको उत्तरदायित्व सौंपने पर विचार किया जाएगा।

**कन्या:** आपका दिन सामान्य रहेगा। धर्म के प्रति आस्था बढ़ेगी, घर में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। विज्ञान के छात्रों के लिए दिन बेहतरीन रहेगा, कैरियर के अच्छे अवसर मिलेंगे।

**तुला:** आज आप पूरे दिन सक्रिय रहेंगे। आज आपको फायदा भी हो सकता है। जिस काम में आप लगे हैं उसमें फल अवश्य मिलेगा। कोई भी बात आज आप नाप-तोल पर करें।

**वृश्चिक:** कुछ नया करने की अपनी इच्छा पर ध्यान देना चाहिए। कुछ नया करने या नया खेल खेलने की तीव्र इच्छा आपके मन में चल रही है।

**धनु :** आज आपका दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। भाई-बहन के रिश्तों में मिठास आएगी, एक-दूसरे से दिल खोलकर बातें शेयर करें।

**मकर:** आज ज्यादा खर्च का दिन है। परिवार का वातावरण भी ज्यादा अच्छा नहीं होगा। कुटुंब के लोगों के साथ मतभेद के प्रसंग खड़े होंगे।

**कुंभ:** आज आपकी प्रसिद्धि का जादू दिन भर छाया रहेगा। आए दिन आपके आराम और मौज-मस्ती का मौका मिल जाता है। ये सब आपकी कड़ी मेहनत का ही फल है।

**मीन:** घरेलू कामों की वजह से भाग-दौड़ बनी रहेगी। आप किसी यात्रा पर भी जा सकते हैं, यात्रा के दौरान किसी रिश्तेदार से मुलाकात हो सकती है। आज किसी को उधार देने से बचें।

जब तक शत्रु की दुर्बलता का पता न चल जाए, तब तक उसे मित्रता की दृष्टि से रखना चाहिए। – चाणक्य

## संपादकीय

### बांग्लादेश में हालत बदतर

बांग्लादेश में हालात लगातार खराब होते जा रहे हैं। हालांकि हिंदुओं पर हुए हमलों और मंदिरों की तोड़फोड़ के लिए वहां की सरकार ने माफी मांगी है। अंतरिम प्रधानमंत्री मुहम्मद यूनुस हिंसा से पीड़ित समुदायों से भी मिले हैं। उन्होंने अल्पसंख्यकों को पूरी सुरक्षा का भरोसा दिया है। आने वाले समय में जन्माष्टमी, दुर्गा पूजा और अन्य पर्वों पर सरकार की ओर से सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त करने का आश्वासन दिया है। सरकार अल्पसंख्यकों की सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। निश्चित रूप से सरकार का ये फैसले काबिलेतारीफ हैं। सरकार ने आश्वासन तो बड़े दे दिए हैं, लेकिन इनके पूरा होने पर अभी भी संशय है। जब से पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना सत्ता से बेदखल हुई है तब से यहां अल्पसंख्यक समुदाय अपने आपको असुरक्षित महसूस कर रहा है। दरअसल, बांग्लादेश में हिंदू सबसे बड़ा धार्मिक अल्पसंख्यक है, जिनके घरों, दुकानों और मंदिरों पर हमले हो रहे हैं। हिंदुओं को पारंपरिक रूप से धर्मनिरपेक्ष पार्टी के रूप में पहचान रखने वाली शेख हसीना की अवामी लीग का समर्थक माना जाता रहा है। हालिया आंदोलन में जमात-ए-इस्लामी, बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी और दूसरे दक्षिणपंथी दलों के लोग सक्रिय हैं, इसलिए भी हिंदू निशाने पर आ गए हैं। बांग्लादेश में हालात ऐसे हो गए हैं कि हर कोई दहशत में है। हिंदू छात्रों ने अपनी जान बचाने के लिए अब झूठे नामों का सहारा लेना शुरू कर दिया है।

खौफजदा लोग अपनी रातें डर के साये में गुजारने को विवश हैं। हिंसक तत्व घरों में तोड़फोड़ कर सामान लूटकर ले जा रहे हैं। ऐसे में लोग जान बचाने के लिए अपने घरों को छोड़कर दूर चले जा रहे रहे हैं। ऐसा लगता है कि हिंदुओं को जानबूझकर निशाना बनाया जा रहा है। सवाल यह है कि आखिर हिंदू ही निशाने पर क्यों हैं? अपने बचाव में अब हिंदू भी एकजुट होकर सड़कों पर उतर आए हैं। हिंदुओं में ये भावना घर कर गई है कि आखिर उनको निशाना क्यों बनाया जा रहा है? उन्हें सुरक्षा के आश्वासन तो जरूर दिए जा रहे हैं, लेकिन हालात सुधरने का नाम नहीं ले रहे हैं। अल्पसंख्यकों के बीच गहरी आशंका, चिंता और अनिश्चितता बनी हुई है। हिंसा से बचने के लिए हजारों बांग्लादेशी अब पड़ोसी देश भारत में शरण लेने का प्रयास कर रहे हैं। सोशल मीडया पर तरह-तरह की पोस्टें दौड़ रही हैं, जो आग में घी डालने का काम कर रही हैं। झूठी खबरें और अफवाहें फैलाने से हिंदू समुदाय पर हमला करने के लिए भीड़ को उकसाना यहां की प्रवृत्ति बन गई है। बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले धार्मिक तनाव के कारण भी होते हैं, जैसे कि दुर्गा पूजा उत्सव के दौरान हिंदू देवताओं के प्रति अपमानजनक व्यवहार के चलते वहां माहौल बिगड़ जाता है। हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले सांप्रदायिक हिंसा का रूप लेते हैं, जैसे कि मस्जिदों से निकलने वाली भीड़ द्वारा हिंदू मंदिरों और घरों पर हमला करना आदि। राजनीतिक कारणों से भी यहां हमले होते हैं, जैसे कि सरकार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान हिंदू समुदाय पर हमला करना यहां आम बात हो गई है। इसके अलावा, हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय पर हमले के पीछे आर्थिक और सामाजिक कारण भी होते हैं।

जिस तरह से यहां तनाव बना रहता है इस हिसाब से हिंदू और मुस्लिम समुदायों के बीच संवाद और समझ बढ़ाने के लिए सांप्रदायिक संवाद की बेहद जरूरत है। और ताजा हालातों के मद्देनजर तो इसकी उपयोगिता और बढ़ गई है। सरकार को दोनों समुदायों को सामने बिठाकर समझा बुझाकर इस समस्या का हल निकालना चाहिए। यह काम जितना जल्दी हो जाए उतना ही बेहतर होगा, वरना बहुत देर हो जाएगी और उसकी भरपाई करते-करते काफी समय लग जाएगा, क्योंकि जब एक बार किसी के मन में खटास पैदा हो जाती है तो भले ही वह लाख कोशिश कर ले, लेकिन वह पूर्वाग्रह से ग्रसित रहता है और उस संबंधित व्यक्ति के बारे में गलत सोचता रहता है या उसको नुकसान पहुंचाने की मंशा पाले रहता है। लोगों को शिक्षित करने और उन्हें सांप्रदायिक हिंसा के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षा और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए। सरकार को कानून और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कदम उठाने चाहिए और हिंसा के दोषियों को सजा देनी चाहिए। मीडिया को भी सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने वाली खबरों को रोकने और शांति के लिए काम करने वाली खबरों को प्रमोट करने के लिए काम करना चाहिए। राजनीतिक नेताओं को शांति और सौहार्द के लिए काम करना चाहिए और सांप्रदायिक हिंसा को बढ़ावा देने वाले बयानों से बचना चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### केंद्र सरकार में अनेक विभागों के मंत्री रहे

**सदाशिव** कानोजी पाटिल मुंबई के प्रमुख राजनेता थे। वे केंद्र सरकार में अनेक विभागों के मंत्री रहे थे। वर्ष 1937 और 1946 में वे मुंबई विधानसभा के सदस्य बने। एसके पाटिल बड़े उद्योगों का समर्थन करते थे। उनका कहना था कि यदि निजी उद्योगों को सरकार के हाथों में सौंप दिया गया तो उनकी स्थिति बिगड़ जाएगी। एसके पाटिल का जन्म महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में हुआ था। जब राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने अपना प्रसिद्ध 'असहयोग आंदोलन' प्रारंभ किया, तो उस समय वर्ष 1920 में एसके पाटिल ने 'सेंट जेवियर कॉलेज' छोड़ दिया। बाद के समय में जब महात्मा गांधी ने आंदोलन वापस लिया, तब एसके पाटिल लंदन चले गए और अर्थशास्त्र तथा पत्रकारिता की शिक्षा प्राप्त की। भारत आने पर एस के पाटिल ने 1927 से 1933 तक 'बाम्बे क्रानिकल' नामक एक पत्र में काम किया। साथ ही वे स्वतंत्रता संग्राम और मुंबई नगर निगम के कामों में भी भाग लेते रहे। तीन वर्ष तक वे मुंबई के मेयर भी रहे। अपनी संगठन क्षमता से एसके पाटिल भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में अपनी गतिविधियों के कारण आठ बार गिरफ्तार किए गए। इतनी बार गिरफ्तारी के कारण उन्होंने 10 वर्षों तक जेल की सजा काटी। एसके पाटिल 'कांग्रेस कार्य समिति' के प्रमुख सदस्य थे। 1937 और 1946 में वे मुंबई विधानसभा के सदस्य बने। वे संविधान सभा के भी सदस्य थे। 1952 और 1967 में वे लोकसभा के सदस्य चुने गए और भारत सरकार में सिंचाई, यातायात, विद्युत, खाद्य और कृषि और रेल विभागों के मंत्री रहे। ■



**एसके पाटिल**
**जन्म :** 14 अगस्त, 1900
**मृत्यु :** 24 मई, 1981

कविता



### मत छेड़ मुझे

संदीप चौधरी, कांगड़ा

*मत छेड़ मुझे मेरे हाल में रहने दें,*
*मैं जैसी हूं मुझे वैसे बहने दें,*
*मैं नदी हूं, पहाड़ हूं,*
*मैं ही तो कुदरत का सुंदर नजारा हूं,*
*मत खरोंच मेरे बजूद को,*
*मैं ही तो तेरे जीने का सहारा हूं,*
*मैं जैसी हूं मुझे वैसे रहने दें*
*दुनिया में मेरी खूबसूरती का एक नाम है,*
*मेरे बजूद को बचाना तेरा ही तो काम है,*
*इस तबाही का जिम्मेदार तो तेरा स्वार्थ है,*
*मेरा नाम तो यूं ही बदनाम है।*
*मैं जैसी हूं वैसी रहने दें,*
*मैंने पहल तो नहीं की तुम्हें मिटाने की,*
*हर बार कोशिश की तुम्हें समझाने की,*
*सच बताना कि कौन मासूम है*
*और कौन जालिम?*
*क्या तूने एक बार भी कोशिश की मेरे*
*किरदार को बचाने की?*
*मैं जैसी हूं वैसी रहने दें,*
*यह चीख, पुकार, दर्द और यह*
*खौफनाक मंजर,*
*सोच कर बता कि कौन है इसका*
*जिम्मेदार आखिर,*
*मैं अजर हूं, अमर हूं, अटल हूं,*
*तू तो चंद पलों का यहां है मुसाफिर।*
*मैं जैसी हूं वैसी रहने दें।*
*अगर गुमान है तुझे तेरे आविष्कारों का,*
*तो मुझे भी गुमान है मेरे चमत्कारों का,*
*तू करतब करने से*
*कहां बाज आएगा,*
*मगर याद रखना,*
*जब-जब मुंह उठाएगा,*
*तब-तब फटकार खाएगा,*
*मैं जैसी हूं वैसी रहने दें।*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# लाल किले से 11वीं बार देश को संबोधित करेंगे पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रिकॉर्ड तीसरी बार देश की बागडोर संभाल रहे हैं। 1962 के बाद यह पहली बार है जब कोई नेता लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय राजनीति में ऐतिहासिक रूप से न सिर्फ अपने राजनीतिक कौशल और लोकप्रियता को साबित किया है, बल्कि एक नया कीर्तिमान भी स्थापित किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह उपलब्धि भारतीय राजनीति में उनकी मजबूत पकड़ और जनता के बीच उनकी अपार लोकप्रियता का प्रमाण है। उनके नेतृत्व में देश ने कई महत्वपूर्ण नीतिगत सुधार और विकास के नए आयाम देखे हैं। इसके साथ ही नरेंद्र मोदी, पूर्व पीएम जवाहर लाल नेहरू के बाद लगातार 11वीं बार लाल किले की प्राचीर से देश को संबोधित करने वाले दूसरे प्रधानमंत्री हैं। यही नहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले भारतीय नेता हैं, जिन्होंने दो बार अमेरिकी संसद के संयुक्त सत्र को संबोधित किया है। इस मामले में उन्होंने महान नेता नेल्सन मंडेला की बराबरी कर ली है, जिन्होंने दो बार अमेरिकी संसद को संबोधित किया था।



पवन कुमार शर्मा
स्वतंत्र लेखक

मोदी कई बार दोहरा चुके हैं उनके लिए राष्ट्र ही प्रथम है। उन्होंने देशवासियों के सामने 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य भी रखा है और उस दिशा में वह लगातार हरसंभव प्रयास कर रहे हैं। 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री का देश के नाम संबोधन वह महत्वपूर्ण दस्तावेज होता है, जो देश की दशा और दिशा को बताता है।

मोदी ने अपनी तीसरी पारी की शुरुआत में भी उन्होंने देश के सामने प्राथमिकताएं रखीं हैं, जिनमें भारत को विकसित देश बनाने का रोडमैप है। प्रधानमंत्री हमेशा कहते रहे हैं कि उनकी सरकार का फोकस GYAN पर है– यानी गरीब, युवा, अन्नदाता (किसान) और नारी (महिला) उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 2014 में हर घर शौचालय योजना का ऐलान किया। 2014 से अब तक 12 करोड़ से ज्यादा घरेलू शौचालय बनाए गए हैं। खुले में शौच मुक्त गांवों की संख्या बढ़कर 6.03 लाख और जिलों की संख्या बढ़कर 706 हो गई है। खुले में शौच मुक्त राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की संख्या 35 है। 2014 में जिस दूसरी महत्वपूर्ण योजना का उन्होंने ऐलान किया है, वह है जन धन योजना। आज देश के लगभग 100 प्रतिशत परिवारों को इस सुविधा के तहत लाया जा चुका है। खोले गए खातों में से 60 प्रतिशत खाते ग्रामीण क्षेत्रों में और 40 प्रतिशत खाते शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। जन धन योजना के अंतर्गत करीब 50 करोड़ अकाउंट होल्डर हैं, जिसमें 2 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा धनराशि जमा है।

**वर्ष 2014 (भाषण : 65 मिनट)**
**मुख्य योजनाएं :** हर घर शौचालय, जन धन योजना

**2017** में लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जम्मू-कश्मीर की समस्या को सुलझाने की घोषणा की। 5 अगस्त, 2019 को धारा 370 को हटाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2017 में लाल किले से स्पीच के दौरान सैनिकों के सम्मान में गैलेंट्री अवॉर्ड वेबसाइट शुरू करने का ऐलान किया था। एक करोड़ से ज्यादा लोग वेबसाइट पर हैं। 2017 में ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेम पोर्टल की अहम घोषणा की थी। 17 मई 2017 को शुरू हुआ जेम पोर्टल, भारत सरकार की ई-मार्केटप्लेस वेबसाइट है। वित्त वर्ष 2021-22 में जेम पोर्टल पर 1,06,760 करोड़ रुपए का बिजनेस किया गया जो फाइनेंशियल ईयर 2020-21 के कारोबार के मुकाबले 178 परसेंट ज्यादा है।

**वर्ष 2017 (भाषण : 56 मिनट)**
**मुख्य घोषणाएंः** जम्मू-कश्मीर समस्या सुलझाने की घोषणा, गैलेंट्री अवॉर्ड, वेबसाइट जेम पोर्टल

**15** अगस्त, 2020 को नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन की शुरुआत हुई थी। इसका मकसद देश के सभी लोगों का मेडिकल डेटा ऑनलाइन करना है। देश में 44 करोड़ से ज्यादा हेल्थ आईडी कार्ड बन चुके हैं। 29 करोड़ लोगों ने अपना हेल्थ कार्ड लिंक करवा रखा है। 29 जुलाई, 2020 को न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 का ऐलान किया गया। 2020 में पीएम ने लाल किले से भाषण के दौरान इसकी घोषणा की थी। 15 अगस्त, 2020 से शुरू हुए भारतनेट प्रोजेक्ट का लक्ष्य 1,000 दिनों तक सभी 6 लाख ग्राम पंचायतों को ब्रॉडबैंड कनेक्शन से जोड़ने का है। दूरसंचार विभाग के मुताबिक देश की करीब 2 लाख ग्राम पंचायतें भारतनेट प्रोजेक्ट से जुड़ चुकी हैं।

**वर्ष 2020 (भाषण : 86 मिनट)**
**मुख्य घोषणाएंः** नेशनल डिजिटल हेल्थ मिशन, न्यू एजुकेशन पॉलिसी, भारतनेट प्रोजेक्टः हर गांव इंटरनेट

**2015** में प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से स्टार्टअप इंडिया योजना का ऐलान किया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के मुताबिक देश में अब एक लाख से ज्यादा स्टार्टअप शुरू हो चुके हैं, जिसने देश के युवाओं को रोजगार के नए अवसर भी उपलब्ध करवाए हैं। 2015 में प्रधानमंत्री ने दूसरी बड़ी घोषणा ग्राम ज्योति योजना को लेकर की थी। इस योजना की शुरुआत 2014 में हुई, लेकिन प्रधानमंत्री ने 2015 में लाल किले से 18,452 गांवों में 1000 दिनों में बिजली पहुंचाने का लक्ष्य दिया था, जिसे सिर्फ 987 दिनों में पूरा कर लिया गया था। वन रैंक वन पेंशन को जल्द से जल्द लागू करने की घोषणा प्रधानमंत्री ने 2015 में लाल किले की प्राचीर से की थी। 7 नवंबर 2015 वन रैंक वन पेंशन को लागू कर दिया गया। वर्ष 2022 में पेंशन को रिवाइज किया गया।

**वर्ष 2015 (भाषण : 86 मिनट)**
**मुख्य घोषणाएंः** स्टार्टअप इंडिया, ग्राम ज्योति योजना, वन रैंक वन पेंशन

**2018** में लाल किले की प्राचीर से दिए भाषण में प्रधानमंत्री ने महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना की घोषणा की थी। 25 सितंबर 2018 को इस योजना की शुरुआत हुई। आज यह दुनिया की सबसे बड़ी हेल्थ स्कीम है। अब तक करीब 18 करोड़ कार्ड बनाए जा चुके हैं। देश भर में 13,000 से ज्यादा अस्पताल इस योजना में जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने 2018 में अपने भाषण में गगनयान मिशन का ऐलान किया था। गगनयान मिशन पर 2023 में काम शुरू हुआ। ग्राम स्वराज अभियान की शुरुआत 14 अप्रैल 2018 को हुई थी। 14 अप्रैल, 2018 से 5 मई, 2018 तक ग्राम स्वराज अभियान चलाया गया था। इस अभियान में देश के 21,058 गांवों के लिए विशेष पहल शुरू की गई थी जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाया गया।

**वर्ष 2018 (भाषण : 82 मिनट)**
**मुख्य घोषणाएंः** आयुष्मान भारत गगनयान मिशन का ऐलान, ग्राम स्वराज अभियान

**देश** में 15 फरवरी, 2019 को पहली वंदे भारत ट्रेन शुरू हुई थी। 2021 में 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री ने देशभर में 75 वंदे भारत ट्रेन लांच करने का ऐलान किया। अब तक 40 वंदे भारत ट्रेन चल चुकी हैं। 2021 के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री ने नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का ऐलान किया था। 4 जनवरी, 2023 को शुरू हुई इस योजना के तहत देश के सभी प्रमुख बंदरगाहों पर 2035 तक ग्रीन हाइड्रोजन/ अमोनिया बंकर और ईंधन भरने की सुविधा होगी। 2021 में प्रधानमंत्री ने सैनिक स्कूलों को लड़कियों के लिए भी खोलने का ऐलान किया। देश में 33 सैनिक स्कूल हैं और 2021-22 सेशन से इन स्कूलों में लड़कियों का भी एडमिशन हो रहा है।

**वर्ष 2021 (भाषण : 88 मिनट)**
**मुख्य घोषणाएं :** 75 वंदे भारत ट्रेन का ऐलान, नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन

**2016** में देश के नाम अपने संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लेकर ऐलान किया था। यह योजना 18 फरवरी 2016 को लागू की गई थी। पीएम फसल बीमा योजना के तहत 27 राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों में लाभ पहुंचाने के लिए 18 बीमा कंपनियां, 1.7 लाख बैंक शाखाएं और 44000 कॉमन सर्विस सेंटर सेवाएं दे रहे हैं। 31 अक्तूबर, 2022 तक 25,186 करोड़ रुपए के फसल बीमा प्रीमियम का भुगतान कर दिया गया था।

प्रगति प्रोजेक्ट की शुरुआत 2016 में हुई थी। प्रगति प्रोजेक्ट के तहत पीएम मोदी पेंडिंग पड़ी सरकारी योजनाओं पर खुद नजर रखते हैं। पीएम मोदी ने इसके तहत साढ़े सात लाख करोड़ के 119 प्रोजेक्ट्स का रिव्यू किया और उन्हें जल्द खत्म करने का आदेश दिया। ई-नाम की शुरुआत 14 अप्रैल 2016 को हुई थी। इसके तहत देशभर में कुल 1361 मंडियों को ऑनलाइन जोड़ा गया। इस पोर्टल से देश के 1.75 करोड़ से ज्यादा किसान और 2.40 लाख से ज्यादा व्यापारी जुड़े हुए हैं।

**वर्ष 2016 (भाषण : 96 मिनट)**
**मुख्य घोषणाएंः** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, प्रगति प्रोजेक्ट, ई-नाम प्रोजेक्ट

**2019** में लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री ने जल जीवन मिशन का ऐलान किया। 15 अगस्त, 2019 को शुरू हुई इस योजना के अंतर्गत 2024 तक देश के सभी गांवों में हर घर तक नल से जल पहुंचाने का लक्ष्य है। अब तक 12 करोड़ से ज्यादा घरों तक कनेक्शन पहुंचाया जा चुका है। कुल 19 करोड़ घरों तक यह सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2019 को भारत को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य तय किया था। यह लक्ष्य 2030 तक पूरा करना है। मौजूदा वक्त में भारत की इकोनॉमी 3 ट्रिलियन है। वर्तमान में इकोनॉमी रैंकिंग में भारत पांचवें स्थान पर है। 2019 में प्रधानमंत्री ने चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ बनाने का ऐलान किया था। जनरल बिपिन रावत 31 दिसंबर, 2019 को देश के पहले सीडीएस बने थे। 8 दिसंबर, 2021 को उनका हेलिकॉप्टर क्रैश में निधन हो गया था। उसके बाद 30 सितंबर, 2022 को अनिल चौहान नए सीडीएस बने।

**वर्ष 2019 (भाषण : 93 मिनट)**
**मुख्य घोषणाएं :** जल जीवन मिशन, 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ का ऐलान

**2023** में नई संसद का इनॉगरेशन हुआ। इसी साल 163 साल पुराने आईपीसी, सीआरपीसी कानून बदले गए। सितंबर 2022 को इंडियन नेवी का ध्वज बदला। 2022 में ही किंग्स वे राजपथ को कर्तव्य पथ नाम दिया गया। जॉर्ज पंचम की मूर्ति के निशान को हटाकर नेताजी की मूर्ति लगाई गई।

**वर्ष 2022 (भाषण : 83 मिनट)**
**मुख्य घोषणाएं :** गुलामी से मुक्ति का प्रण, 163 साल पुराने आईपीसी, सीआरपीसी कानून बदले, किंग्स वे रोड बना कर्तव्य पथ

**2023** में लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकसित भारत के लिए कई लक्ष्य तय किए। 90 मिनट के संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2 करोड़ लखपति दीदी, 25 हजार जन औषधि केंद्र और भारत को दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमी में लाने जैसे बड़े वादे किए। उनके मुताबिक 140 करोड़ देशवासी ही उनका परिवार है। राष्ट्र प्रथम और भारत प्रथम की उनकी यही भावना उन्हें देश का सबसे ज्यादा लोकप्रिय जननेता बनाती है।

**वर्ष 2023 (भाषण : 90 मिनट)**
**मुख्य घोषणाएं :** 2 करोड़ लखपति दीदी बनाने का वादा, 25 हजार जन औषधि केंद्र का वादा, दुनिया की टॉप 3 इकोनॉमी में भारत को लाना

# बलपूर्वक आरक्षित श्रेणी में डालना बिलकुल ही गलत

श्री कृष्ण द्वैपायन वेद ब्यास जी महाभारत में एक स्थान पर लिखते हैं 'गुह्य ब्रह्य तदिदं ब्रवीमि। नहि मानुषात्श्रेष्ठतरं हि किंचित।। ' मैं तुमको यह रहस्य बतलाता हूं कि इस लोक में मनुष्य से बढ़कर श्रेष्ठ कुछ नहीं है।'' अर्थात सामाजिक स्थिति भिन्न है।

प्राचीन समय से ही कोलिय क्षत्रियों का इतिहास वीरता, परिश्रम, दानवीरता, स्वाभिमान और राष्ट्र के प्रति निष्ठा का रहा है। ऋग्वेद, यजुर्वेद, वाल्मीकि, रामायण, महाभारत, बौद्ध ग्रंथ, पुराण, महावंश इतिहास, शोध पत्र, गजटियर, लोक साहित्य, किवदंतियां, कोलियों को क्षत्रिय सिद्ध करती है। आज के समय में क्षत्रिय का पर्याय राजपूत माना जाता है। कोलिय शब्द और समुदाय को वृहद भारत से मुगलों और अंग्रेजों ने मिटाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया, किंतु मिटा न सके। किंतु काले अंग्रेजों ने भारत में अलग-अलग रूप में बांट कर इस अति प्राचीन और कुलीन समुदाय का बंटाधार कर दिया।

हिमाचल के जिला मंडी के बल्ह और सुंदरनगर क्षेत्रों में बसने वाले कोलिय जिन्हें कोली, सुच्चे कोली, बसेड़ू, राजपूत, कोली राजपूत आदि नामों से भी अभिहित किया जाता है के संदर्भ में, संघर्ष गाथा है। एक ओर जहां कुछ लोग आरक्षित श्रेणी के लिए पलक पांवडे बिछाने के लिए हर समय तैयार रहते हैं, तो दूसरी ओर कुछ ऐसे भी लोग हैं जो अपने परिश्रम और स्वाभिमान के बल पर जिंदा रहना चाहते हैं। ये लोग आरक्षण को भिक्षा का कटोरा समझते हैं। ऐसे ही स्वाभिमानी लोगों का समुदाय सुंदरनगर और बल्ह के मैदानी भाग का बाशिंदा है। ये लोग चाहते हैं कि उनके गलत हुए इंद्राज की दुरुसती की जाए। उन्हें आरक्षण की कतई जरूरत नहीं। जो लोग आरक्षण कटोरा पकड़े रखना चाहते हैं, उनसे उनका कोई लेना देना नहीं ।

दरअसल सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से डरे ब्रिटिश और उनके पिटठू , फू ट डालो, प्रताड़ित करो, सामाजिक प्रतिष्ठा छीनों और राज करो की नीति अपनाए थे। मुगलों को लोहे के चने चबवाने वाले कोलियों का वे कुछ न बिगाड़ पाए, किंतु कई क्षेत्रों में गिराने में कामयाब रहे। इनके बाद अंग्रेजों ने तो कोई कसर ही नहीं छोड़ी। सन 1871 में क्रिमिनल ट्राइब एक्ट बना कर अनेक समुदाय जनमना अपराधी बना डाले गए। स्वतंत्रता प्रेमी समुदाय कुचलना प्रारंभ कर दिए। बृहद भारतीय समाज को बांटने के लिए सन 1881 की जनगणना में चारों वर्णों को जातियों में बदल डाला। यही नहीं भारतीय शिक्षा पद्धति, गुरुकुलों को नष्ट करके मैकाले की शिक्षा पद्धति शुरू की। यहां तक कि अपने भारतीय गद्दार एजेंट हर ओर नियुक्त करने लग गए। सन 1881 की जनगणना से सन 1911 तक आते सैकड़ों समुदायों में समाज बांट दिया गया। राष्ट्रीय एकता छिन्न-भिन्न कर दी गई। इसी जनगणना में सवर्ण कोलियों को डिप्रैस्ड क्लास में डाल दिया।

**लेखक : कृष्ण चंद महादेविया**
डाकघर महादेव, सुंदरनगर

इसका घोर विरोध हुआ। कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, सुकेत रियासत के सवर्ण कोलियों के तीव्र विरोध के कारण अंग्रेज और सुकेत रियासत के शासक सचेत होकर विरोध को रोकने का उपाय करने लगे। अंग्रेज भक्त राजा सुकेत के कोलियों को न्यायालय में न जाने को मनाने में कामयाब हो गया। सुकेत राजा ने आश्वासन दिया कि वह उनके समुदाय के स्वाभिमान और प्रतिष्ठा पर आंच नहीं आने देगा, जबकि कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर के सवर्ण कोलियों ने होशियारपुर न्यायालय में अंग्रेज और जनगणना में गलत लिखने को लेकर मुकद्दमा दर्ज कर दिया। इसमें अपरोक्ष रूप में सुकेत रियासत के सवर्ण कोली भी शामिल थे। सन 1924-25 के सुकेत विद्रोह में रियासत के बजीर रेवेन्यू सेक्रेटरी का मकान जला दिया गया था। जिसके मुख्य आरोपी सुच्चे कोलियों को मान लिया गया था। सुकेत रियासत के राजा दुष्ट निकंदन सेन के समय राजा की रसोई में जल भरने के कार्य का भी कोलियों ने विरोध किया था। उन्हें जलैहरू शब्द से नफरत हो गई थी। इस कारण भी सुकेत दरबार प्रतिष्ठित कोलियों को पददलित करना चाहता था। पूरा दरबार ही अंग्रेजों का पिछलग्गू था।

1911 की जनगणना के खिलाफ जिला होशियारपुर न्यायालय में कोलियों ने मुकद्दमा दायर किया। 22 दिसंबर 1939 को होशियारपुर न्यायालय ने कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर के कोलियों का सवर्ण ही निर्णीत किया। परोक्ष रूप से सुकेतड़ कोली भी आश्वासत हो गए। किंतु अंग्रेजों ने लाहौर उच्च न्यायालय में अपील दायर कर दी। 22 अप्रैल सन 1941 को लाहौर उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में कोलियों का सवर्ण करार दिया। यह कांगड़ा सहित सुकेतड़ सुच्चे कोलियों की बड़ी विजय थी। कोट कहलूर (बिलासपुर) रियासत के राजा आनंद चंद के समक्ष बिलासपुर के कोलियों ने स्वतंत्रता सेनानी गोकल सिंह ने उनके माल कागजात दुरुस्त करने के लिए मुकद्दमा किया। राजा द्वारा स्वयं जांच-पड़ताल करने के उपरांत 27 अप्रैल 1948 आदेश दिया कि रियासत के कोली राजपूत है। उनके कागजात माल में राजपूत लिखा जाए और कोली बोलने पर प्रतिबंध लगा दिया। सुकेत रियासत में विजय दशमी सन 1946 को सुकेत दरबार में महादेव सहित कुछ गांवों के सुच्चे कोलियों के प्रतिनिधि और रियासत में कार्यरत उनके समुदाय के कर्मचारियों की सभा में उनके माल कागजात में कौम कॉलम में राजपूत इंद्राज करने का आदेश रेवेन्यू सेक्रेटरी को दिया। किंतु रेवेन्यू सेक्रेटरी ने बदले की भावना को नहीं छोड़ा, बल्कि इस अधिकारी द्वारा एक अन्य समुदाय को इनके समक्ष खड़ा करने का प्रयत्न किया। देश आजाद हुआ।

संघर्षरत कोली समुदाय के सुंदरनगर में माल कागजात में सन 1950-51 में कौम राजपूत के बजाए कोली बसेड़ू लिख दिया गया। हालांकि वे सवर्ण थे। सन 1961-62 तक कोलियों को दस्तावेजों में कोली राजपूत शब्द दिखता है। जिला मंडी की तहसील जोगिंद्रनगर और लड्डु इलाका के कोलियों ने न्यायालय में उनके इंद्राज ठीक करने का मुकद्दमा दर्ज किया। न्यायालय द्वारा 27 दिसंबर 1957 को पांच परिवार राजपूत निर्णीत हुए।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# 'हर घर तिरंगा' देश भक्ति का जज्बा, बलिदान देने की देता है प्रेरणा

राष्ट्रीय ध्वज किसी भी देश के लिए सर्वोपरि महत्व रखता है। यह देश की आन, बान, शान का परिचायक तो है ही साथ में ही यह देशवासियों में राष्ट्रीय चेतना, राष्ट्र प्रेम तथा मातृभूमि के सम्मान की रक्षा के लिए बड़े से बड़ा बलिदान देने की प्रेरणा भी प्रदान करता है। राष्ट्रीय ध्वज धर्मनिरपेक्षता का प्रतीक है। यह किसी धर्म, जाति, पंथ या संप्रदाय विशेष से संबंधित नहीं है, अपितु विविधता में एकता का सूचक भी है। भारत के स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ 15 अगस्त 2024 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मनाई जा रही है। राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत की गई है।

देश में आजादी के 77 साल पूरे होने की खुशी में हर भारतवासी को तिरंगा घर लाने और उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है, जो तिरंगे के प्रति सम्मान, जुड़ाव और राष्ट्र निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का भी प्रतीक होगा। 'हर घर तिरंगा' निश्चय ही सरकार के दूरदर्शी चिंतन और जनमानस के लिए एक सशक्त, एकजुट और शक्तिशाली भारत के स्वर्णिम पथ का मार्ग प्रशस्त करने का एक सफल अभियान है। 'हर घर तिरंगा' अभियान की शुरुआत 2022 में हुई थी जब देश में 75वां स्वतंत्रता दिवस 'आजादी का अमृत महोत्सव' के रूप में मनाया जा रहा था, ताकि लोगों को तिरंगे को घर लाने और भारत की आजादी को चिन्हित करने के लिए, इसे फहराने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। पिछले दो वर्षों में 'हर घर तिरंगा' एक जन आंदोलन बन गया है। देशभर के विभिन्न संप्रदायों के लोगों ने इसे सहर्ष स्वीकारा है और इसे ऑनलाइन, ऑफलाइन कार्यक्रम में भागीदारी के माध्यम से गर्म जोशी के साथ निभाया है।



**लेखिका : वसुंधरा धर्माणी**
घुमारवीं, बिलासपुर

'हर घर तिरंगा' उत्सव के कार्यक्रमों में तिरंगा दौड़, तिरंगा संगीत कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, चित्रकला प्रतियोगिता आदि कार्यक्रम स्कूल और कॉलेजों में कराए जा रहे हैं। इस अभियान का उद्देश्य 9 अगस्त से 15 अगस्त तक देश में झंडा फहराना है। भारतीय ध्वज में तीन रंग की पट्टियां हैं। सबसे ऊपर केसरिया, बीच में सफेद, नीचे हरे रंग की पट्टी और यह तीनों समानुपात में है। केसरिया रंग साहस और बलिदान का प्रतीक है, सफेद रंग शांति और सच्चाई का और हरा रंग विकास और समृद्धि का प्रतीक है। इसके साथ ही बीच में स्थित अशोक चक्र, जो 24 तीलियों से बना है यह धर्म, न्याय और प्रगति का प्रतीक है। इन तीन रंगों में समूचा भारत बसा है। यह सिर्फ एक कपड़े का टुकड़ा अथवा तीन रंगों का संयोजन ही नहीं है, अपितु हर्ष, गौरव और उत्साह को परिलक्षित करता है।

2002 से पहले घरों, कार्यालयों पर ध्वज फहराने की अनुमति नहीं थी। 26 जनवरी 2002 को भारतीय ध्वज संहिता में संशोधन किया गया और स्वतंत्रता के कई वर्षों बाद भारत के नागरिकों को अपने घरों कार्यालयों और फैक्ट्रियों में न केवल राष्ट्रीय दिवसों पर बल्कि किसी भी दिन फहराने की अनुमति मिली। अब भारतीय नागरिक राष्ट्रीय झंडे को शान से कहीं भी किसी भी समय फहरा सकता है, बशर्ते वे तिरंगे की शान में कोई कमी न आने दे। तिरंगे को अपना पूरा सम्मान दे। इस अभियान को सफल बनाने के लिए पंचायती राज संस्थाएं तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा विज्ञापन के माध्यम से इस आयोजन को बढ़ावा दिया जा रहा है। साथ ही स्वयं सहायता समूह, युवक मंडल, महिला मंडलों को भी इस अभियान में शामिल किया जा रहा है। प्रदेश सरकार ने सभी स्कूलों के बच्चों, गांव के बुजुर्गों और युवाओं को भारत माता के गौरव में गीत गाने और जनता में देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए गांव-गांव और हर शहर में तिरंगा लेकर प्रभात फेरी निकालने का भी आग्रह किया है।

इस अभियान की मुहिम का यह भी लक्ष्य रहा है कि हम उन स्वतंत्रता सेनानियों को भी याद करें, जिन्होंने तिरंगे की आन, बान और शान के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। यह उन महान बलिदानियों को याद करने का भी एक सुअवसर है, जिन्होंने अपना तन, मन व धन सब अपनी धरती मां के लिए समर्पित कर दिया। इससे हमारी भावी पीढ़ी में भी राष्ट्र प्रेम, अपनापन और देश के प्रति अपना दायित्व संभालने का भाव भी जागृत होगा। उनके भीतर कर्तव्यबोध जागृत होने के साथ-साथ कर्तव्य परायणता का भाव भी विकसित होगा। आज युवा पीढ़ी को अपने इतिहास में झांकने की बहुत जरूरत है। महान व्यक्तियों के आचरण को आत्मसात करने की जरूरत है।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### लोक निर्माण मंत्री 14 को मंडी जिला प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, मंडी।** लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह 13 व 14 अगस्त को मंडी जिला के प्रवास पर रहेंगे। 13 अगस्त को सायं वह शिमला से मंडी पहुंचेंगे। 14 अगस्त को दोपहर 12.30 बजे वह द्रंग विधानसभा क्षेत्र के थल्टूखोड में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर प्रभावित लोगों से मिलेंगे। इसके बाद लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह कुल्लू के लिए रवाना हो जाएंगे।

### प्राथमिक पाठशाला मुंदड़ू को भेंट किया वाटर कूलर



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** केंद्रीय प्राथमिक पाठशाला मुंदड़ू के बच्चों को अब शीतल पेयजल उपलब्ध होगा। केंद्रीय मुख्य शिक्षक दुर्गा प्रसाद ने बताया कि गांव मुंदड़ू के दंपति धर्म सिंह ठाकुर और उनकी पत्नी लता देवी ने स्वेच्छा से स्कूल को वाटर कूलर भेंट किया है। स्कूल के अध्यापकों एवं स्कूल प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने उनके इस सहयोग के लिए उन्हें पहाड़ी टोपी पहनकर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान शोभा राम एवं समस्त कार्यकारिणी सहित केंद्रीय मुख्य शिक्षक दुर्गा प्रसाद एवं अन्य अध्यापिकाओं ने आभार प्रकट किया गया।

### दस दिन में मांगें न मानी तो करेंगे प्रदर्शन : एबीवीपी



**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इकाई निहरी के कार्यकर्ताओं ने महाविद्यालय की स्थानीय मांगों और समस्याओं को लेकर महाविद्यालय के कार्यवाहक प्राचार्य शशि कुमार और तहसीलदार निहारी केशव कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थी भी शामिल हुए। छात्र शक्ति इकाई अध्यक्ष पुनीत, इकाई मंत्री नेहा, उपाध्यक्ष हिमांशी, एसएफआई प्रमुख पूनम और मीडिया प्रमुख कौशल ने कहा कि सरकार और महाविद्यालय को 10 दिनों में मांगों को पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। एबीवीपी ने निर्धारित समय में मांगें पूरी न होने की सूरत में उग्र कदम लेने की चेतावनी भी दी है।

### जोगिंद्रनगर गर्ल्स स्कूल की अपूर्वा टॉप टेन में शामिल



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की प्लस वन में पढ़ने वाली छात्रा अपूर्वा सपुत्री राजेन्द्र पाल ने हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला द्वारा आयोजित मार्च 2024 की दसवी कक्षा की परीक्षा में टॉप 10 में स्थान प्राप्त किया है। राजकीय आदर्श राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोगिंद्रनगर की दसवीं कक्षा की चार छात्राओं ने टॉप 10 में अपनी जगह बनाई थी। बोर्ड द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में अपूर्वा के अंक बढ़ जाने के कारण टॉप 10 में जगह बनाने वाली इसी पाठशाला की यह पांचवी छात्रा है। पाठशाला प्रधानाचार्य डा. सुनील ठाकुर व समस्त कन्या परिवार द्वारा अपूर्वा व उसके परिजनों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

### पैरा पंप ऑपरेटर और मल्टीटास्क वर्कर के भरे जाएंगे 20 पद

**कविता, पधर।** अधिशाषी अभियंता जल शक्ति मंडल पधर ने बताया की जल शक्ति मंडल पधर में पैरा पंप ऑपरेटर, पैरा फिटर और मल्टीटास्क वर्कर के कुल 20 पद भरे जाने हैं। आवेदनकर्ता 16 अगस्त से 31 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। पैरा पंप ऑपरेटर के कुल 8 पद जिसमें अनारक्षित 6, अनुसूचित जाति 1, अन्य पिछड़ा वर्ग 1, पैरा फिटर अनारक्षित के 4 पद भरे जाने हैं। इसके अतिरिक्त मल्टी पर्पज वर्कर के 8 पद जिसमें अनारक्षित 6, अनुसूचित जाति 1 तथा अन्य पिछड़ा वर्ग से 1 पद भरे जाएंगे। आवेदन कर्ता की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। पैरा पंप ऑपरेटर के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक तय की गई है। इसके साथ मान्यता प्राप्त आईटीआई से इलेक्ट्रीशियन ,वायरमैन ,डीजल मैकेनिक, पंप मैकेनिक, मोटर मैकेनिक, पंप ऑपरेटर कम मैकेनिक ट्रेड में सर्टिफिकेट होना अनिवार्य है। वहीं पैरा फिटर के लिए न्यूनतम योग्यता मैट्रिक निर्धारित की गई है। उम्मीदवार के पास मान्यता प्राप्त आईटीआई से ट्रेड फिटर, प्लंबर से सर्टिफिकेट होना जरूरी है। मल्टीपर्पज कर्मी के लिए आवेदन पत्र के साथ आठवीं, हिमाचली बोनाफाइड, कैटेगरी तथा आयु प्रमाण पत्र का होना अनिवार्य रखा गया है।

### जाइका प्रोजेक्ट के कृषि अधिकारियों को किया प्रशिक्षित

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जाइका प्रोजेक्ट हमीरपुर के सौजन्य से कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर में एकीकृत कीट प्रबंधन पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में जाइका परियोजना में कार्यरत जिला मंडी, कांगड़ा हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना, सोलन, से आए हुए जाईका प्रोजेक्ट के कृषि अधिकारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रधानाचार्य, कृषक प्रशिक्षण केंद्र सुंदरनगर डॉ. प्राची ने एकीकृत कीट प्रबंधन के जरूरी पहलुओं और उनके निवारण पर प्रकाश डाला। प्रशिक्षण के पहले दिन प्रशिक्षण समन्वयक हितेंदर सिंह ने एकीकृत कीट प्रबंधनः अवधारणा और प्रमुख प्रबंधन की विस्तृत जानकारी दी। प्रशिक्षण के दूसरे दिन वानिकी एवं बागवानी महाविद्यालय थुनाग के वैज्ञानिक डॉ. मंजू के द्वारा कृषि प्रणाली और कीट प्रबंधन का विश्लेषण, महत्त्वपूर्ण फसलों के महत्त्वपूर्ण कीटों की पहचान और एकीकृत प्रबंधन पद्धतियाँ तथा डॉ आदिति शर्मा के द्वारा कीट निगरानी, कीटनाशक निर्माण, विषाक्तता, अवशेष और कीटनाशकों के सुरक्षित रख रखाव में महत्वपूर्ण उपकरण, महत्वपूर्ण फसल की बीमारियों की पहचान और एकीकृत प्रबंधन प्रबंधन पद्धतियां के बारे में प्रशिक्षित किया गया।

### रिवालसर झील के आसपास लगाए देवदार के पौधे



**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** लोगों की सहायता के द्वारा रिवालसर झील के आसपास पौधारोपण किया गया स्थानीय लोगों ने देवदार के पौधे लगाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। गर्मी के समय में ज्यादातर जंगलों में आग लगने के कारण पेड़ पौधों की जनसंख्या घटती जा रही है। इस मौके पर गगन इंदौरिया, दिनेश हजी, ज्वालू राम, पवन गुप्ता, अश्विनी भाटिया, सुरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे ।

### 12वीं में पुनः मूल्यांकन के बाद खुशबू के बढ़े 47 अंक



**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की कार्य प्रणाली अधिकतर विवादों में ही रहती है। बचपन से ही हार्ट की मरीज खुश्बू के 12वीं कक्षा में परीक्षा परिणाम में ऐसी लापरवाही बरती गई कि मार्च माह में साइंस स्ट्रीम की इस छात्रा को फिजिक्स व केमिस्ट्री में बहुत ही कम अंक देकर फेल कर दिया गया था। इस परीक्षा परिणाम पर खुश्बू निराश नहीं हुई। उसे विश्वास था कि उसके पेपर अच्छे हुए हैं। ऐसे में उसने पुनः मूल्यांकन के लिए आवेदन किया। हैरानी की बात है कि केमिस्ट्री विषय की थ्योरी में उसे 17 नंबर मिले थे जो की अब पुनः मूल्यांकन के पश्चात 40 हो गए जबकि फिजिक्स विषय की थ्योरी में 15 नंबर मिले थे। यह भी पुनर्मूल्यांकन के बाद 40 हो गए। यानी दोनों विषयों में कुल 47 अंक बढ़ गए।

### चतुर्भुजा में चल रही शिवमहापुराण कथा को विश्राम



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** बसाहीधार में स्तिथ माता चतुर्भुजा के प्रांगण में चल रही श्री शिवमहापुराण कथा को आज हवनयज्ञ पूर्णाहुति के बाद विश्राम दे दिया गया। इस ग्यारह दिवसीय कथा के दौरान लोगों ने कथावाचक पंकज शर्मा के द्वारा शिव महिमा का गुणगान सुना। पकंज शर्मा ने कहा कि इन पुराणों, भगवत गीता, रामायण इत्यादि ग्रन्थों में लिखी बातों को मात्र सुनने के लिए नहीं, बल्कि अपने जीवन में ढालना चाहिए। कथा सुनने आये लोगों ने भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया।

# बालीचौकी में मनरेगा मजदूरों का प्रदर्शन

## श्रम कल्याण बोर्ड से मिलने वाली सुविधाओं को जल्द देने की मांग

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**



बालीचौकी में प्रदर्शन के दौरान सामूहिक चित्र में।

उपमंडल मुख्यालय बालीचौकी में को मनरेगा मजदूरों ने हिमाचल प्रदेश मनरेगा व निर्माण एवं सर्व कामगार संगठन के बैनर तले जिला श्रम कल्याण अधिकारी की मनमानी की लेकर विरोध प्रदर्शन किया। मजदूरों के इस प्रदर्शन का नेतृत्व संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संत राम ने किया। प्रदर्शनकारियों ने इस दौरान हाथों में बैनर और होर्डिंग ले रखे थे जिनमें कामगारों के वर्ष 2021-22 से रुके हुए क्लेम जैसे छात्रवृति, प्रसूति उपरांत मिलने वाली धनराशि, मृत्यु के उपरांत मिलने वाली अनुदान राशि इत्यादि को शीघ्र ही मजदूरों के बैंक खातों में डलवाने की मांग की गई थी।

इस दौरान मजदूरों जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल थी ने उपमंडल मुख्यालय के जीरो चौक तक प्रदर्शन किया।

मजदूरों ने श्रम कल्याण अधिकारी मंडी की कार्यप्रणाली को मजदूर विरोधी बताते हुए उनसे मजदूरों के हितों की ओर ध्यान देने की चेतावनी दी। इस अवसर पर कामगार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संत राम ने मजदूरों को संबोधित करते हुए कहा को जब तक मनरेगा मजदूरों को श्रम कल्याण बोर्ड लंबित सुविधाएं नहीं देता है तो वे न केवल जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन करेंगे बल्कि बोर्ड के शिमला कार्यालय में भी मजदूरों को लेकर प्रदर्शन करेंगे। अध्यक्ष संत राम ने इस मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर की कार्यप्रणाली को भी शर्मनाक बताया और कहा कि व्यक्तिगत प्रतिशोध के चलते मुख्यमंत्री ने हजारों मनरेगा मजदूरों के हितों से खिलवाड़ करते हुए उनकी सुविधाएं रोके रखी।

संत राम ने कहा कि पूर्व की सरकार अगर प्रचार के नाम पर करोड़ों रुपए की धन राशि न उड़ाती तो आज मजदूरों को मिलने वाली सुविधाएं लंबित न रहती। इस अवसर पर मजदूरों ने संत राम के नेतृत्व में एमडीएम बालीचौकी के माध्यम से अपनी मांगों को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री सुक्खू, कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह और प्रधान सचिव श्रम एवं रोजगार हिमाचल प्रदेश को भी प्रेषित किया। प्रदर्शन के दौरान संगठन के प्रदेश कोषाध्यक्ष शोभा राम भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### विधायक चंद्रशेखर ने समस्याओं पर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** विधायक चंद्रशेखर ने सरकाघाट व धर्मपुर मंडल के जल शक्ति विभाग तथा विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता सभी सहायक अभियंता तथा कनिष्ठ अभियंताओं के साथ बिजली पानी की समस्याओं व समाधानों पर चर्चा की। उसके बाद युवा कांग्रेस की बैठक ली जिसमें विधायक चंद्रशेखर ने युवाओं से पार्टी हित में कार्य करने, सरकार की विकासात्मक नीतियों को लोगों तक और लोगों की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाए पार्टी आ रहे युवा कांग्रेस के चुनाव में के बारे में भी चर्चा हुई।



अधिकारियों के साथ वार्ता करते हुए विधायक चंद्रशेखर

#### प्रशासन की लापरवाही से जर्जर हुआ करोड़ों से निर्मित भवन

# लघु सचिवालय सरकाघाट की दीवारों में उगे पेड़

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



मंडी जिला के सरकाघाट मुख्यालय की कभी पहचान बना मिनी सचिवालय का भवन प्रशासनिक आला अधिकारियों की लापरवाही के चलते आज जर्जर हालत में पहुंच गया है। इस पांच मंजिला भवन की दीवारों में बड़े-बड़े पेड़ उग गए हैं। दीवारों पर सिलन की वजह से घास उग गई है, वहीं चारों कोनों पर बनाए गए सीवरेज पाइपों के चैंबरों से सिवरेज के लीकेज होने के कारण बदबू फैली रहती है।

यहां बताना जरूरी है कि अब इस मिनी सचिवालय के अंदर माननीय सत्र न्यायाधीश के अलावा कोर्ट नंबर एक और कोर्ट नंबर दो उप मंडल अधिकारी नागरिक, डीएसपी, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग जल शक्ति विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग खाद्य एवं आपूर्ति विभाग तहसीलदार नायब तहसीलदार सहित अन्य कई विभागों के कार्यालय स्थित है।

स्थानीय जनता सामाजिक संस्थाओं द्वारा कई बार यह मुद्रा अधिकारियों के समक्ष भी उठाया गया, लेकिन किसी ने भी इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया जबकि सारे बड़े अधिकारी इसी भवन में बैठते हैं। लोगों में एडवोकेट पंजाब सिंह, लाल सिंह, तेग सिंह, खेम चंद , अजय जमवाल, संदीप वशिष्ठ, विजेंद्र गिल आदि ने सरकार से तुरंत इस भवन की दुर्दशा को सुधारने की गुहार लगाई है और कहा है कि करोड़ों रुपए की लागत से निर्मित इस भवन को बचाया जाए। टिकरी 6 करोड़ रुपए से निर्मित इस मिनी सचिवालय को अब बने हुए दो दशक हो चुके हैं परंतु आज तक इस भवन के रखरखाव को लेकर फूटी कौड़ी भी खर्च नहीं की गई।

> पीडब्ल्यूडी ने इसका मरम्मत का एस्टीमेट बनाकर भेजा है इसकी तुरंत रिपेयर की जाएगी तथा पेड़ व घास को हटाने के लिए मजदूर लगाए जाएंगे।
>
> -स्वाती डोगरा, एसडीएम सरकाघाट।

# ऑनलाइन गेमिंग के चक्कर में 20 वर्षीय युवक पहुंचा जेल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर के भराड़ू निवासी 79 वर्षीय शुंका राम के बैग से 50 हजार रुपए निकालने वाला युवक पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर केस दर्ज कर लिया है।

डीएसपी पधर दिनेश कुमार ने बताया कि इस मामले ने पुलिस ने चौंतड़ा इलाके के पडैन गांव के अमित कुमार उर्फ अमन उम्र 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। आरोपी युवक जोगिंद्रनगर कालेज का बीएससी सेकंड ईयर का छात्र है। पुलिस छानबीन में यह बात सामने आई है कि युवक को ऑनलाइन गेम खेलने की लत लग चुकी थी जिस कारण उसे पैसों की जरूरत थी। जब वह बैंक में था तब उसने बुजुर्ग को पैसे निकालते देखा तथा वह बुजुर्ग का पीछा करते हुए भराड़ू पहुंच गया जहां उसने मौका पाते ही बुजुर्ग के बैग से यह राशी चुरा ली।

गौर हो कि गत सीआईएसएफ से सेवानिवृत्त हुए शुंका राम 5 अगस्त को अपनी पेंशन को निकालने हेतु जोगिंद्रनगर के पंजाब नेशनल बैंक आए थे। पुलिस द्वारा उसे आज न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### पंडोह चौकी स्टाफ के अभद्र व्यवहार पर जांच शुरू

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** मंडी जिला में पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। पंडोह पंचायत की प्रधान गीता देवी ने महिला मंडल व स्थानीय लोगों के साथ व्यक्तिगत रूप में लिखित में एसपी मंडी से पंडोह पुलिस के पूरे स्टाफ पर ही सवाल खड़े किए थे, जिसमें उन्होंने पंडोह के लोगों की जान माल की सुरक्षा के लिए पूरे स्टाफ को बदलने की मांग की थी।

एसपी मंडी ने इस मामले की जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। जिसके चलते पंचायत प्रधान व अन्य जनप्रतिनिधि मंडल के सदस्यों के ब्यान एसपी ऑफिस मंडी के एक आला अधिकारी द्वारा कलमबंद किए गए।

# रेहड़ी यूनियन ने टाउन वेंडिंग कमेटी की बैठक बुलाने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सीटू से संबंधित रेहड़ी-फहड़ी यूनियन ने निगमायुक्त मंडी को टाउन वेंडिंग जल्द बुलाने के लिए पत्र लिखा है और जल्द बैठक बुलाने की मांग की गई है।

यूनियन के प्रधान सुरेंद्र कुमार और सचिव प्रवीण कुमार ने बताया कि पिछली बैठक 5 मार्च को आयोजित की गई थी और उसमें लिए गए अधिकांश फैसले अभी तक भी लागू नहीं किए गए हैं, जिससे इस कमेटी के प्रति रेहड़ी धारकों की नाराजगी है और अगर जल्द समाधान नहीं हुआ तो यूनियन सड़क पर उतर कर विरोध करने के लिए मजबूर होगी, इसलिए यूनियन ने 31 अगस्त से पहले बैठक बुलाने की मांग उठाई है और पिछली बैठक के निर्णय उससे पहले लागू करने की भी मांग की है। सुरेंद्र ने कहा कि हर सीजन में जो सिजनली रेहड़ियां जैसे आजकल मक्की की उसके बाद सर्दियों में मूंगफली हर साल लगती है और ये प्रावधान कानून में भी है लेकिन इस सीजन में मक्की-भुट्टे की रेहड़ी लगाने की अनुमति नहीं दी जा रही है।

गुजराती समुदाय के तीन दर्जन वेंडरों कि समस्याएं दो साल से जस की तस बनी हुई है, इसलिए आज यूनियन ने 31 अगस्त तक टीवीसी की बैठक आयोजित करने, लंबित लाइसेंस जारी करने और भुट्टे वाली सीजनल रेहड़ी लगाने की जल्द अनुमति प्रदान करने की मांग उठाई है और ऐसा न होने पर 6 सिंतम्बर को यूनियन हड़ताल करेगी और निगम का घेराव करेगी।

# बंद किए रूटों पर बस सेवा बहाल करने की मांग

**आदर्श यादव, नेरचौक**



विधायक इंद्र सिंह एचआरटीसी के महाप्रबंधक रोहन चंद के साथ चर्चा करते हुए।

बल्ह विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्र सिंह गांधी की अगुवाई में बल्ह के लोगों का एक प्रतिनिधिमंडल हिमाचल पथ परिवहन निगम के महानिदेशक रोहन चंद्र ठाकुर से शिमला में मिला।

त्रासदी के उपरांत बंद किए गए निगम के रूटों को तुरंत बहाल करने की मांग की। विधायक इंद्र सिंह गांधी ने बताया कि निगम द्वारा बंद किए गए बहुत से रूट ऐसे हैं जिनकी वजह से बल्ह विधानसभा क्षेत्र के लोगों को भारी समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इन रूटों में सुंदर नगर बटाहण, मंडी बाया गागल होकर मेडिकल कॉलेज

**एचआरटीसी के प्रबंध निदेशक से मिले विधायक इंद्र सिंह गांधी**

नेरचौक व बड़सू तक चलने वाली मुद्रिका बस, मंडी त्रिफलघाट वाया डहनू सिध्यानी, वरसवान, गुरकोठा व लेदा बस, गुरकोठा सुंदरनगर बाया सागहण धडयातर तथा सुंदरनगर कोठी हल्यातर सवाड़ाघाट बस सेवा को बहाल करने पर चर्चा की गई।

विधायक इंद्र सिंह गांधी ने बताया कि उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के दिशा निर्देश पर निगम के महानिदेशक के साथ बंद पड़े रूटों को बहाल करने पर चर्चा की गई।

### पर्यटक और स्थानीय लोगों के बीच हाथा पाई

**अनंत ज्ञान, मंडी।** मंडी-कुल्लू मार्ग पर मंडी के सौलीखड्डु में पंजाब से आये पर्यटक स्थानीय चालक से ओवरटेक को लेकर कहासुनी हो गई जिसमें स्थानीय लोग और पर्यटक के बीच हाथापाई हो गई। जिसमें स्थानीय लोगों और पंजाब से आए पर्यटकों के बीच कहासुनी इतनी बढ़ गई की दोनों के बीच गुत्थम गुथी हो गई। वहीं स्थानीय लोगों ने इस मामले को सुलझाने का प्रयास किया।

पुलिस मामले की जांच कर रही है हालांकि केस दर्ज नहीं हो पाया। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पर्यटकों की गुंडागर्दी को अब कतई भी सहन नहीं किया जाएगा।

# पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की उठाई मांग



बैठक के दौरान सामूहिक चित्र में ।

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

विद्युत बोर्ड पेंशनर्स फोरम सुंदरनगर इकाई की बैठक का आयोजन सुंदरनगर के सुकेत सिनेमा परिसर में प्रधान केएस जम्वाल की अध्यक्षता में किया गया।

बैठक में क्षेत्र के विद्युत बोर्ड से सेवानिवृत्त हुए तकनीकी, मिनिस्ट्रियल व इंजीनियर एवं पारिवारिक पेंशन धारकों ने भाग लिया। बैठक में अध्यक्ष केएस जम्वाल व महासचिव सोहन सिंह चौहान ने कहा कि पुरानी पेंशन स्कीम लागू होने के बावजूद अभी तक विद्युत परिषद में इसे लागू नहीं किया गया है जो एक गंभीर चिंता का विषय बना हुआ है। बैठक में इस प्रकार की लचर कार्यशैली की कड़ी निंदा की।

# देश के हर व्यक्ति को तिरंगे पर है गर्व : जमवाल

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



तिरंगा यात्रा के दौरान सामूहिक चित्र में

जोगिंद्रनगर भारतीय जनता पार्टी ने मंडल भाजपा के नेतृत्व में हर घर तिरंगा अभियान की शुरुआत की। भाजपा विधायक प्रकाश राणा, प्रदेश प्रवक्ता पंकज जमवाल, मंडल अध्यक्ष अजय सकलानी समेत अन्य भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने गांधी वाटिका में एकत्रित हो कर इस अभियान की शुरुआत की।

भाजपा विधायक प्रकाश राणा तथा प्रदेश भाजपा प्रवक्ता पंकज जमवाल ने कहा कि देश के हर व्यक्ति को तिरंगे पर गर्व है। भाजपा की तिरंगा यात्रा गांधी वाटिका से शुरू हो कर सभी बाजारों से होती हुई मेला मैदान तक गई।

### 16 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** विद्युत उप मंडल बग्गी के अनुभाग चुनाहन के अंतर्गत 33/22 केवी विद्युत उप केंद्र चुनाहन के मरम्मत के कार्य हेतु खिउरी, राजगढ़ सटोह, खांदला, भिउरा, कुम्मी, छातरु, कठयाल, बंगलोह, गोड़ा गागल सकरोहा, चुनाहन, दियारगी, कोट, हटगढ़, भयारटा डुगराई, नलसर, बग्गी, दरबाथु, मगर पाधरू, लोहारा, रिंज, जलाह, टांडा, ढाबण, स्यांह, कंसा व डडौर के आस पास के इलाके में 16 अगस्त को बिजली सुबह 10:00 बजे से कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। बारिश होने पर यह कार्य अगले दिन किया जाएग। यह जानकारी विद्युत उप मंडल बग्गी के सहायक अभियन्ता ई. राजेंद्र शर्मा ने दी।

# भाजपा ने शहर में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, मंडी**



तिरंगा यात्रा के दौरान भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

भाजपा मंडी मंडल और युवा मोर्चा द्वारा मंगलवार को तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा की अध्यक्षता भाजपा विधायक अनिल शर्मा ने की। इस यात्रा में प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष तिलक राज विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वहीं सदर विधायक अनिल शर्मा ने बताया कि स्वतंत्रता सेनानियों की शहादत को याद किया जा रहा है। साथ ही पीएम नरेंद्र मोदी के आह्वान पर हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत देश को आजादी दिलाने के लिए कई स्वतंत्रता सेनानियों ने अपने प्राण न्योछावर कर दिए हैं। उनके तप और बलिदान के कारण ही आज भारत देश एक आजाद देश है। भाजपा मंडी मंडल द्वारा आयोजित इस तिरंगा रैली में मंडल अध्यक्ष मनीष कपूर, महापौर वीरेंद्र भट्ट, नगर निगम पार्षद, हरदीप सिंह, सोमेश उपाध्याय, मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष योगेश ठाकुर, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष हनी मेहता सहित अन्य सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

**चौकसी** बढ़ रही चोरियों को रोकने के लिए क्यूआरटी का गठन

# संदिग्ध लोगों पर रहेगी पैनी नजर



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



क्यूआरटी नाके के दौरान चेकिंग करती हुई।

उपमंडल के अंतर्गत बढ़ती चोरी की घटनाओं के दृष्टिगत डीएसपी पधर द्वारा क्विज रिस्पोंस टीम (क्यूआरटी) का गठन किया गया। चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के उद्देश्य से गठित इस टीम में जोगिंदर नगर पुलिस के साथ-साथ मंडी पुलिस के कर्मियों को भी विशेष तौर पर शामिल किया गया है तथा यह टीम जोगिंद्रनगर क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर गश्त करेगी और अवांछित लोगों पर भी पैनी नजर रखेगी।

उल्लेखनीय है कि पिछले लगभग एक माह से अधिक समय से जोगिंदर नगर क्षेत्र में दो दर्जन से अधिक चोरियां हो चुकी है मगर आज दिन तक पुलिस इन चोरों को पकड़ पाने में नाकामयाब रही है। जोगिंद्रनगर क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा पिछले लगभग डेढ़ माह में दो दर्जन से ज्यादा चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया गया।

अधिकांश मामलों में शातिर चोरों ने उन्हीं घरों को अपना निशाना बनाया जहां पर परिवार के लोग निजी कार्यों से घर से बाहर गये हुए थे। समझा जा रहा है कि चोरों द्वारा पहले रेकी की जाती है फिर चोरी की वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। चोरों द्वारा चोरी की घटनाओं से पहले घरों में लगे सीसीटीवी कैमरों को घुमाया गया अथवा कैमरों को नष्ट किया गया जिससे कहा जा सकता है कि यह चोर उस घर बारे पहले से ही जानकार होते थे। गत दिनों शहर के नजदीक 12 प्रवासी मजदूरों की झुग्गियों में हुई चोरी ने लोगों के दिलों में डर का माहौल पैदा हो गया है। चोरों द्वारा तेजधार दार हथियार से कुत्ते को भी मौत के घाट उतारा गया। चोरी की इतनी घटनाओं के बाद लोगों का पुलिस से भी भरोसा उठना शुरू हो गया है।

# डंगा धंसने से 3 दिन से मार्ग बंद

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

लडभड़ोल-सांडापतन मार्ग में तैण के पास डंगा धसने से मार्ग बड़े वाहनों के लिए अवरुद्ध हो गया है। स्थानीय ग्रामीणों में राजेश, नीरज, रमेश, सुरेश, रवि सहित ग्राम पंचायत उटपुर के प्रधान संजय चौहान ने बताया कि लोक निर्माण विभाग इस पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और इस डंगे का काम शुरू नहीं हुआ है। सड़क मार्ग बंद होने से लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

इस रूट से जाने वाली एचआरटीसी की बसें और निजी बसें 3 दिन से फंसी हुई है। लोक निर्माण विभाग लडभड़ोल के सहायक अभियंता पवन गुलरिया ने बताया कि डंगे का एस्टीमेट बनाकर उच्च अधिकारियों को भेज दिया गया है और इस डंगे का कार्य अति शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

**मैं कनिका सोनी**, पुत्री संजीव कुमार एवं नीतू बाला निवासी मकान नंबर 92/2, गाँव चतरोखड़ी, तहसील सुंदर नगर, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करती हूँ कि मेरी 10वीं की मार्कशीट और रिजल्ट विवरण में मेरे पिता का नाम संजीव सोनी और मेरी माता का नाम नीतू सोनी दर्ज है। जबकि संजीव सोनी और संजीव कुमार एवं नीतू सोनी और नीतू बाला एक ही व्यक्ति हैं। सभी संबंधित नोट करें।

## न्यूज ब्रीफ

### बनोड़े महादेव मंदिर में दूध का लगाया भंडारा



ऊना। जय माता सेवादल टक्का की ओर से बनोड़े महादेव मंदिर में केसर दूध का लंगर लगाया गया।

### डिजिटल साक्षरता शिविर के माध्यम से किया जागरूक



अनंत ज्ञान, ऊना। राजकीय डिग्री कॉलेज ऊना में डिजिटल साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर की अध्यक्षता एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान ने की। इस दौरान एसडीएम ने अकहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा ग्रहण कर रहे विद्यार्थियों को साइबर क्राइम, सोशल मीडिया, फेक न्यूज़, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), ऑनलाइन ठगी, धोखाधड़ी वाली कॉल्स बारे जागरूक करना है। एसडीएम ने बताया कि ऑनलाइन प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी के अभाव में लोग आय दिन साइबर क्राइम और डिजिट धोखाधड़ी का शिकार हो रहे हैं। लोग लालच में आकर ठगी का शिकार हो रहे हैं। इस अपराध को रोकने के लिए सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है कि जन-जन को साइबर क्राइम के बारे में संदेश दिया जाए और इससे बचने के सुझाव लोगों तक पहुंच जाएं ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग साइबर के बारे में जागरूक रहे और और इससे बचें। इस अवसर पर प्राचार्या डॉ. मीता शर्मा, उपप्राचार्य डॉ. राजकुमार, प्रो. पुनीत प्रेम, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. संजय वर्मा, डॉ. केके पांडेय, डॉ. भगवान दास, डॉ. श्वेता शर्मा, डॉ. रंजू, सीडीपीओ कुलदीप दयाल सहित सभी प्राध्यापक और कॉलेज छात्र व छात्राएं मौजूद रहें।

### आपदा राहत के लिए सीनियर सिटीजन ने किया सहयोग



अनंत ज्ञान, ऊना। जिला ऊना मुख्यालय के साथ में स्थित गांव अरनियाला की, सीनियर सिटीजन एसोसिएशन, के प्रधान राजेश सैनी, महामंत्री देवराज सैनी, उप प्रधान राजिंदर शर्मा, वित्त सचिव श्याम लाल सैनी ने एसोसिएशन की तरफ से, हाल ही में आई भयंकर आपदा को ध्यान में रखते हुए उपायुक्त ऊना के माध्यम से हिमाचल मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में 11000 भेजे। अरनियाला के बुजुर्गों ने, सभी हिमाचल वासियों से अपील की है कि वह इस मुसीबत की घड़ी में ज्यादा से ज्यादा पैसा मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में भेजें।

### वशिष्ट स्कूल के छात्र खेलेंगे राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

अनंत ज्ञान, ऊना। शिक्षा विभाग के द्वारा चार दिवसीय लड़कों तथा लड़कियों की 38वीं जिला स्तरीय अंडर-14 खेलकूद प्रतियोगिता 9 से 12 अगस्त तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला खड्ड में संपन्न हुई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के लगभग 800 बच्चों ने भाग लिया। वशिष्ट पब्लिक स्कूल के छात्रों ने जिला स्तरीय प्रारंभिक खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वशिष्ट पब्लिक स्कूल के लिए बड़े गौरव की बात है कि रेसलिंग प्रतियोगिता में हरजिंद्र सिंह अटवाल, बैडमिंटन प्रतियोगिता में हर्षदीप, स्वास्तिक शर्मा तथा बास्केटबाल प्रतियोगिता में सक्षम सिंह, दिव्यांश, सहज तथा कबड्डी प्रतियोगिता में सुमित डढवाल का राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। स्कूल के प्रधानाचार्य दीपक कौशल ने कहा कि वशिष्ट पब्लिक स्कूल के छात्र पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी अपना तथा स्कूल का नाम रोशन कर रहे हैं। स्कूल के निदेशक अनुज वशिष्ठ ने इस उपलब्धि के लिए विजेता रहे छात्रों तथा उनके अभिभावकों को बधाई दी।



### पंडोगा औद्योगिक क्षेत्र में किया पौधरोपण

अनंत ज्ञान, ऊना। पंडोगा औद्योगिक क्षेत्र में कर एवं विभाग की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उप आयुक्त कर व आबकारी विभाग विनोद सिंह डोगरा द्वारा पौधा रोपित किया गया है। इस अवसर पर डीएफओ सुशील राणा, पंडोगा कंपनी के डायरेक्टर आरवी सुब्रमण्यम, रॉबिन शर्मा, योगेश गुल्मोरे, नवनीत गुप्ता, कपिल नाथ, संजीव कुमार, बलजीत सिंह, विजय कुमार सिंह और सुरजीत कुमार मौजूद रहे।



## स्वीडन पहुंचा भारतीय दल



विनोद शर्मा, लठियानी। वर्ल्ड मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाला भारत का दल स्वीडन के गोवर्धन वर्ग में सोमवार देर शाम पहुंच गया। इस दल के सदस्य क्षेत्र के कोहड़रा निवासी अश्विनी कुमार शर्मा ने दूरभाष के माध्यम से जानकारी दी कि आयोजकों द्वारा बेहतर व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि गोवर्धन वर्ग में दिन बहुत ही बड़ा होता है, यानी 17 घंटे तक सूरज होता है। भारत में सुबह के साढ़े सात बजे हैं, तो वहां पर सुबह के चार बजे हैं। अश्विनी कुमार शर्मा ने बताया कि आज से प्रतियोगिता शुरू हो रही है। आज भी वे भारत की ओर से आठ सौ मीटर में हिस्सा लेकर शुरुआत करने वाले हैं। मेरे साथ भारत के और भी धावक अपना दमखम दिखाएंगे। विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि भारत के मास्टर एथलेटिक अच्छा प्रदर्शन कर भारत का मान बढ़ाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# एक ही चिता पर लेटे तीन भाई-बहन

## अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग हुए शामिल, हृदय विदारक दृश्य को देखने वाले हर व्यक्ति की आंखें हुईं नम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

बचपन से एक साथ खेलने और एक-दूसरे पर जान छिड़कने वाले बेजान चिता पर लेटे थे, कोई तीज या त्योहार खासकर रक्षाबंधन मनाने को लेकर भी भाई-बहनें तैयारी कर रहे थे। ऐसी त्रासदी आई कि चंद मिनटों में उनके सपनों की लकीरों पर पानी फेर गई।

हिमाचल और पंजाब की सीमा पर जैजों खड्ड में फ्लैश फ्लड की चपेट में आने के चलते मौत की नींद सोए एक ही परिवार से संबंधित आठ लोगों की चिताएं एक साथ जलीं। इस हृदय विदारक दृश्य को देखने वाले हर व्यक्ति की आंखें नम थीं। इनको मंगलवार को श्मशान ले जाकर पंचतत्व में विलीन किया गया। इस दौरान मृतकों में देहलां निवासी सुरजीत कुमार, उनकी पत्नी परमजीत कौर, बेटा गगन, इसी हादसे में लापता चल रहे उनके भाई स्वरूप चंद की पत्नी बलविंदर कौर, बेटा नितिन, जबकि भटोली के रहने वाले अंकिता, भावना और उनके छोटे भाई हरमीत का अंतिम संस्कार किया गया। देहलां में रहने वाली दो बहनों सहित उनके परिवार की करीब पांच अर्थियां एक साथ श्मशान भूमि पहुंचाई गईं। दोनों के बेटों ने अपने-अपने परिजनों को मुखाग्नि दी। दूसरी तरफ भटोली के रहने वाले तीन सगे भाई बहनों को अंतिम विदाई के लिए एक साथ चिता बनाई गई, जिन्हें उनके पिता ने बेहद गमगीन माहौल के बीच पंचतत्व में सुपुर्द किया। इससे पूर्व बेहद गमगीन माहौल के बीच सभी मृतकों की अर्थियों को घरों से निकाला गया। तीन बहनें परमजीत कौर, बलविंदर कौर और सुरेंद्र कौर अपने परिवारों के साथ शादी समारोह में भाग लेने के लिए गाड़ी में सवार होकर पंजाब के माहिलपुर जा रही थीं। लोगों की मनाही के बावजूद इनोवा गाड़ी को उफनती खड्ड में डाल दिया गया। इसी दौरान फ्लैश फ्लड की चपेट में आने से उनकी गाड़ी जलधारा के साथ बह गई। हादसे के दौरान केवल परमजीत के बेटे दीपक को ही बचाया जा सका, जबकि 9 लोगों के शव बरामद करने के बाद अभी भी सुरेंद्र कौर और पलविंदर कौर का पति स्वरूप चंद लापता बताए गए हैं। अंतिम यात्रा में सैकड़ों लोग शामिल हुए। इस मौके पर स्थानीय विधायक सतपाल सिंह सत्ती और पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा भी विशेष रूप से अंतिम संस्कार के लिए पहुंचे।



तीन भाई बहनों की चिता को मुखाग्नि देते स्वजन।

### दुख असहनीय : सत्ती

दूसरी तरफ स्थानीय भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि इन पीड़ित परिवारों का दुख असहनीय है। इस हादसे में तीन परिवार तो ऐसे हैं, जिनका अब मात्र एक-एक सदस्य ही बचा है। पीड़ित परिवारों के साथ पूरा समाज खड़ा है, सरकार खड़ी है और वह हर तरह से इस पीड़ित परिवार की मदद के लिए सदैव उपलब्ध रहेंगे।

### दुख की घड़ी : रायजादा

पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा ने कहा कि वह दो दिन तक इन पीड़ित परिवारों के साथ रहे हैं, यहां तक की होशियारपुर में पोस्टमार्टम करवाने से लेकर यहां शवों को सुरक्षित रखने का काम भी खुद निपटाया है। केवल मात्र पीड़ित परिवारों के लिए ही नहीं, बल्कि हम सबके लिए बेहद दुख की घड़ी में खड़े हैं। प्रदेश सरकार इन परिवारों के साथ चट्टान की तरह खड़ी है। इन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।

## उपायुक्त की पहले से तिरंगे की रोशनी में नहाया डीसी ऑफिस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

जिला मुख्यालय तिरंगी रोशनी में नहाया हुआ नजर आएगा। इसके लिए जिला प्रशासन की ओर से विशेष तैयारी की गई है। इस दौरान डीसी ऑफिस भी राष्ट्रीय ध्वज के रंगों में नहाया हुआ नजर आएगा। इसके लिए राज्य विद्युत बोर्ड के पीडब्ल्यूडी विंग की ओर से तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

डीसी ऑफिस के अलावा मुख्य सड़क और सर्किट हाउस क्षेत्र भी तिरंगी रोशनी में नजर आएंगे। विभाग के सहायक अभियंता पीडब्ल्यूडी विद्युत उपमंडल ऊना अंशुल ठाकुर ने बताया कि 3 दिन से तैयारियां चल रही हैं और आज पूरा क्षेत्र तिरंगे में नजर आएगा। इस तरह की पहल डीसी जतिन लाल द्वारा की गई है।




उपायुक्त जतिन लाल की पहल से आज से डीसी ऑफिस जगमगाता नजर आएगा

### कृषि सहकारी समिति अरलू के चुनाव में बलदेव सिंह बने प्रधान और सुरेश उपप्रधान



अनंत ज्ञान, ऊना। कृषि सेवा सहकारी समिति अरलू के चुनाव में बलदेव सिंह प्रधान और सुरेश कुमार उपप्रधान चुने गए। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों के साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता लेख राज भारती।

### कुटलैहड़ का हर परिवार घर पर तिरंगा लगाकर मनाए 15 को आजादी दिवस : वीरेंद्र कंवर



राजेश ठाकुर, बंगाणा। कुटलैहड़ भाजपा युवा मोर्चा ने हर घर तिरंगा यात्रा का कुटलैहड़ के झलेड़ा से बसाल तक निकाली। इसमें पूर्व मंत्री एवं राज्य के भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर ने शिरकत की। इस तिरंगा यात्रा में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पैदल मार्च करते हुए बंदे मातरम् एवं भारत माता की जय के नारों से गूंजता गया। वहीं, कार्यक्रम में पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा आजादी के महोत्सव पर देश पर अपनी कुर्बानी देकर शहादत पाने वाले वीर सपूतों की याद में 9 से 15 अगस्त तक हर मंडल स्तर पर घर तिरंगा यात्रा को निकालने का आवाहन किया है, ताकि देश पर कुर्बानी देने वाले वीर सुपूतों की शहादत को नमन किया जा सके। आज पूरा देश तिरंगे के साथ झूमकर आजादी का जश्न मनाने और शहीदों को नमन कर रहा हैं। वीरेंद्र कंवर ने कुटलैहड के हर परिवार हर सदस्य से आग्रह किया है। कि आप 15 अगस्त के दिन अपने घर पर तिरंगा लगाकर आजादी का जश्न मनाएं। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र रिंकू, युवा मोर्चा अध्यक्ष शशि राणा, किसान मोर्चा के अध्यक्ष सुनील शारदा मीडिया प्रभारी चरणजीत के अलावा सभी मंडल सदस्य एवं युवा मोर्चा सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### एमसी पार्क में स्वतंत्रा दिवस मनाएंगे पूर्व सैनिक

अनंत ज्ञान, ऊना। हर वर्ष की तरह इस बार भी ऊना के पूर्व सैनिक स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर 15 अगस्त को एमसी पार्क में सुबह सवा दस बजे एकत्रित होंगे। अपने प्यारे, वीर अमर शहीदों को, जिन्होंने अपने देश की आन, बान और शान की रक्षा हेतु अपने प्राण न्योछावर कर दिए, को शासन और प्रशासन के साथ मिलकर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे।

यह जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक राजेंद्र शर्मा ने बताया किइंडियन एक्स सर्विसेज लीग ऊना के चेयरमैन कैप्टन शक्ति चंद ने सभी पूर्व सैनिकों से अपील की वह ज्यादा से संख्या में समय पर एमसी पार्क ऊना में पहुंच जाएं।

## इल्ड वेलफेयर कमेटी और चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने अगवा बच्चा परिजनों को सौंपा

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

हरियाणा के कैथल से 9 वर्षीय बच्चे को पुलिस ने चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के समक्ष पेश किया। कमेटी की अध्यक्ष मीनाक्षी राणा ने बताया कि यह बच्चा और सामाजिक तत्वों द्वारा कैथल हरियाणा किडनैप करके चिंतपूर्णी में भीख मंगवाने के लिए ले जाया जा रहा था और रास्ते में पुलिस का नाका देखकर इस बच्चे को उन्होंने गाड़ी से झाड़ियां में फेंक दिया।

पुलिस ने बच्चे को पड़कर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी की समक्ष प्रस्तुत किय। अध्यक्ष मीनाक्षी राणा ने चाइल्ड हेल्पलाइन के सदस्य कुलबीर को इस बच्चे को अपनी निगरानी में रखने को कहा और कुलबीर ने अपनी सूझबूझ से इस बच्चे के रिश्तेदारों के बारे में पता किया और उन्हें शीघ्र ऊना आने के लिए प्रेरित किया।

चाइल्ड वेलफेयर कमेटी कैथल हरियाणा को भी सूचित कर दिया गया है और इस बच्चे को वात्सल्य योजना के अंतर्गत सुविधा देने के लिए भी आग्रह किया है ताकि बच्चे का भविष्य सुरक्षित हो सके, इस अवसर पर चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सदस्य एडवोकेट सुरेश शर्मा राजकुमारी रीना कुमारी श्यामलाल मल्होत्रा इत्यादि उपस्थित थे।



अगवा बच्चे को उसके परिजनों को सौंपते गणमान्य।

## बीडीसी सदस्य ने विधायक विवेक को सौंपा मांग पत्र

अनंत ज्ञान, बंगाणा

उपमंडल बंगाणा के लठियानी बीडीसी वार्ड से बीडीसी सदस्य जोगेंद्र देव आर्य ने सोमवार को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने कार्यालय बंगाणा में मुलाकात की और मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। वहीं, विधायक विवेक शर्मा ने जोगेंद्र देव आर्य की मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

आर्य ने बताया कि मांग पत्र में मांग की है कि बंगाणा से धर्मशाला के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम का एक बस रूट चलाया जाए, ताकि शिक्षा बोर्ड व शीतकालीन राजधानी को जाने के लिए सुविधा मिल सके या ऊना से धर्मशाला बाया अंब से जाने वाली बसों को बंगाणा से किया जाए, ताकि क्षेत्र की जनता को भी लाभ मिल सके। ऊना के लिए एब बस चलाई जाए, जो ऊना से दिल्ली जाने वाली जनशताब्दी के समय सुबह 5 बजे पर ऊना यात्रियों को पहुंचा सके।

इस दौरान हमीरपुर से ही कोई बस सेवा नहीं है। अतः ऊना के लिए बस चलाई जाए। खंड बंगाणा के तहत फैरी क्रॉसिंग के रूट बीहड़ू से लठियाणी रूट पर बस सुविधा मुहैया हो जाती है तो आसपास के गांवों को सुविधा हो जाएगी। रविवार के दिन बस रूट्स नहीं चलते हैं, जिस पर कड़ा संज्ञान लिया जाए।

कुटलैहड़ दर्शन बस सेवा शुरू की जाए, जो ऊना, पीरनिगाह, चुरूड़ी, मकरैड़, तलाई, बीहड़ू, रायपुर मैदान, थानाकलां, बंगाणा, भ्यांबी, भीमामाता, पिपलू, सोलहसिंगी धार के किले, चमियाड़ी, लठियाणी, गोबिन्द सागर झील के तट समेत अन्य दर्शनीय स्थलों से होते हुए पुनः पहुंचे। आर्य ने विधायक विवेक शर्मा से आग्रह किया है कि उपरोक्त सभी विषयों पर गहनता से विचार कर समस्याओं का निराकरण करने की कृपा करें।

### गगरेट-अंदौरा सड़क मार्ग पर जल्द बनेगा पुल : कालिया



अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक। राकेश कालिया ने कहा कि गगरेट-अंदौरा मार्ग की दशा सुधारी जाएगी। सड़क का निर्माण कार्य बरसात के बाद शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही गगरेट अंदौरा के बीच स्वां नदी पर पुल बनाया जाएगा, जिससे गगरेट-अंब की दूरी कम होगी। राकेश कालिया ने कहा कि अब अंदौरा रेलवे स्टेशन पर पहुंचना और आसान हो जाएगा। बरसात के दिनों में लोगों को परेशानी नहीं होगी। गगरेट में सीवरेज योजना को उनके कार्यकाल में ही स्वीकृति मिली थी, उसका 80 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। जल्द उसे भी शुरू किया जाएगा। पूर्व कांग्रेस सरकार के समय भी गगरेट में अनेक विकास कार्य किए गए, जिनमें 525 करोड़ रुपए की धन राशि स्वां नदी और इसकी सहायक खड्डों के तटीकरण के लिए खर्च की गई। किसानों के खेतों तक सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए दर्जनों सिंचाई योजनाएं बनाई गईं और पुरानी योजनाओं को नया रूप दिया गया। गगरेट क्षेत्र में भ्रष्टाचार को किसी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। जनता ने उन्हें चौथी बार विधायक बनाकर सेवा का जो अवसर दिया है, उसके लिए वह लोगो के सदा ऋणी रहेंगे। गगरेट विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में विकास को गति दी जाएगी।




**मंथन** अतिरिक्त उपायुक्त ने डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने के लिए दिया बल

## डेयरी उत्पादन का हब बनेगा ऊना जिला : मेहेंद्र पॉल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर ने ऊना जिले में डेयरी उद्योग को सशक्त बनाने के लिए दुग्ध उत्पादन और प्रसंस्करण में जिले की भागीदारी को और मजबूत करने पर बल दिया है। उन्होंने जिले में अपंजीकृत दुग्ध समितियों को सक्रिय करने और पंजीकृत समितियों की कार्य क्षमता बढ़ाने के निर्देश दिए। वह कांगड़ा जिले में 1.5 लाख लीटर प्रतिदिन (एलएलपीडी) क्षमता के दुग्ध प्रसंस्करण संयंत्र की स्थापना के संबंध में ऊना की भागीदारी पर आयोजित एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

एडीसी ने कहा कि ऊना जिले के डेयरी उद्योग में असीम संभावनाएं हैं, जिन्हें साकार करने के लिए हमें ठोस रणनीति अपनानी होगी। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिया कि वे दुग्ध क्षेत्र में पंजीकृत समितियों की कार्यक्षमता में सुधार करते हुए अधिक पशुपालकों को जोड़ने की दिशा में कार्य करें। इसके लिए सहायक निदेशक पशुपालन विभाग और खंड विकास अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर बैठकें कर, दूध खरीद की क्षमता बढ़ाने के उपायों पर विचार-विमर्श कर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया।

बैठक में अपंजीकृत दुग्ध समितियों के पुनर्गठन और उन्हें पंजीकृत समितियों में शामिल करने पर व्यापक चर्चा हुई। साथ ही, बल्क मिल्क कूलर (बीएमसी) और आइस कैन कूलर जैसी आधुनिक सुविधाओं की स्थापना के लिए सोसायटी स्तर पर उपयुक्त स्थानों की पहचान करने पर जोर दिया गया। एडीसी ने इन सुविधाओं के लिए गहन सर्वेक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि ऊना जिले में डेयरी उद्योग को और अधिक सुदृढ़ किया जा सके। इस दौरान, लालसिंघी में दूध प्रसंस्करण संयंत्र (एमपीपी) की भंडारण क्षमता को बढ़ाने के मुद्दे पर भी चर्चा हुई। एडीसी ने बताया कि इससे किसानों से अधिक दूध की खरीद सुनिश्चित होगी, जिससे स्थानीय डेयरी उद्योग को संजीवनी मिलेगी और किसानों की आमदनी में वृद्धि होगी।

बैठक में परियोजना अधिकारी डीआरडीए ऊना शेफाली शर्मा, उपनिदेशक पशुपालन डॉ. विनय शर्मा, सहायक निदेशक पशुपालन डॉ. राकेश भट्टी, बीडीओ ऊना के एल वर्मा, बीडीओ अम्ब ओम पाल डोगरा, बीडीओ बंगाणा सुशील कुमार, बीडीओ गगरेट टीके चिनोरिया, बीडीओ हरोली वीरेंद्र कौशल, एआरसीएस ऊना राकेश कुमार, प्लांट इंजीनियर मिल्कफेड अखिलेश प्रशार सहित अन्य प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर अन्य विभागों के अधिकारियों से बैठक करते हुए।

### अंब के व्यक्ति ने फंदा लगाकर दी जान

अनंत ज्ञान, ऊना। जिले में अंब के 40 वर्षीय व्यक्ति ने घर में पंखे से फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक की पहचान सुनील गौतम निवासी वार्ड नंबर-दो के रूप में हुई है। सुनील ने यह कदम क्यों उठाया, यह अभी साफ नहीं हो पाया है।

जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को उसकी बेटी पिता को घर में न पाकर उसे ढूंढते हुए कमरे में पहुंची तो देखकर वह चिल्लाई। इस पर घर के अन्य सदस्य भी आ गए। इसके बाद उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को देने के बाद उसे फंदे से नीचे उतारा और सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां अस्पताल में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसएचओ अंब गौरव भारद्वाज ने बताया कि पुलिस ने मृतक शव कब्जे में लेने के बाद पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांग नैना देवी को भेंट की व्हीलचेयर



**आनी।** सामाजिक उत्थान के लिए कार्य कर रही श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी द्वारा मंगलवार को दिव्यांग महिला को एक व्हील चेयर भेंट की गई। सोसायटी के उपाध्यक्ष ताराचंद ने बताया कि श्रीखंड वेलफेयर एंड चेरिटेबल सोसायटी द्वारा निरमंड खंड की पंचयात त्वार के ओलीनाल गांव मे नैना देवी को व्हीलचेयर प्रदान की गई। नैना देवी की उम्र 36 साल है और वह बचपन से ही दिव्यांग हैं। सोसायटी के सदस्य चंद्रेश ने बताया कि श्रीखंड वेलफेयर एंड चैरिटेबल सोसायटी प्रत्येक जरूरतमंद लोगों तक जरूरत का सामान पहुंचाने का प्रयास कर रही है।

### संस्कृत शास्त्रीय प्रतियोगिता का होगा आयोजन

**कुल्लू।** जिला संस्कृति परिषद कुल्लू संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए अपना विशिष्ट योगदान देता आ रहा है। इसी संदर्भ में बुधवार 14 को जिला संस्कृति परिषद कुल्लू, संस्कृत सप्ताह मनाने जा रहा है और इसी के अंतर्गत एक दिवसीय संस्कृत शास्त्रीय प्रतियोगिताओं का भी आयोजन होने जा रहा है। इस दौरान आयोजित होने जा रहे विभिन्न संस्कृत शास्त्रीय प्रतियोगिताओं में कुल्लू के समस्त कॉलेज में अध्ययनरत संस्कृत के स्टूडेंट्स भाग लेने जा रहे हैं। संस्कृत शास्त्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन जिला मुख्यालय में स्थित देव सदन भवन में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता देव सदन भवन में सुबह 10 बजे शुरू होगी।

### क्रिश्चियन नर्सिंग में मनाया एंटी-रैगिंग सप्ताह

**कुल्लू।** कुल्लू के जिला मुख्यालय में स्थित क्रिश्चियन नर्सिंग कॉलेज में एंटी-रैगिंग सप्ताह का आयोजन धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाला यह आयोजन 12 से 18 अगस्त तक मनाया जाएगा। एंटी-रैगिंग सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश्य रैगिंग के कारण होने वाले गंभीर परिणामों और रैगिंग से छात्रों को होने वाली परेशानियों से अवगत करवाना है। इसके साथ ही स्टूडेंट्स के लिए एक सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करना है, जहां पर छात्र बिना किसी परेशानी से अपनी शिक्षा को पूरा कर सकें। इस सप्ताह में छात्रों को रैगिंग के खिलाफ खड़े होने और अपनी गरिमा की रक्षा करने के लिए सशक्त बनाना है, जिससे एक सुरक्षित और सहायक परिसर का माहौल तैयार हो सके। एंटी-रैगिंग सप्ताह के पहले दिन स्लोगन मेकिंग की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के सभी छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में बेहतरीन स्लोगन लिखकर शिवांगी ने प्रथम, अर्पिता ने द्वितीय तथा साक्षी ने तृतीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के अंत में संस्थान के प्रबंधक निदेशक सुखदेव मसीह ने सभी विजयी प्रतिभागियों को पुरुस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया।

### जलवायु परिवर्तन पर दीं महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां



**बंजार।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ उच्च शिक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश के अतिरिक्त निदेशक डॉ. हरीश कुमार ने किया। इस अवसर पर ओएसडी कॉलेज व राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान हिमाचल के नोडल अधिकारी डॉ. गोपाल संघायक भी मौजूद रहे। इस दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शीर्षक हिमालय में संस्कृति, विकास तथा पर्यावरण की चुनौतियां और भविष्य की संभावनाएं को रखा गया है। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेणुका थपलियाल ने दीप प्रज्वलित कर सम्मेलन को आरंभ किया। इस अवसर पर गोविंद वल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालय पर्यावरण संस्थान के वरिष्ठ वैज्ञानिक व प्रोफेसर डॉ. जगदीश चंद कुनियाल ने बीज वक्ता के रूप में सम्मेलन को संबोधित किया। इस मौके पर डॉ. स्वागता वसु, डॉ. प्रिय रंजन, डॉ. मुत्थु कुमार आदि ने पर्यावरण तथा जलवायु परिवर्तन विषय पर महत्वपूर्ण प्रस्तुतियां दीं। मंगलवार को यह सम्मेलन आभासी माध्यम से आयोजित किया गया, जबकि कल यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन कॉलेज के सम्मेलन कक्ष में ऑफलाइन रूप से संचालित किया जाएगा।

### भौगोलिक परिस्थिति के आधार पर मर्ज हों स्कूल

**सैंज।** शून्य छात्रसंख्या वाले स्कूलों को बंद करने का प्रदेश सरकार का फैसला उचित है, लेकिन शून्य से पांच की छात्रसंख्या वाले स्कूलों को मर्ज करने का मापदंड भौगोलिक परिस्थिति के आधार पर रखा जाए। यह बात शिक्षा खंड सैंज की राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ के प्रधान मनोज शर्मा ने कही। बीते दिनों शिक्षा विभाग ने शून्य तथा कम छात्र संख्या वाले स्कूलों को मर्ज करने की सूची जारी की है। इस सूची को ज़ारी करने के बाद कई स्थानों पर लोगों ने स्कूलों को बहाल रखने की मांग की है। वहीं, विभिन्न शिक्षक संगठनों ने भी अपनी-अपनी राय दी है। ऐसे में राजकीय सीएंडवी अध्यापक संघ का बयान भी आया है, जिसके माध्यम से अध्यापक संघ ने सरकार के इस फैसले को सही बताया है। संघ के खंड प्रधान मनोज शर्मा, महासचिव पदम ठाकुर आदि ने कहा कि जिन स्कूलों में विद्यार्थी ही नहीं हैं, वहां स्कूलों को बंद करने का फैसला सही है, लेकिन उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि बंद तथा मर्ज करने का मापदंड भौगोलिक स्थिति के अनुसार होना चाहिए।

### 50 से अधिक लोगों का जांचा स्वास्थ्य



**पतलीकूहल।** द हंस फाउंडेशन ने क्लाथ स्थित डे-केयर सेंटर और आदर्श मानसिक मंदता संस्थान में एक विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का उद्देश्य मानसिक रूप से विकलांग व्यक्तियों और उनके परिवारों को स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और जागरूकता प्रदान करना था। इस अवसर पर विशेषज्ञ चिकित्सक शमशेर सिंह पुजारा और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने शिविर में भाग लिया और सभी उपस्थित लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में विशेष रूप से मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित परीक्षण और परामर्श सेवाएं प्रदान की गईं। इस शिविर में आए हुए करीब 50 से अधिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई और इस दौरान 70 से अधिक लैब टेस्ट किए। इस स्वास्थ्य शिविर में चिकित्सक शमशेर सिंह पुजारा, समाजिक सुरक्षा अधिकारी पंकज, लेब तकनीशियन बीरपाल, फार्मासिस्ट सीमा और दिनेश ने उपस्थित रह कर अपनी सेवाएं दीं।

### सीमा व अतुल क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता में प्रथम



**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू में आयोजित हो रही अंतर महाविद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत क्रॉस कंट्री प्रतियोगिता एवं प्रशिक्षण का आयोजन भूतनाथ पुल के पास में प्रातः 6:30 बजे किया गया, जिसमें सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन दिखाया। इसमें प्रथम स्थान पर अतुल, दूसरे स्थान पर घनश्याम, तीसरे स्थान पर तुषार ठाकुर, चौथे स्थान पर गीतानंद, पांचवें स्थान पर रमेश कुमार और अंतिम स्थान पर उदय ठाकुर रहे। वहीं, महिला वर्ग में प्रथम स्थान में सीमा, दूसरे स्थान पर पलक, तीसरे स्थान पर वंशिका, चौथे स्थान पर कांता देवी, पांचवें स्थान पर सरिता व अंतिम स्थान पर सरिता ठाकुर ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। सभी विजेताओं को एएसआई लोकेंद्र सिंह तथा लेडी कांस्टेबल सरिता की ओर से मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर उन्होंने अपने विचारों से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

### हॉकी मैच में टीम ब्लू विजेता, रेड उपविजेता

**कुल्लू।** राजकीय महाविद्यालय कुल्लू के द्वारा हॉकी के मैच का आयोजन किया, जिसमें कुल 24 पूर्व छात्र खिलाड़ियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि आशीष नाग तथा विकास शर्मा व पूर्व हॉकी खिलाड़ियों ने सभी खिलाड़ियों के साथ अपने विचार साझा किए और हॉकी खेल को आगे बढ़ाने की कोशिश को सराहा। इस खेल आयोजन में विशेष रूप से ओएसए के अध्यक्ष डॉक्टर गौरव भारद्वाज उपस्थित रहे। उन्होंने कुल्लू पुराने छात्र संगठन की तरफ से और अन्य गतिविधियों को करने की अपनी प्रतिबद्धता के बारे में विचार रखे और भविष्य में अन्य खेलों जैसे फुटबॉल, बैडमिंटन, साइकलिंग, पौधरोपण आदि के लिए अधिक प्रयास करने को कहा। टीम ब्लू विजेता तथा टीम रेड उपविजेता रहीं।

# सेना का साइकिलिंग दल पहुंचा मनाली

## ट्रांजिट कैंप में मनाली के विधायक ने किया स्वागत, झंडी दिखाकर किया रवाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

भारतीय सेना की 75वीं वर्षगांठ पर भारतीय सेना के जवान साइकिलिंग अभियान पर निकले हैं। सियाचिन से लेह होते हुए शुरू हुआ यह अभियान मंगलवार को मनाली पहुंचा। पलचान ट्रांजिट कैंप में मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने उनका स्वागत किया।

विधायक ने सेना के दल को झंडी दिखाकर मनाली से रवाना किया। इस अभियान में भारतीय सेना की विभिन्न रेजिमेंट और विभिन्न राज्यों के जवान भाग ले रहे हैं। सियाचिन से शुरू होकर यह अभियान अंडेमान निकोबार में इंदिरा प्वाइंट पर समाप्त होगा। इस अभियान के सभी जवान मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़ टीम के साथ मिले व उनके साथ अपने अभियान से संबंधित जानकारी साझा की। विधायक ने साइकलिंग अभियान से जुड़े सभी सदस्यों को आगे के सफर के लिए शुभकामनाएं दीं। यह अभियान अंडमान निकोबार में इंदिरा प्वाइंट पर समाप्त होगा। इस अभियान के संदर्भ में शिमला से कर्नल मनोज गुप्ता ने बताया कि प्रादेशिक सेना के प्लेटिनम जुबली वर्ष के उपलक्ष्य में सियाचिन बेस कैंप से इंदिरा प्वाइंट तक चुनौतीपूर्ण साइकिल अभियान का आयोजन किया जा रहा है। प्रादेशिक सेना (टीए) की स्थापना-1949 में प्रादेशिक सेना अधिनियम-1948 के अधिनियम के बाद की गई थी। वर्ष 2024 में (टीए) का प्लैटिनम जुबली वर्ष है क्योंकि 9 अक्तूबर को इसकी स्थापना के 75 वर्ष पूरे हो जाएंगे।



साइकिलिंग अभियान से जुड़े सदस्यों से भेंट करते विधायक भुवनेश्वर गौड़।

इस अवसर को मनाने के लिए प्रादेशिक सेना सियाचिन ग्लेशियर से इंदिरा प्वाइंट तक पहला अभियान चला रही है। इस अभियान को दो चरणों में आयोजित करने का लक्ष्य है, यानी मुख्यभूमि पैर और द्वीप पैर, जो जमीन, हवा और समुद्र के माध्यम से लगभग 5,500 किलोमीटर की दूरी तय करेगा। 21 प्रादेशिक सेना के जवानों वाले अभियान को 30 जुलाई को सियाचिन बेस कैंप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था।

यह अभियान 2 अगस्त को लेह पहुंचा। जनरल ऑफिसर कमांडिंग, 72 सब एरिया ने 4 अगस्त को टीम के सदस्यों के साथ बातचीत की। पूरे देश में साइकिल चलाकर चेन्नई तक जाएंगे, जहां से टीम अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के लिए रवाना होगी। निकोबार द्वीप समूह के माध्यम से दक्षिण की ओर जाने के बाद, अभियान इंदिरा प्वाइंट पर समाप्त होगा, जहां भारत के सबसे दक्षिणी सिरे पर पानी के नीचे तिरंगा फहराया जाएगा। साइकिलिंग के अलावा, अभियान दल अभियान के हिस्से के रूप में नौकायन और स्कूबा डाइविंग गतिविधियों से भी गुजरेगा।

# हिडिंबा माता के प्रांगण से लेकर पतलीकूहल तक निकाली तिरंगा यात्रा



भाजयुमो के सदस्य पतलीकूहल तक तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से मन की बात से प्रभावित होकर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा ने मनाली हिडिंबा माता के प्रांगण से लेकर पतलीकूहल तक तिरंगा यात्रा निकाली गई।

भाजपा युवा मोर्चा मनाली मंडल के अध्यक्ष विजय ठाकुर की अगुवाई में दर्जनों युवा मोर्चा सदस्य बाकायदा मोटर साइकिल में सवार होकर तिरंगा लेकर नारे लगाते हुए वाम मार्ग सड़क से होते हुए पतलीकूहल पहुंचे। युवा मोर्चा की इस तिरंगा यात्रा में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर भी विशेष तौर पर मौजूद रहे। गोविंद ने कहा कि पीएम के आह्वान पर हर साल तिरंगा कार्यक्रम करते हैं और उसी के आधार पर इस वर्ष भी हर घर तिरंगा कार्यक्रम होगा और 13, 14, 15 अगस्त को देश के हर घर पर तिरंगा लहराया जाएगा। तिरंगा यात्रा में विशेष तौर पर युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तिरंगा यात्रा के आगाज पर मनाली में स्थित माता हिडिंबा मंदिर के आसपास पौधरोपण किया गया।

# 70 से अधिक देवदार के पेड़ लगाकर हरियाली बढ़ाने की दिशा में उठाया कदम



गोविंद सिंह ठाकुर एवं किसान मोर्चा के कार्यकर्ता एक पेड़ मां के नाम अभियान के दौरान।

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

मनाली विधानसभा में किसान मोर्चा मनाली मंडल ने पतलीकूहल में पर्यावरण को बचाने और हरियाली बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान की पहल की है। किसान मोर्चा मनाली मंडल के अध्यक्ष रीमन ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान में माता अनिला शर्मा और प्रेम लता के पुत्रों द्वारा उनकी उपस्थिति में पेड़ लगाए गए। वहीं, किसान मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने 70 से अधिक देवदार के पेड़ लगाए। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष गोविंद सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। प्रदेश उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर अपनी मां की स्मृति में बड़ी संख्या में पौधरोपण करने का आह्वान किया। इस अभियान को मां से जोड़ा गया है। इसके साथ ही ये लक्ष्य रखा गया है कि हर व्यक्ति अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाएं।

# अशोक ने बीडीओ ऑफिस में संभाला सुपरिंटेंडेंट का पदभार

**कुल्लू।** खंड विकास अधिकारी कार्यालय में अशोक कुमार गौतम ने अधीक्षक का कार्यभार संभाल लिया है। यह पद काफी समय से खाली चल रहा था। मंडी जिले के सुंदरनगर उपमंडल के तहत डेहर गांव के रहने वाले अशोक कुमार गौतम वर्ष-1997 में बतौर लिपिक विभाग में शामिल हुए थे। इस दौरान उन्होंने मंडी, कुल्लू, बंजार, नग्गर व गोहर खंड विकास अधिकारी कार्यालय में अपनी सेवाएं दीं। वह 27 दिसंबर, 2021 को अधीक्षक के पद पर पदोन्नत होकर कुल्लू से गोहर खंड विकास अधिकारी कार्यालय को स्थानांतरित हो गए थे। अब उन्होंने कुल्लू खंड विकास अधिकारी कार्यालय में अधीक्षक का पदभार संभाला है। पदभार संभालने के बाद अशोक गौतम ने कहा कि वह खंड विकास अधिकारी के दिशा-निर्देश में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को गति देने का हर संभव प्रयास करेंगे, ताकि लोगों को उनका बेहतर लाभ समय पर मिल सके।



# भुलंग गांव में अढ़ाई मंजिला मकान में लगी आग, दो लाख की संपत्ति जल कर राख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, भुंतर**

कुल्लू मुख्यालय से करीब 19 किलोमीटर दूर भुलंग गांव में आगजनी की घटना का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर के करीब 1:30 बजे गांव भुलंग डाकखाना मौहल तहसील भुंतर निवासी शिवदासी पत्नी स्वर्गीय मेहर चंद के आठ कमरों वाले अढ़ाई मंजिला स्लेटपोश मकान में आग लगने की सूचना दमकल विभाग के कर्मचारियों को मिली।

आगजनी की सूचना प्राप्त होते ही दमकल कर्मियों ने त्वरित कार्रवाई अमल में लाते हुए दमकल दस्ते को घटनास्थल के लिए रवाना किया। दमकल कर्मियों ने फौरन घटनास्थल पर पहुंच कर आग पर काबू पाने की प्रक्रिया शुरू की और कुछ ही देर के अंदर आग पर काबू पा लिया गया। आगजनी की इस घटना में करीब दो लाख की संपत्ति का नुकसान हुआ है जिसमें कमरे की खिड़की, दरवाजे, टीवी, शीशा, बिस्तर और अलमारी जल कर नष्ट हो गई है। दमकल कर्मियों की त्वरित कार्रवाई के कारण करीब 20 लाख की संपति को नुकसान से बचाया गया है साथ ही शिवदासी के शेष मकान सहित साथ लगते भाग चंद के अढ़ाई मंजिला मकान को भी होने वाले नुकसान से बचाया गया है। इस संदर्भ में एसडीओ कुल्लू प्रेम सिंह ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि आगजनी की सूचना मिलते ही दमकल दस्ते को रवाना कर दिया गया था, जिस कारण आग पर समय रहते काबू पा लिया गया है और इस आगजनी की घटना में कोई भी जानी नुकसान नहीं हुआ है और आग किस तरह लगी फिलहाल इस बारे में कुछ पता नहीं चल पाया है।



भुलंग में शिवदासी के मकान में लगी आग पर काबू करने का प्रयास करते हुए दमकल कर्मी।

# तिंदी स्कूल के नाम बेस्ट स्कूल का खिताब

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति के उदयपुर में आयोजित जिला स्तरीय अंडर-19 छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में राजकीय वरिष्ठ विद्यालय तिंदी स्कूल ने बेस्ट स्कूल का खिताब जीता। तिंदी स्कूल ने वॉलीबाल के फाइनल मुकाबले में उदयपुर को हराया, कबड्डी में तिंदी ने त्रिलोकनाथ को फाइनल में मात देकर ट्रॉफी अपने नाम की।

लोकनृत्य में तिंदी प्रथम स्थान, जबकि उदयपुर स्कूल द्वितीय स्थान पर रहा। योगा में तिंदी प्रथम व शकोली स्कूल ने द्वितीय पुरुस्कार हासिल किया। खो-खो प्रतियोगिता में त्रिलोकनाथ विजेता, तिंदी स्कूल उपविजेता रहा। मार्च पास्ट में प्रथम पुरस्कार शकोली, जबकि द्वितीय पुरुस्कार तिंदी के नाम रहा। बैडमिंटन में मडग्रा ने तिंदी को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। टेबल टैनिस में उदयपुर को प्रथम व शांशा ने द्वितीय पुरुस्कार प्राप्त किया। चेस में अर्पिता ने प्रथम पुरस्कार, नंदिनी ने द्वितीय, जबकि आरती ने तृतीय पुरस्कार हासिल किया। एथलेटिक्स में 100 मीटर में तिंदी की ज्योति ने स्वर्ण पदक, शकोली की दीया ने कांस्य पदक, जबकि त्रिलोकनाथ की दिव्यांशी ने रजत पदक हासिल किया। भाषण प्रतियोगिता में शांशा स्कूल प्रथम, शकोली द्वितीय, जबकि मडग्रां स्कूल तृतीय स्थान पर रहा। एकल गान में शांशा रूकूल प्रथम, उदयपुर स्कूल द्वितीय, तिंदी स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। समूहगान में पहला पुरस्कार केलांग द्वितीय पुरस्कार तिंदी ने हासिल किया। खेलकूद व सांस्कृतिक कार्यक्रम समापन समारोह के अवसर पर शिक्षा उपनिदेशक सतीश कोडा ने विजेताओं को ट्रॉफी व मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।



जिला स्तरीय अंडर-19 छात्रा वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता में विजेता टीम के साथ मुख्यातिथि।

# सैंज में तहसीलदार का पद जल्द भरे सरकार : सुरेंद्र शौरी

**अनंत ज्ञान, बंजार**

बंजार विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेंद्र शौरी ने सैंज में तहसीलदार के पद को सरकार द्वारा रिक्त रखने पर नाराजगी जताई है।

विधायक शौरी ने कहा कि सरकार की ओर से सैंज में तहसीलदार के पद को रिक्त रख कर सैंज की जनता से छल किया है। सैंज क्षेत्र पिछले वर्ष भी आपदा में सर्वाधिक प्रभावित हुआ था व इस वर्ष भी बरसात से काफी नुकसान घाटी के लोगों को झेलना पड़ा है। राहत, क्षतिपूर्ति एवं बचाब कार्यों में राजस्व विभाग सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में सैंज में विभाग के मुखिया के पद को खाली रखना कांग्रेस सरकार की सैंज की जनता के प्रति असंवेदशीलता को दर्शाता है। इतने बड़े स्तर पर प्रदेशभर में प्रशासनिक फेरबदल करने के बावजूद सैंज तहसीलदार के पद को रिक्त छोड़ना यहां के सरकार के नुमाइंदों व सरकार के जनता के प्रति रवैये को दर्शाता है। सैंज की जनता सरकार की इस अनदेखी से आक्रोशित है। सरकार को सैंज में तहसीलदार की अतिशीघ्र नियुक्ति करनी चाहिए, ताकि राहत व पुनर्वास कार्यों को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारा जा सके। प्रदेश सरकार द्वारा गत दिन एक साथ 27 तहसीलदारों के स्थानांतरण के आदेश जारी किए हैं। प्रदेश सरकार की ओर से लंबे समय के बाद बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेर-बदल किया गया है। बंजार विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत तहसीलदार का पद छह माह से रिक्त पड़ा है। सैंज क्षेत्र पिछले वर्ष बाढ़ से सर्वाधिक प्रभावित हुआ है।



# तेजराम ठाकुर प्रधान, महासचिव नाथू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

स्वास्थ्य विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ कुल्लू के चुनाव अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के प्रधान अमर ठाकुर की देखरेख में संपन्न हुए।

इस चुनाव में चुनाव अधिकारी दिनेश ठाकुर, सह चुनाव अधिकारी जगन नाथ और तुले राम रहे। प्रधान पद की जिम्मेदारी तेज राम ठाकुर को दी गई, जबकि वरिष्ठ उपप्रधान के पद पर जोगिंद्र सिंह और महासचिव पद की नारायण सिंह ठाकुर को जिम्मेदारी दी गई। इसके अतिरिक्त महासचिव पद पर नाथू राम, वित्त सचिव तारा चंद, महिला उपप्रधान अनु देवी, संगठन सचिव डोले राम, प्रेस सचिव दीप चंद, सह सचिव लाल सिंह, मुख्य सलाहकार जयराम ठाकुर, कार्यकारिणी सदस्य सिलमा ठाकुर, मीरा देवी, श्याम लाल, रमेश चंद, धर्म सिंह, चमन लाल, रूम सिंह, हरी सिंह, खेख राम, मान चंद, हरी चंद को चुना गया। प्रधान ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा और जल्द सभी पदाधिकारियों की बैठक बुलाई जाएगी।



स्वास्थ्य विभाग चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के चुनाव के चुने गए नए पदाधिकारी।

# स्वतंत्रता दिवस पर नहीं होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

**आनी।** उपमंडल मुख्यालय आनी में इस बार 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस साधारण रूप में ही मनाया जाएगा। एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने बताया कि हालही में आनी विधानसभा क्षेत्र के समेज और बागीपुल में आई त्रासदी में दर्जनों लोगों की मौत के शोक स्वरूप उन्होंने यह निर्णय लिया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर उपमंडल मुख्यालय आनी में इस बार किसी भी प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं होंगे साथ ही एसडीएम आनी नरेश वर्मा ने समेज और बागीपुल हादसे में मृत और लापता लोगों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।



**बैठक** ब्राह्मण जन कल्याण सभा शांति के लिए 15 को करेगा गायत्री पाठ और शांति हवन

# गो हत्या के प्रायश्चित के लिए होगा हवन

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

आगामी 15 अगस्त को गड़सा घाटी के माहुन गांव में देव आज्ञानुसार गो हत्या के प्रायश्चित के लिए ब्राह्मण जन कल्याण सभा शांति के लिए गायत्री पाठ व शांति हवन का आयोजन करेगी।

इस संदर्भ में ब्राह्मण जन कल्याण सभा के महासचिव लीला गोपाल ने आयोजित सभा के बैठक में बताया कि कुछ दिनों पहले ही गड़सा घाटी के माहुन गांव में एक अप्रिय घटना घटित हुई थी, जिस कारण समस्त देव समाज आहत हुआ है। मजदूरों ने जिस तरह से महज खानपान के लिए एक गऊ की हत्या की, वो बहुत ही दु:खद है। इस घटना से एक तरफ जहां पूरा समाज आहात हुआ। वहीं, पूरे ब्राह्मण जन कल्याण सभा को भी भारी आघात पहुंचा है। सनातन धर्म के अनुसार गो, ब्राह्मण व देवता समाज के लिए पूजनीय हैं और शास्त्रों में भी कहा गया है कि गो माता के अंदर अनेक देवी-देवताओं का वास होता है। धर्म के मुताबिक इस हत्या के दोष व पाप से मुक्ति के लिए प्रायश्चित के लिए शास्त्रानुसार पाठ एवं हवन किया जाना आवश्यक है। इसके लिए ब्राह्मण जन कल्याण सभा शास्त्र विधि व स्थानीय देव आदेश अनुसार 15 को गांव माहुन में सभा के कर्मकांड व ज्योतिष विभाग के अध्यक्ष पंडित देशराज के नेतृत्व व स्थानीय पुरोहितों के सहयोग से गायत्री पाठ, विष्णु पाठ व गणपति पाठ का हवन करेंगे। इस आयोजन में हिमाचल प्रदेश ब्राह्मण सभा के प्रदेश अध्यक्ष विशेष आमंत्रित हैं। (अनंत ज्ञान)




ब्राह्मण जन कल्याण सभा द्वारा आयोजित बैठक में भाग लेते सभा के सदस्य एवं पदाधिकारी।



## न्यूज ब्रीफ

### 1680 नशीले कैप्सूल के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**पांवटा साहिब।** सिरमौर की पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम ने बहराल के पास बाइक चालक से नशीले कैप्सूल बरामद किए। आरोपी की पहचान कबीर खान पुत्र नजीर निवासी गांव भगवान पुर डा. पुरुवाला तह. पावंटा साहिब जिला सिरमौर के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, पुलिस थाना पांवटा साहिब की टीम बहराल के पास नाकाबंदी पर तैनात थी। इस दौरान टीम ने एक बाइक को जांच के लिए रुकवाया। बाइक चालक पुलिस को देखकर घबरा गया, जब शक के आधार पर उसकी तलाशी ली गई, तो उसके कब्जे से 1680 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। लिहाजा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा-22 के अंतर्गत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पावंटा साहिब की डीएसपी अदिति सिंह ने मामले की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि पुलिस आरोपी से मामले की पूछताछ कर रही है।

### पांच गाइड्स राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित



**नाहन।** जिला सिरमौर की पांच गाइड्स को राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड्स) सुषमा अत्री और जिला संयोजन आयुक्त संजीव अत्री ने बताया कि गत माह मंडी जिले में आयोजित राज्यस्तरीय चयन परीक्षा में जिला सिरमौर की योग्यता प्राप्त 12 गाइड्स ने भाग लिया था। चार दिन चली लिखित, मौखिक और प्रयोगात्मक परीक्षाओं को उत्तीर्ण करने के बाद पांच गाइड्स को राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयनित किया गया है। इनमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भाटगढ़ स्काउट गाइड यूनिट की अंकिता देवी, साक्षी चौहान, सौम्या व श्वेता और कोलर स्कूल की हिमांशु शामिल हैं। उधर, जिला मुख्य आयुक्त अजीत चौहान ने जिला स्काउट गाइड्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों, विद्यालयों की गाइड कैप्टन और प्रधानाचार्यों को बधाई दी।

### संसद में होने वाली कार्यवाही को सब के समक्ष रखा



**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में खंड स्तरीय युवा संसद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान दीपक गजपति ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। प्रतियोगिता में दस विद्यालयों के बीस मार्गदर्शक अध्यापकों सहित 330 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रधानाचार्य राजीव गौतम की अध्यक्षता में हुआ। इस मौके पर रामलाल शर्मा व देश राज गिल बतौर निर्णायक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने हमारे संविधान के अनुसार संसद में होने वाली कार्यवाही को सब के समक्ष रखा। विद्यालय प्रबंधन समिति प्रधान दीपक गजाति बच्चों की इस प्रतिभा को देख कर बहुत प्रभावित हुए और उन्होंने स्टूडेंट्स को इस प्रतियोगिता के किए बधाई देते हुए मार्गदर्शक अध्यापकों के द्वारा करवाई गई तैयारी को खूब सराहा।

### भाजपा ने ददाहू बाजार में निकाली तिरंगा यात्रा



**रेणुका जी।** भारतीय जनता पार्टी श्री रेणुका जी मंडल ने ददाहू बाजार में तिरंगा यात्रा निकाली। यात्रा का नेतृत्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र ठाकुर ने किया, जिसमें प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य, मंडल पदाधिकारी, कार्यकारिणी सदस्य, जॉन अध्यक्ष एवं ग्राम केंद्र प्रभारियों तथा सभी मोर्चो प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

### दिव्यांशी बीएड प्रथम सेमेस्टर में प्रथम




**नाहन।** हिमालयन ग्रुप के एचपी कॉलेज ऑफ एजुकेशन कालाअंब के तहत बीएड (2023-25) के प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें कॉलेज की दिव्यांशी आर्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि प्रियांशु शर्मा ने द्वितीय और कनुप्रिया ने तृतीय स्थान हासिल किया। हिमालयन ग्रुप के वाइस चेयरमैन विकास बंसल ने इन मेधावियों को बधाई दी और उन्हें इस प्रकार के कीर्तिमान भविष्य में स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।

### 14 सितंबर को होगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण किन्नौर एवं वरिष्ठ न्यायाधीश जितेंद्र सैनी ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितंबर को आयोजित की जाएगी। अदालत के समक्ष निम्न प्रकार के मामले प्रस्तुत किए जा सकते हैं, जिनमें धारा-138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, श्रम विवाद, बिजली व पानी, भरण-पोषण आदि से संबंधित मामले शामिल हैं। इसके अतिरिक्त न्यायलयों में लंबित मामले धारा-138 के तहत एनआई अधिनियम से संबंधित मामले, मनी-रिकवरी, वाहन दुर्घटना, श्रम विवाद, बिजली व पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, भू-अधिग्रहण, सेवाओं से संबंधित तनख्वाह व भत्ते आदि मामले लोक अदालत में लगा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### 12 तक चलेगा स्वास्थ्य जागरूकता अभियान

**रिकांगपिओ।** किन्नौर के एकीकृत स्वास्थ्य जागरूकता अभियान का शुभारभ डॉ. कवि राज नेगी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निचार से किया। एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित करते हुए खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. कविराज नेगी ने बताया कि यह अभियान पूरे प्रदेश में 12 अक्तूबर तक चलाया जाएगा, जिसमें विभिन्न स्थानों पर निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि किन्नौर के लोगों को उनके घरद्वार के निकट बेहतर व निशुल्क उपचार उपलब्ध हो सके। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में लोगों को मुफ्त दवाइयां भी प्रदान की जाएंगी। इस निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों में छाती के एक्स-रे, रक्तचाप की जांच, टीबी, एचआईवी, यौन संचारित रोग व मधुमेह जैसे रोगों की निशुल्क जांच की जाएगी तथा लोगों को मुफ्त दवाई भी उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा इन शिविरों में लोगों को इन बीमारियों के प्रति जागरूक भी किया जाएगा स्कूली स्टूडेंट्स के मध्य प्रश्नोत्तरी व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करवाई जाएंगी।

# नगर निगम सोलन के तीन वार्डों में विकास कार्यों की पैरवी करने वाला कोई नहीं

## मेयर की कुर्सी की लड़ाई में लंबित हो रहे शहर के विकास कार्य, पार्षदों के उपचुनाव में देरी से परेशानी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

नगर निगम सोलन में 3 वार्ड ऐसे हैं, जहां पर विकास की पैरवी करने वाला कोई नहीं है। दरअसल दो महीने पहले वार्ड-8 और वार्ड-8 के पार्षदों को दल बदल कानून के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर अयोग्य घोषित किया गया था, जबकि वार्ड-5 के पार्षद कुलभूषण गुप्ता का कुछ महीने पहले निधन होने जाने से पार्षद का पद खाली है।

नियम के तहत छह महीने के अंदर खाली पद पर उपचुनाव होना जरूरी है बावजूद इसके सरकार शहर के विकास कार्यों को लेकर गंभीर नहीं लग रही है। वहीं दो महीने पहले खाली हुई मेयर पद की कुर्सी की खींचतान से भी विकास कार्यों को गति नहीं मिल पा रही है। वार्ड-5 में पार्षद का पद खाली हुए करीब 5 महीने हो चुके हैं। कांग्रेस संख्या बल के आधार पर उपचुनाव से पहले मेयर के पद पर काबिज होना चाहती है। (अनंत ज्ञान)


सोलन शहर।

### विकास कार्यों की डीपीआर नहीं बनी

नगर निगम में पार्षदों की गुटबाजी से मेयर का चुनाव भी लंबित हो रहा है। नियम के मुताबिक मेयर का पद खाली होने की स्थिति में एक महीने के अंदर मेयर के चुनाव हो जाने चाहिए। मगर दो महीने भी जाने के बावजूद भी चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हुई है। संख्या बल के लिहाज से कांग्रेस में पद पर काबिज होना चाहती है पर उनके पार्षदों की आपसी गुटबाजी के चलते चुनाव लंबित होता जा रहा है। वहीं, इस मामले को लेकर भाजपा भी वेट एंड वॉच की स्थिति में है। लिहाजा कुर्सी की लड़ाई में शहर के विकास कार्य लंबित होते जा रहे हैं। मेयर पद खाली होने के चलते शहर में अमृत योजनाओं जैसी बड़ी योजनाओं की डीपीआर बन नहीं रही है न ही इसको लेकर कोई अन्य पार्षद गंभीरता दिखा रहे हैं। उम्मीद की जारी है कि स्वतंत्रता दिवस के आयोजन के बाद मेयर के चुनाव की तिथि तय होगी।

### बोनाफाइड सर्टिफिकेट बनाना मुश्किल

**नगर** निगम की कार्य प्रणाली के चलते इससे पहले भी करीब सात महीने बाद जनरल हाउस हो पाया, जिसमें कई जरूरी मुद्दों पर समय की कमी के चलते चर्चा ही नहीं हो पाई। ऐसे शहर के विकास कार्यों की योजनाएं लंबित हो रही हैं। नियम के मुताबिक हर महीने हाउस होना चाहिए। यदि परिस्थितियां ऐसी ही रही तो भविष्य में भी शहर के विकास की बड़ी योजनाएं बनाना मुश्किल होगा। आपको बता दें कि नगर निगम पार्षद और वार्ड कमेटी की सिफारिश के आधार पर ही विकास कार्य किए जाते हैं। पार्षद की गैर मौजूदगी में न तो वार्ड समितियों की बैठक हो पा रही है और न ही विकास कार्य पैरवी को कोई आगे आ रहा है। ऐसे में विकास कार्यों सहित साफ-सफाई पानी, सीवरेज और प्रॉपर्टी टैक्स के मुद्दों को लेकर लोगों की शिकायत सुनने वाला कोई नहीं है। इसी प्रकार बोनाफाइड सर्टिफिकेट बनाने को लेकर भी वार्ड पार्षद की गैरमौजूदगी में लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## शिमला-टी मसाला को एफएसएसएआई से मिली मंजूरी

**सोलन।** स्वाद बड़ी चीज होती है यदि इससे सेहत और स्वाथ्य भी अच्छा रहे तो सोने पे सुहागा। ऐसा ही नुस्का सोलन में रह रहे दिनेश शर्मा ने अपनी धर्मपत्नी संग तैयार किया है, जिन्होंने 10 मसाले और जड़ी-बूटियों को मिलाकर ऐसी चाय तैयार की है, जिसमें बीमारियों से लड़ने की प्रतिरोधकता और वजन कम करने में मदद मिलती है। दिनेश शर्मा ने 10 जड़ी बूटियां और मसाले को तैयार कर शिमला-टी मसाला तैयार किया है, जिसे एफएसएसएआई से भी मंजूरी मिली है।



शिमला-टी मसाला को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लॉन्च किया जाना है। दिनेश शर्मा ने बताया कि उन्हें शुरू से ही चाय के विभिन्न स्वाद का शौक रहा है। शिमला टी मसाला को ब्लैक टी में मिलाकर एक रोग प्रतिरोधकता की चाय बनती है, जिसमें अश्वगंधा, मुलैठी, दालचीनी, छोटी इलायची, बड़ी इलायची, सौंठ, सौंफ, तुलसी, लांग और काली मिर्च का मिश्रण है। इसमें नींबू रस की बूंदें डालने से स्वाद बढ़ जाता है। दिनेश शर्मा का दावा है कि चाय मसाला मोटापा घटाने और पुरानी खांसी जैसी समस्याओं से निजात दिला सकता है। शिमला-टी मसाला प्रदेश सहित देश के अन्य राज्यों में भी जल्द लॉन्च किया जाएगा।

# निजी कंपनी से करोड़ों की ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, सोलन**

फर्जी इनकम टैक्स अधिकारी बनकर निजी कंपनी से करीब एक करोड़ की ठगी के मामले में पुलिस ने कसौली के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया।

एसपी गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक मार्च महीने में एक शिकायतपत्र पुलिस थाना कसौली में शिकायतपत्र के माध्यम से दिल्ली निवासी अमन मेहता पुत्र कश्मीरी लाल अध्यक्ष गिवेरने इनोवेक्स प्राइवेट लिमिटेड इंडिया ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि प्रधानमंत्री कार्यालय के कुछ अधिकारियों के अधिकारिक लेटर हैड से पत्र जारी कर व जाली हस्ताक्षर करने के उपरोक्त कंपनी प्रबंधन से कंपनी को फायदा पहुंचाने/संचालन के नाम पर लाखों रुपए ऐंठ लिए, जबकि छानबीन करने पर पाया कि प्रधानमंत्री कार्यालय से इस प्रकार के कोई भी पत्र उक्त कंपनी को जारी न किए गए हैं। छानबीन पर यह भी पाया गया था कि इस सारी जालसाजी में कसौली निवासी जितेंद्र कुमार चंदेल भी शामिल था, जिसने प्रधानमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के नाम से जूठे हस्ताक्षर करने के उपरोक्त जाली पत्र जारी किए



थे। इस शिकायतपत्र पर पुलिस थाना कसौली में दिनांक 21 मार्च, 2024 को धोखाधड़ी की 419, 420, 467, 468, 471 आइपीसी धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। अन्वेषण के दौरान इस अभियोग के नामजद आरोपी जितेंद्र कुमसा गांव मशोबरा तहसील कसौली को शामिल अन्वेषण किया गया। अन्वेषण के दौरान उपरोक्त आरोपी के मोबाइल फोन, कंपयूटर तथा अन्य दस्तावेजों का विश्लेषण/परीक्षण करने पर पाया कि आरोपी जितेंद्र चंदेल स्वंय को आयकर विभाग का डिप्टी कमिश्नर होना बतलाता था। वह विभिन्न विभागों/बैकों आदि से ई-मेल व अन्य माध्यमों से पत्राचार कर उन्हें धोखाधड़ी की नीयत से अपना झुठा परिचय डिप्टी कमिश्नर इनकम टैक्स देकर अनुचित लाभ हासिल करता था। उपरोक्त साक्ष्यों के आधार पर दिनांक 12 अगस्त को थाना कसौली की टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। अन्वेषण के दौरान पाया कि आरोपी ने ही प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली के नाम से जाली दस्तावेज तैयार कर कंपनी के अध्यक्ष कश्मीरी लाल से कंपनी को फायदा पहुंचाने/संचालन के नाम पर लाखों रुपए ऐंठ लिए। इसके अतिरिक्त आरोपी ने अपना बतौर डिप्टी डायरेक्टर प्रर्वतन निदेशालय का जाली वेतन प्रमाणपत्र तैयार कर बैंक से कार लोन भी हासिल किया है। आरोपी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की पड़ताल की जा रही है। अभियोग का अन्वेषण जारी है। जांच में अभी तक करीब एक करोड़ की ठगी सामने आई है।

# विधानसभा उपाध्यक्ष विनय ने गत्ताधार में सुनी जनसमस्याएं


विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार गत्ताधार में जन समस्याएं सुनते हुए।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने संगड़ाह उपमंडल के गत्ताधार में सांगना, सताहन, भलाड़-भलौना पंचायतों से आए जन प्रतिनिधियों, महिला मंडल व लोगों की समस्याओं व मांगों को सुना।

इस अवसर पर लोगों ने उपाध्यक्ष के समक्ष बिजली, पानी, सड़क निर्माण संबंधी समस्याएं रखीं। इनमें से अधिकांश समस्याओं का मौके पर निपटारा किया गया तथा शेष समस्याओं व मांगों का शीघ्र समाधान करने के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। इस अवसर पर विधानसभा उपाध्यक्ष विनय ने कहा कि विकास की गति रुकनी नहीं चाहिए। वे इस क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। सीमित संसाधन होने के बावजूद भी प्रदेश सरकार जनहित कार्य में कोई कमी नहीं आने दे रही है। गत वर्ष व हाल ही में आई आपदाओं से हुई क्षति की पूर्ति करने के साथ-साथ विकासात्मक योजनाओं को क्रियान्वित कर आम जनमानस की आर्थिकी को सुदृढ़ बनाया जा रहा है।

# भाजपा युवा मोर्चा ने हरिपुरधार में तिरंगा यात्रा रैली निकाली


हरिपुरधार में भाजपा युवा मोर्चा तिरंगा यात्रा रैली के दौरान।

**अनंत ज्ञान, हरिपुरधार**

सिरमौर के हरिपुरधार में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से तिरंगा यात्रा रैली का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा के सैकड़ों युवा कार्यकर्ताओं और भाजपा सदस्यों ने भाग लिया।

हरिपुरधार बाजार में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से युवा पीढ़ी में देश के गौरव और राष्ट्र की आजा के प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के प्रति आदर और सम्मान की भावना जागृत करने का प्रयास किया गया। जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणवीर के नेतृत्व में आयोजित इस तिरंगा यात्रा के दौरान हाथों में तिरंगे लहरा कर भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा राष्ट्र भक्ति के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा। इस अवसर पर भाजपा जिला युवा मोर्चा के अध्यक्ष रणबीर ठाकुर ने बताया कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा हमारे देश का गौरव है और देश की आजादी का प्रतीक है।

## निजी स्कूलों की अंडर-14 छात्र वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता संपन्न

# वॉलीबाल में रामानुजन की टीम विजेता

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

ईश्वररम्मा पब्लिक वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में निजी स्कूलों की अंडर-14 छात्र वर्ग की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता मंगलवार को संपन्न हुई। ईश्वररम्मा स्कूल के चेयरमैन सुरेश ने बताया कि वॉलीबाल में रामानुजन समलोह स्कूल की टीम विजेता और एनपीएस परवाणू स्कूल की टीम उपविजेता रही।

कबड्डी में एसवीएन शक्तिघाट ने विजेता और विविएन साधुपुल ने उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। खो-खो में एनपीएस धुंदन विजेता और लोटस परवाणू स्कूल की टीम उपविजेता रही। बैडमिंटन में बीएलएल कुनिहार विजेता और ढिलों सुल्तानपुर उपविजेता रहा। मार्चपास्ट में एचएपीएस ममलीग स्कूल की टीम विजेता रही। खेलकूद प्रतियोगिताओं में 23 स्कूलों के 305 खिलाड़ियों ने दमखम दिखाया। समापन समारोह में मुख्य संसदीय सचिव व विधायक अर्की संजय अवस्थी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई और शुभकामनाएं दीं और विजेताओं को प्रमाण पत्र और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते सीपीएस संजय अवस्थी।

## लक्ष्य को समयबद्ध पूर्ण किया जाए

**रिकांगपिओ।** डीसी किन्नौर डॉ. अमित शर्मा ने कल्पा, पूह व निचार विकास खंड के अधिकारियों को निर्देश दिए कि भविष्य में यदि प्राकृतिक आपदा से किसी भी पंचायत क्षेत्र में भूमि/कूहल/एंबुलेंस रोड आदि क्षतिग्रस्त होता है, तो उन सभी कार्यों में प्रदान की जाने वाली सहायता अनुदान राशि को मनरेगा के साथ अभिसरण कर पूर्ण करना सुनिश्चत किया जाए। इसके अलावा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) में पूर्व में लंबित पड़े कार्यों के साथ-साथ इस वित्तीय वर्ष में राज्य सरकार द्वारा आवंटित किए गए लक्ष्य को समयबद्ध पूर्ण किया जाए।

# बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के विरोध में नालागढ़ के लोगों ने किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बांग्लादेश में हिंदुओं पर हुए अत्याचार के विरोध में नालागढ़ के लोगों ने प्रदर्शन किया।

स्थानीय लोगों ने केंद्र सरकार से इस मामले में हस्तक्षेप कर हिंदुओं की रक्षा करनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने एसडीएम के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री को ज्ञापन प्रेषित किया। नालागढ़ के सूरज, विनोद शर्मा, अजय, श्रवण चंदेल आदि के नेतृत्व में लोग नालागढ़ विश्राम गृह में एकित्रत हुए। वहां से एक जुलूस की शक्ल में एसडीएम कार्यालय पहुंचे। लोगों ने


एसडीएम कार्यालय के बाहर प्रदर्शन करते हुए।

बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार को लेकर चिंता जताई। उन्होंने हिंदुओं को बचाने के लिए केंद्र से हस्तक्षेप करने की मांग की। विजय ने कहा जो बाहरी लोग नालागढ़ क्षेत्र में फेरी लगाने का कार्य करते हैं। उनकी वैरिफिकेशन होनी चाहिए। यह लोग फैरी लगाने के चक्कर में यहां पर रैकी करते हैं और अपराध को बढ़ावा दे रहे हैं। प्रदर्शनकारियों ने बाद में एसडीएम के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन भेजा, जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं के प्रति हो रहे अत्याचार को रोकने की मांग की है।

# खतरे की जद में आया सूरत सिंह का मकान

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर में लगातार हो रही बारिशों के चलते जहां सड़कें बुरी तरह प्रभावित हुई है। वहीं, लोगों की निजी संपत्ति भी संकट में पड़ गई हैं। हरिपुरधार के उवारथाच निवासी सूरत सिंह के मकान की प्रोटेक्शन वॉल गिरने से उनके तीन मंजिला मकान को खतरा पैदा हो गया है।

बगैर प्रोटेक्शन वॉल मकान गिरने के खतरे को लेकर सूरत सिंह का पूरा परिवार सहमा हुआ है। बता दें कि बारिश के चलते सूरत सिंह के मकान के आगे की और बनी प्रोटेक्शन वॉल गिर गई थी। बताया जा रहा है कि जिस समय यह प्रोटक्शन वॉल गिरी उस समय इतनी जोर से धमाका हुआ कि परिवार के लोग डर के साये में पूरी रात सो नहीं पाए। परिवार के मुखिया सूरत सिंह का कहना है कि



उनके पास मकान के अलावा कोई और रहने का ठिकाना नहीं है। यही नहीं नजदीक में कोई ऐसा ठिकाना भी नहीं है, जहां वह अपने परिवार के साथ सुरक्षित रूप से रात गुजार सकें। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बृजराज ठाकुर के द्वारा दी गई सूचना के अनुसार प्रशासन को भी इस बाबत सूचित कर दिया गया है। वहीं, सूरत सिंह व स्थानीय लोगों के द्वारा जिला प्रशासन से परिवार की सुरक्षा की मांग भी की गई है।

## संजय अवस्थी आज अर्की के प्रवास पर

**सोलन।** मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी 14 अगस्त को अर्की विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे।

संजय अवस्थी प्रातः 11.30 बजे पंचायत भियूंखरी में वन विभाग द्वारा आयोजित वन महोत्सव में भाग लेंगे और जन समस्याएं सुनेंगे। संजय अवस्थी इसी दिन सायं तीन बजे पंचायत दिग्गल के झंडू में महादेव से झंडू तक छह किलोमीटर लंबे मार्ग, रामशहर से काटल तक 15 किलोमीटर लंबे मार्ग के निर्माण कार्य के लिए भूमि पूजन संपन्न करेंगे।

**समापन** मानव जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है और खेल हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं : रीना

# कबड्डी के फाइनल में मदाला ने गोयला स्कूल को हराया

**अनंत ज्ञान, सोलन/ परवाणू**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोट बेजा में शिक्षा खंड पट्टा के तहत आने वाले बारह स्कूलों के 172 छात्रों की खेलकूद प्रतियोगिता का समापन हुआ।

प्रतियोगिता में स्कूली छात्रों द्वारा कबड्डी, बैडमिंटन, वॉलीबाल, खो-खो, मार्च पास्ट आदि प्रतियोगिताएं खेली गईं। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला परिषद सदस्य रीना



जिला परिषद सदस्य रीना चौहान खिलाड़ियों को किया सम्मानित करते हुए।

चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। मुख्यातिथि ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि मानव जीवन में खेलों का बड़ा महत्व है और खेल हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। मुख्यातिथि ने खेल प्रतियोगिता में विजेता, उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

स्कूल प्रशासन की ओर से स्कूल की प्रिंसिपल निरुपमा अग्निहोत्री ने मुख्यातिथि के सामने स्कूल के खेल मैदान के लिए धनराशि की मांग की, जिस पर जिला परिषद सदस्य ने एक लाख रुपए देने की घोषणा की तथा स्कूली बच्चों के लिए 5100 रुपए भी प्रदान किए। खेलकूद प्रतियोगिता में कबड्डी का फाइनल मुकाबला गोयला स्कूल व मदाला के बीच खेला गया, जिसमें मदाला स्कूल विजय रहा। बैडमिंटन में पट्टा-मसूलखाना विजेता व कोट बेजा उपविजेता रहा। मार्च पास में कोट बेजा विजेता व दूसरे स्थान पर गोयला रहा। इसी तरह वॉलीबाल में गोयला पहले व शेरां दूसरे स्थान पर रहा।

# बारिश से सिरमौर में 13 करोड़ 57 लाख का विभिन्न विभागों को हुआ नुकसान

**एसपी जैरथ, नाहन**

हिमाचल प्रदेश भारत के उत्तर पश्चिम क्षेत्र में स्थित होने के चलते यहां ऊंचे-ऊंचे पर्वत, पठार, दर्रे, नदियां, समतल क्षेत्र आदि विद्यमान हैं। इस तरह की विभिन्नता होने पर राज्य की आपदा दृष्टिकोण से संवेदनशीलता और अधिक बढ़ जाती है। इसमें प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाएं सामने आ रही हैं। यह बात आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ डीसी कार्यालय नाहन राजन कुमार शर्मा ने कही।



उन्होंने कहा कि 2016 से अब तक राज्य में विभिन्न प्रकार की आपदाओं, जिसमें प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाएं शामिल हैं, उनमें बढ़ोतरी देखने को मिली है। इन आपदाओं की बढ़ोतरी का कारण जलवायु परिवर्तन के अतिरिक्त पिछले कुछ समय से चरण मौसमी घटनाओं का एकाएक बढ़ जाना है। यदि हम इस वर्ष में दक्षिण पश्चिम मानसून के दौरान की बात करें, तो हिमाचल में मानसून के दौरान 11 अगस्त तक लगभग 9 करोड रुपए का नुकसान, 185 मौतें, 325 घायल, 46 लोग लापता हुए हैं। इस सीजन के दौरान मौसमी घटनाओं के द्वारा राज्य में 31 जुलाई एवं 11 अगस्त को अधिकतर जिलों में भारी नुकसान देखने को मिला। सिरमौर की अगर बात करें तो 11 एवं 12 को हुई बारिश से जिले में लगभग 13 करोड़ 57 लाख के लगभग विभिन्न विभागों को नुकसान हुआ। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान जल्द

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव की तारीखों का एलान जल्द हो सकता है। हरियाणा विधासभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को खत्म हो रहा है।



चुनाव आयोग को तीन नवंबर से पहले नई सरकार का गठन करना है। ऐसे में चुनाव की घोषणा कभी भी हो सकती है। वहीं कयास लगाए जा रहे हैं कि अक्तूबर के पहले या दूसरे सप्ताह चुनाव हो सकते हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में कुल 2.01 करोड़ मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इनमें 1.06 करोड़ पुरुष और 95 लाख महिला वोटर हैं। प्रदेश में आगामी विधानसभा आम चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार, चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. एसएस संधू के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधिमंडल दो दिवसीय हरियाणा के दौर पर आया था। मंगलवार को चंडीगढ़ में हरियाणा के मुख्य चुनाव अधिकारी पंकज अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों के साथ बैठक की।

### चंडीगढ़ में वकीलों की हड़ताल खत्म

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ जिला अदालत में वकीलों की हड़ताल खत्म हो गई है। टेनेंसी एक्ट 2019 के विरोध कर रहे वकीलों ने मंगलवार को स्ट्राइक खत्म खत्म करने का एलान किया है। इससे पहले सोमवार को अधिवक्ताओं का एक प्रतिनिधिमंडल पंजाब के राज्यपाल व चंडीगढ़ के प्रशासक गुलाब चंद कटारिया से मिला था। मंगलवार को अधिवाक्ताओं की जनरल हाउस मीटिंग में हड़ताल खत्म करने का फैसला लिया गया। जिला अदालत के वकीलों ने बीते 24 दिन से वर्क सस्पेंड कर रखा था।

### 'हर घर-हर गृहिणी' पोर्टल लांच किया

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** प्रदेश सरकार ने अंत्योदय परिवारों को 500 रुपए का घरेलू गैस सिलेंडर देने के लिए हर घर-हर गृहिणी पोर्टल लांच किया। अब उपभोक्ता घर बैठे https://epds.haryanafood.gov.in लिंक पर पंजीकरण करवाकर योजना का लाभ ले सकते हैं। अंत्योदय परिवार के लोग एक वर्ष में 12 सिलेंडर भरवा सकते हैं। गैस सिलेंडर भरवाने पर शेष राशि (500 रुपये से अधिक) प्रत्येक मास उनके खाते में वापस डाली दी जाएगी। इसकी सूचना उपभोक्ता के मोबाइल पर एसएमएस के जरिये दी जाएगी। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पोर्टल लांच करते हुए कहा- भाजपा की डबल इंजन सरकार का उद्देश्य है कि गरीब और अंत्योदय परिवार के जीवन को सुगम बनाना है। इसी कड़ी में पोर्टल के तहत लगभग 50 लाख बीपीएल परिवारों को 500 रुपए में गैस का सिलेंडर दिया जाएगा। सिलेंडर पर 500 रुपए अधिक खर्च होने वाली राशि हरियाणा सरकार वहन करेगी। सात अगस्त को सीएम नायब सिंह सैनी ने जींद में घोषणा की थी। इस योजना से प्रदेश की बहनों को 1500 करोड़ रुपए सालाना का लाभ मिलेगा। इस मौके पर खाद्य नागरिक एवं उपभोक्ता मामले विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डा. सुमिता मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी उमाशंकर, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव आशिमा बराड़, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक मंदीप सिंह बराड़ मौजूद रहे।

### आतंकवाद विरोधी अभियानों का जायजा

**जम्मू।** सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचींद्र कुमार ने जम्मू-कश्मीर के चिनाब घाटी क्षेत्र में जारी आतंकवाद विरोधी अभियानों का मंगलवार को जायजा लिया। उत्तरी कमान ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में बताया कि लेफ्टिनेंट जनरल कुमार ने डोडा और किश्तवाड़ में आतंकवाद विरोधी डेल्टा बल की अग्रिम चौकियों का दौरा किया और सभी रैंक के सुरक्षाकर्मियों को अभियान की तीव्रता बनाए रखने का निर्देश दिया, ताकि क्षेत्र में मौजूदा और आगामी घटनाक्रमों के बीच सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### भाजपा नेता बिट्टा को बम से उड़ाने की धमकी



**चंडीगढ़।** विदेशी नंबरों से पंजाब के नेताओं और कारोबारियों को धमकी भरे फोन कॉल का सिलसिला रुक नहीं रहा है। जालंधर में वरिष्ठ भाजपा नेता और भाजपा किसान मोर्चा पंजाब के प्रदेश महासचिव सतनाम सिंह बिट्टा को धमकी भरा फोन आया। धमकी देने वाले ने कहा कि अगर किसानों का नेतृत्व और भाजपा-मोदी को नहीं छोड़ा तो बम से उड़ा देंगे। सतनाम सिंह बिट्टा और उनके परिवार को पाकिस्तानी नंबर से फोन करके बम से उड़ाने की धमकी मिली है। पुलिस कमिश्नर को दी शिकायत में बिट्टा ने कहा कि सुबह 11.15 बजे उन्हें पाकिस्तान नंबर +92305565843 से धमकी मिली कि उन्हें और उनके परिवार को मार दिया जाएगा।

### बुशरा बीबी की जमानत याचिका खारिज



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक आतंकवाद निरोधक अदालत ने पिछले साल नौ मई को हुई हिंसा से संबंधित 12 मामलों में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पत्नी बुशरा बीबी की जमानत याचिका खारिज कर दी है। हिंसा तब भड़की थी, जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक खान को कथित भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार किया गया था। आतंकवाद निरोधक अदालत (एटीसी) रावलपिंडी के न्यायाधीश मलिक एजाज आसिफ ने कहा कि उनके मामले में गहन जांच की आवश्यकता है। उन्होंने जमानत याचिका खारिज कर दी।

### पंजाब सीमा पर पाक घुसपैठिए को मार गिराया

**जालंधर।** स्वतंत्रता दिवस से पहले जारी 'हाई अलर्ट' के बीच पंजाब सीमा से भारत में दाखिल होने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध पाकिस्तानी घुसपैठिए को सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने मार गिराया। बीएसएफ के एक प्रवक्ता ने बताया कि एक व्यक्ति को सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे तरनतारन जिले के डल गांव में 'चोरी-छिपे' अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर सीमा बाड़ के पास जाते हुए देखा गया। जवानों ने घुसपैठिए को रुकने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं रुका और सीमा सुरक्षा बाड़ की तरफ बढ़ता रहा। जवानों ने घुसपैठिए पर गोली चला दी और उसे मौके पर ही मार गिराया।

### छत्तीसगढ़ में इनामी नक्सली समेत पांच गिरफ्तार

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षाबलों ने एक इनामी नक्सली समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षाबलों ने पांच नक्सलियों उईका चैतू (30), कुंजाम सुखलाल (35), पदाम हुंगा (24), महिला नक्सली उईका लखे (35) और पदाम सन्नू (35) को गिरफ्तार कर लिया है।

### आबकारी मामला: अभिषेक की जमानत अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कथित दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में हैदराबाद के व्यवसायी अभिषेक बोइनपल्ली को दी गई अंतरिम जमानत की अवधि मंगलवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू के उपलब्ध नहीं होने के कारण मामले की सुनवाई 14 अक्तूबर तक के लिए स्थगित कर दी। वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि याचिकाकर्ता को अक्तूबर 2022 में गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने अपने मुवक्किल को जमानत देने का अनुरोध करते हुए 'आप' के नेता मनीष सिसोदिया के मामले का जिक्र किया।

# सीएम सैनी ने पंचकूला को दी 315 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला पर दिल खोल कर धनवर्षा की। सीएम सैनी ने पंचकूलावासियों को लगभग 315 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं की सौगात देते हुए सेक्टर-32 में विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज स्पोर्ट्स कांप्लेक्स और स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होंने पंचकूला विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि भी देने की घोषणा की।

समारोह को संबोधित करते हुए सैनी ने कहा कि ये दोनों परियोजनाएं पंचकूला के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। उन्होंने कहा कि यह गर्व की बात है कि आज अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिन दो परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया है वह युवाओं का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करेंगी।

उन्होंने कहा कि 13.75 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाली इस विश्व स्तरीय शूटिंग रेंज का निर्माण लगभग 150 करोड़ की लागत से किया जाएगा और यह आगामी दो वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगी। 10 एकड़ भूमि पर स्थापित होने वाले स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नालॉजी का निर्माण लगभग 165 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा और यह आगामी तीन वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा। सैनी ने कहा कि इस अंतरराष्ट्रीय स्तर की शूटिंग रेंज में प्रतिभाशाली खिलाड़ी तैयार हो सकेंगे। (अनंत ज्ञान)




### सैनी ने तिरंगा यात्रा को दिखाई हरी झंडी

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सोमवार को पंचकूला में तिरंगा यात्रा को हरी झंडी दिखाई और कहा कि राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान बनाए रखना हम सबका सामूहिक कर्तव्य है।

सैनी ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए हर घर तिरंगा अभियान में भाग लेने का आग्रह किया तथा अपने घरों और प्रतिष्ठानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराकर राष्ट्र के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों द्वारा देखे गए नए भारत के सपने को साकार करने में योगदान देने का आग्रह किया।

सैनी ने पंचकूला के कालका में आयोजित एक कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित किया। तिरंगा यात्रा कालका मंडी से शुरू हुई और कालका में श्री काली माता मंदिर पर संपन्न हुई। इससे पहले मुख्यमंत्री ने कालका स्थित ऐतिहासिक श्री काली माता मंदिर और गुरुद्वारा साहिब में मत्था टेका।

### कोलकाता डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामला

# पीजीआईएमईआर में डॉक्टरों की हड़ताल जारी

**एजेंसी, चंडीगढ़**

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (पीजीआईएमईआर) में चिकित्सा सेवाएं मंगलवार को आंशिक रूप से बंद रहीं, क्योंकि रेजिडेंट डॉक्टरों ने दूसरे दिन भी अपनी हड़ताल जारी रखी।

पीजीआईएमईआर के रेजिडेंट डॉक्टर कोलकाता के एक सरकारी अस्पताल में प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ कथित तौर पर दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या की घटना के विरोध में हड़ताल कर रहे हैं। हालांकि, अस्पताल में आपातकालीन सेवाएं चालू थीं। एसोसिएशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स, पीजीआईएमईआर के संयुक्त सचिव डॉ. पेरुगु प्रणीत रेड्डी ने कहा, ''हमारा विरोध प्रदर्शन आज भी जारी है।''

डॉक्टर मांग कर रहे हैं कि अस्पतालों में उनकी सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। इस बीच, कलकत्ता उच्च न्यायालय ने महिला डॉक्टर के साथ कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या मामले की जांच मंगलवार को सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया।

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सेमिनार हॉल में गत शुक्रवार को एक महिला चिकित्सक का शव अर्ध नग्न अवस्था में मिला था। परिजनों का आरोप है कि महिला चिकित्सक के साथ दुष्कर्म के बाद उसकी हत्या कर दी गई। वारदात के सिलसिले में शनिवार को एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया था, जो अस्पताल से जुड़ा हुआ नहीं था, लेकिन उसका वहां अक्सर आना-जाना था।

इस घटना के बाद यह विरोध प्रदर्शन फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन (एफओआरडीए) द्वारा आहूत राष्ट्रव्यापी अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद किया गया है।

सोमवार को जूनियर डॉक्टरों के हड़ताल पर चले जाने के बाद पीजीआईएमईआर अधिकारियों ने कहा कि आपातकालीन सेवाएं जारी रहेंगी।

## सेना को अधिक अनुकूलनीय बनने का प्रयास करना चाहिए : मनोज पांडे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

पूर्व सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने युद्ध के मैदान में चुनौतियों को समझने और उनका कुशलतापूर्वक सामना करने हेतु प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण का उपयोग करने के लिए सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता पर बल दिया है।

जनरल मनोज पांडे ने मंगलवार को यहां चंडीमंदिर सैन्य स्टेशन पर 'युद्धक्षेत्र में सफलताएं: विजय के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग' विषय पर आयोजित एक संगोष्ठी में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए यह बात कही।

सेना की पश्चिमी कमान ने जमीनी युद्ध अध्ययन केंद्र (सीएलएडब्ल्यूएस), नयी दिल्ली के सहयोग से इस संगोष्ठी का आयोजन किया। भारतीय सेना में युद्ध-लड़ाई में प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल बनाए रखने को दिया जा रहा प्रोत्साहन विषय विशेषज्ञों द्वारा दिन भर विभिन्न मुद्दों पर दिए गए भाषणों से स्पष्ट हुआ।

जनरल पांडे ने युद्धक्षेत्र में चुनौतियों को समझने तथा कुशलतापूर्वक उनका सामना करने हेतु प्रौद्योगिकी और प्रशिक्षण का उपयोग करने के लिए सामूहिक दृष्टिकोण पर बल दिया।

मनोज कुमार कटियार ने कहा कि सेना को अधिक अनुकूलनीय बनने का प्रयास करना चाहिए और अधिकारियों से आग्रह किया कि वे प्रौद्योगिकी क्षेत्र में गहन अध्ययन करें तथा नयी पीढ़ी की युद्ध संबंधी चुनौतियों के अनुकूल होने के लिए नवाचार करें।

# मनीमाजरा में पहली बार लगा 'सी वर्ल्ड' कार्निवल

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

अगर आप भी जलीय जीवों से मिलना पसंद करते हैं, तो आप रंग-बिरंगी कई तरह की मछलियों को देखने के लिए मनीमाजरा के हाउसिंग बोर्ड चौक पर पहुंचें। यहां चल रहे सिडनी कार्निवाल में आपको मछलियों की खूबसूरत दुनिया के साथ-साथ मेले में कई तरह के उत्पाद देखने के लिए मिल जाएंगे।

सिडनी कार्निवाल के कार्निवाल के आयोजक अनिल मित्तल जी ने बताया कि वैसे तो चंडीगढ़ व आसपास के एरिया में कई सारी जगह घूमने और देखने लायक है लेकिन मनीमाजरा वालों के लिए यह पहला एक्सपीरियंस है, यहां एक मैदान में फिश टनल में इस तरह का आयोजन किया गया है. जो बहुत ही सुंदर डेकोरेशन के साथ प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ बच्चों के लिए ही नहीं यह हर उम्र के लोगों के लिए घूमने की एक अच्छी जगह है।

उन्होंने बताया कि अमेज़न सी वर्ल्ड कार्निवाल में टाइगर ऑस्कर, एल्बिनो ऑस्कर, फायर ऑस्कर, लेमन ऑस्कर, कॉपर ऑस्कर, रोज रेड, शॉर्ट बॉडी एल्बिनो, पेकॉक बास, टेम्सिल बास, रैम्बो चिचिल्ड, वैयाजा सिस्पिलम, मार्बल वैयाजा, ग्रीन टेरर, फायर पैराडाइज, एल्बिनो फायर पैराडाइज, कोस्टा टेट्रा, स्कूल फिश, रेड स्पॉटेड शेवरम, बिग एंजल्स मिक्स, रेड टेल कैट फिश 5 इंच, रेड डेविल 4 इंच, कोई, स्टिंग रे और बिग जैंट गुरमी, मिक्स चिचिल्ड, फ्लावरहॉर्न सहित रेड डेविल एंजल्स जैसी विभिन्न छोटी बड़ी फिश की प्रजातियां पेश की गई है। (अनंत ज्ञान)


जानकारी देते 'सी वर्ल्ड' कार्निवल के आयोजक।

### कार्निवाल की एंट्री फीस 30 रुपए

**आयोजकों** का कहना है कि अन्य जगहों में अगर हम एक्वेरियम देखने के लिए जाते हैं, तो वहां काफी महंगी फीस होती है। कार्निवाल की एंट्री फीस 30 रुपए रखी गई है। उनका कहना है कि जो लोग एनिमल लवर हैं या जलीय जीवों को पसंद करते हैं, उनको यहां जरूर आना चाहिए। क्योंकि यहां रंग-बिरंगे खूबसूरत छोटी बड़ी मछलियां हैं, जिन्हें देखकर काफी अच्छा लगेगा।

अनिल मित्तल का कहना है कि फिश टनल तो लोगों को मानो ऐसा लगेगा कि जैसे हम समुद्र के नीचे से चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चों के लिए यह बहुत अच्छी जगह है। क्योंकि हर मछली के ऊपर उसका नाम दिया गया है और बच्चे यहां आकर जानकारियां हासिल कर सकते हैं और उनका मनोरंजन भी हो जाएगा।

## देश-विदेश

# रूस के 1000 वर्ग किमी. इलाके पर यूक्रेन का कब्जा

**एजेंसी, मॉस्को**



**यूक्रेन** ने रूस के 1,000 वर्ग किमी से ज्यादा इलाके पर कब्जा कर लिया है। सीएनएन के मुताबिक एक सप्ताह पहले यूक्रेनी सैनिकों ने रूस के कुर्स्क इलाके पर हमला किया था। तब से यहां के करीब 28 गांवों पर कब्जा कर चुके हैं। कुर्स्क में टैंकों और तोपखानों से लैस करीब एक हजार यूक्रेनी सैनिक 6 अगस्त को दाखिल हुए थे। इसके बाद रूस ने 8 अगस्त को ही यहां इमरजेंसी लगा दी थी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने इसे यक्रे की उकसाने वाली हरकत बताया है। उन्होंने अपने रक्षा अधिकारियों को यूक्रेनी सेना को रूसी इलाके से खदेड़ने का आदेश दिया है। पुतिन ने कुर्स्क के स्थानीय नेताओं के साथ बैठक की। इस दौरान कुर्स्क के प्रमुख एलेक्सी स्मिरनोव ने पुतिन को बताया कि उनके इलाके में कई बस्तियों पर यूक्रेनी सेना ने कब्जा कर लिया है। यूक्रेनी हमले में 12 रूसी नागरिक भी मारे गए हैं। 121 लोग घायल हुए हैं। स्मिरनोव ने कहा कि यूक्रेनी सेना रूस में 30 किमी भीतर तक घुस चुकी है। बैठक में शामिल यूक्रेनी सैन्य प्रमुख ओलेक्सांद्र सिरस्की ने पुतिन से कहा कि लगभग 386 वर्ग मील (1,000 वर्ग किलोमीटर) रूसी इलाके पर यूक्रेन ने कंट्रोल कर लिया है।

## भागलपुर में संदिग्ध परिस्थिति में 5 शव मिलने से सनसनी

**भागलपुर।** बिहार के भागलपुर के पुलिस लाइन के एक क्वार्टर से मंगलवार को 5 लोगों के शव संदिग्ध परिस्थिति में बरामद किए गए हैं। मृतकों में एक महिला सिपाही और उसके परिवार के 4 सदस्य शामिल हैं। घटना के पीछे की वजह फिलहाल आपसी विवाद बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि एसएसपी कार्यालय में तैनात सिपाही नीतू के पति पंकज सिंह ने सोमवार की रात अपनी पत्नी नीतू और अपनी मां और दो बच्चों की गला रेतकर हत्या की। उसके बाद सुसाइड नोट लिखकर खुदकुशी कर ली। भागलपुर रेंज के डीआईजी विवेकानंद ने बताया कि पंकज और नीतू ने प्रेम विवाह किया था।

## लाल किले पर स्वतंत्रता दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल




नई दिल्ली। दिल्ली के लाल किले में 78वें स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां फाइनल स्टेज में हैं। मंगलवार को लाल किले पर फुल ड्रेस रिहर्सल की गई। सेना के जवानों ने मॉकड्रिल की। वायुसेना ने भी आसमान में अपनी ताकत दिखाई। इस बार स्वतंत्रता दिवस की थीम विकसित भारत है। इसके तहत स्वतंत्रता के 100वें साल यानी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य रखा गया है। स्वतंत्रता दिवस समारोह में युवा, महिलाएं और आदिवासी सहित 4 हजार स्पेशल गेस्ट शामिल होंगे।

## मोदी सरकार ने गरीबों के साथ किया विश्वासघात : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बेरोजगारी, महंगाई और संविधान पर हमले को लेकर मंगलवार को केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने देश के गरीबों एवं मध्य वर्ग के साथ विश्वासघात करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रमुख मुद्दों को लेकर अभियान शुरू करेगी और जनता के बीच जाएगी। कांग्रेस महासचिवों, राज्य प्रभारियों और प्रदेश इकाई के प्रमुखों के साथ बैठक के बाद खड़गे ने 'एक्स' पर कहा कि हमने चुनावी तैयारियों के लिए संगठनात्मक मामलों और राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के लिए एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्षों की एक बैठक बुलाई। उन्होंने कहा कि सेबी और अदाणी के बीच सांठगांठ के चौंकाने वाले खुलासे की गहन जांच की जरूरत है। शेयर बाजार में छोटे निवेशकों का पैसा खतरे में नहीं डाला जा सकता। मोदी सरकार को तुरंत सेबी अध्यक्ष का इस्तीफा मांगना चाहिए और इस संबंध में जेपीसी (संयुक्त संसदीय समिति) का गठन करना चाहिए।



## सीएम धामी ने प्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र नेगी को सम्मानित किया

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार रोड स्थित संस्कृति प्रेक्षागृह में प्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी के जन्मदिन पर गीत यात्रा के 50 वर्ष कार्यक्रम में उनकी रचनाओं पर श्री ललित मोहन रयाल द्वारा लिखित पुस्तक कल फिर जब सुबह होगी का विमोचन किया।

इस अवसर पर उन्होंने नरेंद्र सिंह नेगी को उत्तराखंड लोक सम्मान से सम्मानित कर 2.51 लाख का चैक भेंट किया तथा प्रशस्ति पत्र भेंट कर उन्हें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने पुस्तक के लेखक श्री ललित मोहन रयाल के प्रयासों की सराहना करते हुए पुस्तक को भावी पीढ़ी के लिए संरक्षित करने वाला कार्य बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेगी जी के गीत हमें अपने परिवेश के साथ पहाड की चुनौतियों से परिचित कराने का कार्य करते है।



# देश में आफत बनकर बरस रही बारिश, कई राज्यों में ' रेड अलर्ट'

**एजेंसी, जयपुर**

**आईएमडी** ने राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पूर्व और पूर्वोत्तर भारत में अलग-अलग स्थानों पर अगले सात दिन भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। राजस्थान में लगातार मूसलाधार बारिश के चलते राजधानी जयपुर सहित कई जिलों में स्कूल मंगलवार को भी बंद रहे। राज्य में दो दिन में बारिश संबंधी जनित में 22 लोगों की मौत हो चुकी है।

इस बीच मौसम विभाग ने मंगलवार व बुधवार को भी कई इलाकों में भारी बारिश का 'रेड अलर्ट' जारी किया है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को दौसा, करौली और भरतपुर जिलों में भारी बारिश से प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण किया। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा, आज करौली जिले के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का हवाई सर्वेक्षण करने के बाद विभागीय अधिकारियों की बैठक ली व कुशल आपदा प्रबंधन के लिए निर्देश दिए।



**राजस्थान में कई जगह स्कूल बंद, मुख्यमंत्री भजनलाल ने किया हवाई सर्वेक्षण**

## हूती विद्रोहियों ने किए लाल सागर में जहाजों पर हमले

**दुबई।** लाल सागर में जहाजों को निशाना बनाते हुए संदिग्ध रूप से यमन के हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को हमले किए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये हमले ऐसे समय में हुए हैं जब यमन का मुख्य सहयोगी देश ईरान जुलाई के अंत में हमास नेता इस्माइल हनिया की हत्या के प्रतिशोध में इसराइल के खिलाफ संभावित हमले की योजना बना रहा है जिससे पश्चिमी एशिया क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंक पैदा हो गई है।

ब्रिटिश सेना के 'यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस सेंटर (यूकेएमटीओ)' ने बताया कि पहला हमला हूती के कब्जे वाले बंदरगाह शहर होदेदा से लगभग 115 किलोमीटर दक्षिण में हुआ।

**गिरावट** निफ्टी 208 अंक गिरकर 24,139 अंक पर बंद

# शेयर बाजार में दूसरे दिन भी गिरावट, सेंसेक्स 693 अंक टूटा

**एजेंसी, मुंबई**

शेयर बाजार में मंगलवार को दूसरे दिन भी गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स करीब 700 अंक लुढ़क कर 79,000 अंक के नीचे आ गया। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी जारी रहने के बीच एचडीएफसी बैंक, एसबीआई और आईटीसी में बिकवाली दबाव के बीच बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 692.89 अंक यानी 0.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 78,956.03 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 759.54 अंक नीचे आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 208 अंक यानी 0.85 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,139 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल 30 कंपनियों में से एचडीएफसी बैंक का शेयर तीन प्रतिशत से अधिक नुकसान में रहा। इसके अलावा टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा मोटर्स, पावर ग्रिड और जेएसडब्ल्यू स्टील भी नुकसान में रहे। इसके उलट लाभ में रहने वाले शेयरों में टाइटन, एचसीएल टेक, नेस्ले, सन फार्मा, रिलायंस और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।



# केदारघाटी में रेस्क्यू अभियान का प्रथम चरण पूरा

**जगदीश शर्मा, देहरादून**

केदारघाटी में रेस्क्यू अभियान का प्रथम चरण पूरा हो गया है। केदारनाथ में स्वेच्छा से रुके 78 लोगों को एमआई-17 के जरिए रविवार को गुप्तकाशी पहुंचाया गया। इसके साथ ही वायु सेना के एमआई-17 हेलिकॉप्टर को विदा कर दिया गया है। अब कहीं भी कोई यात्री नीचे आने के लिए शेष नहीं बचा है।

केदारनाथ धाम में खाद्य सामग्री तथा अन्य जरूरी सामान तथा रसद सामग्री जो पहुंचाई जानी थी, उन्हें एमआई-17 तथा स्टेट हेलीकॉप्टर के माध्यम से पहुंचाया जा चुका है। वहीं दूसरी ओर भारतीय वायु सेना का चिनूक हेलीकॉप्टर को केदारनाथ में कुछ भारी मशीनों को पहुंचाने के लिए अभी रोका गया है। जैसे ही मौसम खुलेगा, बड़ी मशीनों को पहुंचाकर चिनूक को भी रवाना कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस रेस्क्यू अभियान में सहयोग के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा गृह मंत्री अमित शाह का विशेष तौर पर आभार प्रकट किया।



# पेरिस ओलंपिक में भारत के हाथ से फिसले दस पदक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक-2024 खत्म हो चुके हैं। अमेरिका फिर एक बार टॉप पर रहा, देश ने 40 गोल्ड समेत 126 मेडल अपने नाम किया। अमेरिका ने जितने मेडल जीते, भारत उतने एथलीट्स भी ओलंपिक में नहीं उतार सका। भारत ने ओलंपिक में 117 एथलीटस भेजे, जिन्होंने 1 सिल्वर और 5 ब्रॉन्ज मेडल दिलाए।
भारत पदक तालिका में पाकिस्तान से भी नीचे 71वें स्थान पर रहा। हालांकि, भारतीय एथलीट्स की किस्मत और खेल का लेवल थोड़ा भी बेहतर रहता तो भारत 16 मेडल तक जीत सकता था। आइएं डालते हैं एक नजर हम कैसे 16 पदक जीत सकते थे।



मीराबाई चानू

**6 इवेंट में चौथे स्थान पर रहे**

**भारत** ने पेरिस ओलंपिक में सबसे ज्यादा 3 पदक निशानेबाजी में जीते, लेकिन इसी खेल के 3 इवेंट में भारत चौथे स्थान पर भी रहा और पदक जीतने से चूक गया। बैडमिंटन में भारत 2012 से लगातार मेडल जीत रहा था, लेकिन इस बार पुरुष एकल में देश को चौथा स्थान ही मिल सका। भारोत्तोलन और तीरंदाजी के भी एक-एक इवेंट में चौथे स्थान पर रहने के कारण देश पदक नहीं जीत सका।

**अर्जुन बाबुता**

अर्जुन बाबुता 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में जीत सकते थे। वह बहुत कम अंतर से ब्रॉन्ज मेडल से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे।

**मनु भाकर**

मनु महिला 25 मीटर पिस्टल इवेंट के शूटऑफ में चौथे स्थान पर रहीं।

**मीराबाई चानू**

वेटलिफ्टिंग में मीराबाई चानू सिर्फ 1 किलो की वजह से ब्रॉन्ज मेडल जीतने में नाकाम रहीं।

**धीरज और अंकिता**

तीरंदाजी जोड़ी धीरज बोम्मादेवरा और अंकिता भकत ब्रॉन्ज मेडल मैच में अमेरिकी जोड़ी से हारे।

**महेश्वरी और नरूका**

निशानेबाज महेश्वरी चौहान और अनंतजीत सिंह नरूका को केवल 1 अंक से हार का सामना करना पड़ा था, वरना वह ब्रॉन्ज मेडल जीत सकते थे।

**लक्ष्य सेन**

बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन भी मेडल से कदम दूर रह गए. लक्ष्य सेन को ब्रॉन्ज मेडल मैच में मलेशिया के ली जी जिया के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा।



विनेश फोघाट

## दो पदकों से पहलवान चूके

**भारत** से इस बार 6 पहलवानों ने क्वालिफाई किया, सभी ने बेहतरीन प्रदर्शन किया, लेकिन पदक सिर्फ एक मिला। विनेश फोगाट का फाइनल से ठीक से पहले डिसक्वालिफाई होना सबसे बड़ा सदमा रहा। महिला कुश्ती में ही निशा दहिया का क्वार्टर फाइनल में इंजर्ड हो जाना भी दिल तोड़ने वाला रहा।

## दो खिलाड़ी पदक से महज एक जीत दूर रहे

**ओलंपिक** मुक्केबाजी में सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई करने वाले मुक्केबाज का भी पदक पक्का हो जाता है। भारत के 2 मुक्केबाज इस बार सेमीफाइनल में पहुंचने के करीब पहुंचे, लेकिन क्वार्टर फाइनल हारकर बाहर हो गए।

## न्यूज ब्रीफ

### पोपिरिन को नेशनल बैंक ओपन को खिताब



**मांट्रियल।** ऑस्ट्रेलिया के एलेक्सेइ पोपिरिन ने रूस के पांचवीं वरीयता प्राप्त आंद्रेइ रूबलेव को 6-2, 6-4 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस खिताब जीत लिया जो उनके कैरियर का सबसे बड़ा एकल खिताब है। विश्व रैंकिंग में 62वें स्थान पर काबिज पोपिरिन ने दूसरे दौर में 11वीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन को हराया। इसके बाद 7वीं वरीयता प्राप्त ग्रिगोर दिमित्रोव को मात दी। उन्होंने क्वर्टर फाइनल में चौथी वरीयता प्राप्त हुबर्ट हुरकाज को हराया। फिर सेमीफाइनल में अमेरिका के सेबेस्टियन कोरडा को हराया। इस प्रदर्शन से पोपिरिन रैंकिंग में 62वें से 23वें स्थान पर पहुंच जाएंगे।

### खेल से ब्रेक ले रही पहलवान अंशु मलिक

**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान अंशु मलिक ने कहा कि वह पेरिस ओलंपिक में प्री-क्वार्टर फाइनल में बाहर होने के बाद 'शारीरिक और भावनात्मक रूप से फिट होने' के लिए खेल से कुछ समय का ब्रेक ले रही हैं। उन्होंने हालांकि मजबूत वापसी करने का वादा किया। 23 साल की यह खिलाड़ी 57 किग्रा फ्रीस्टाइल स्पर्धा के प्री-क्वार्टर फाइनल में अपने से अनुभवी दो बार की ओलंपिक पदक विजेता और 5वीं वरीय हेलेन लुसी मैरोयूलिस की चुनौती से पार नहीं पा सकी। वह 2-7 से हार गईं। अपना दूसरा ओलंपिक खेल कर वापस लौटी आंशु ने 'इंस्टाग्राम' पर लिखा, '' इसे स्वीकार करना कठिन है, लेकिन यह एक खेल है और हार-जीत इसका हिस्सा है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि परिणाम क्या है, मुझे कुश्ती पसंद है। अब, यह एलए 2028 (लॉस एंजिलिस ओलंपिक) के लिए एक नई शुरुआत होगी। मुझे पता है कि मैं एक योद्धा जैसी हूं और पहले से कहीं ज्यादा मजबूत होकर वापस आऊंगी।'' उन्होंने कहा, '' मैं अभी शारीरिक और भावनात्मक रूप से फिट होने के लिए एक छोटा ब्रेक ले रही हूं। इस दौरान मैं देखूंगी कि मुझे कहां बदलाव करने की जरूरत है।''

### ओलंपिक के लिए पसंदीदा कोच नहीं मिला : अश्विनी

**नई दिल्ली।** भारतीय युगल बैडमिंटन विशेषज्ञ अश्विनी पोनप्पा ने मंगलवार को कहा कि उन्हें पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिए खेल मंत्रालय से बहुत कम या कोई व्यक्तिगत वित्तीय सहायता नहीं मिली और यहां तक कि कोच के लिए उनके अनुरोध को भी खारिज कर दिया गया। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) एक दस्तावेज लेकर आया है, जिसमें पेरिस ओलंपिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ी को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का विवरण दिया गया है। इस दस्तावेज के अनुसार अश्विनी को टॉप्स (लक्ष्य ओलंपिक पोडियम कार्यक्रम) के अंतर्गत 4,50,000 रुपए तथा अभ्यास और प्रतियोगिता (एसीटीसी) के वार्षिक कैलेंडर के तहत 1,48,04,080 रुपए प्रदान किए गए थे।



अश्विनी ने कहा,''मैं वास्तव में बहुत हैरान हूं। मुझे पैसे नहीं मिलने पर कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन देश को यह बताना कि मैंने पैसे लिए थे, हास्यास्पद है। मुझे पैसे नहीं मिले थे। अगर आप राष्ट्रीय शिविर की बात कर रहे हैं तो उसने भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों पर 1.5 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे।'' उन्होंने कहा,''मेरे पास अपनी पसंद का कोच भी नहीं था। जहां तक मेरे निजी ट्रेनर की बात है तो मैंने उसका खर्चा स्वयं उठाया। मैंने किसी से पैसा नहीं लिया। मैं नवंबर 2023 तक अपने खर्चे पर खेलती रही। जब हमने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर दिया तभी मुझे टॉप्स में शामिल किया गया।'' भारत की शीर्ष युगल खिलाड़ी 34 वर्षीय अश्विनी ने राष्ट्रमंडल खेल 2010, 2014 और 2018 में क्रमशः स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक जीता था। उन्होंने ज्वाला गुट्टा के साथ जोड़ी बनाकर लंदन और रियो ओलंपिक में भाग लिया था।

# मनु भाकर की नजरें भविष्य में कई ओलंपिक पदक जीतने पर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस में दो पदक जीतने वाली भारत की अनुभवी पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर की नजरें ओलंपिक में कई पदक जीतने पर लगी है। बाईस वर्ष की मनु आजादी के बाद एक ही ओलंपिक में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बन गई।

उन्होंने महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल और सरबजोत सिंह के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीते। वह 25 मीटर पिस्टल में भी कांस्य जीतने से मामूली अंतर से चूक गई।



मनु ने कहा,'' हम सभी पदक जीतने के लिए काफी मेहनत करते हैं, लेकिन अगर भविष्य में दो से अधिक पदक एक ही ओलंपिक में जीत पाती हूं तो यह शानदार होगा। कड़ी मेहनत करके भविष्य में बेहतर प्रदर्शन का लक्ष्य है।'' उन्होंने ओलंपिक समापन समारोह से लौटने के बाद कहा,''मैं भविष्य में भारत के लिए और ओलंपिक पदक जीतना चाहती हूं।'' मनु समापन समारोह में अनुभवी हॉकी गोलकीपर पीआर श्रीजेश के साथ भारत की ध्वजवाहक थीं ।

उन्होंने कहा,''यह जीवन में एक बार मिलने वाला अनुभव था। मैं इसके लिए शुक्रगुजार हूं और इसे ताउम्र याद रखूंगी।'' उन्होंने कहा,'' श्रीजेश भैया के साथ मेरा बहुत अच्छा संबंध है। मैं उन्हें बचपन से जानती हूं। वह काफी दोस्ताना, मददगार और विनम्र रहते हैं। उन्होंने मेरे लिए समापन समारोह में काम बहुत आसान कर दिया।''

### विश्व कप से बाहर रह सकती है मनु भाकर

पेरिस ओलंपिक में दो कांस्य पदक जीतने वाली पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अक्तूबर में होने वाले विश्व कप से बाहर रह सकती है क्योंकि उन्होंने तीन महीने का ब्रेक लेने का फैसला किया है। उनके कोच जसपाल राणा ने यह जानकारी दी। जसपाल ने कहा,''मुझे नहीं पता कि वह अक्तूबर में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी या नहीं क्योंकि वह तीन महीने का ब्रेक ले रही है। वह लंबे समय से कड़ी मेहनत कर रही है तो यह नॉर्मल ब्रेक है।'' निशानेबाजी विश्व कप दिल्ली में 13 से 18 अक्तूबर के बीच होगा। जसपाल ने कहा कि ब्रेक के बाद वे 2026 एशियाई खेल और राष्ट्रमंडल खेलों पर काम करेंगे।

# 18 महीने के लिए निलंबित पैरा शटलर प्रमोद भगत



**एजेंसी, नई दिल्ली**

टोक्यो के स्वर्ण पदक विजेता पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी प्रमोद भगत पेरिस पैरालंपिक में अपना खिताब बरकरार नहीं रख पाएंगे जिन्हें बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक 'वेयरअबारट' (ठिकाने का पता) नियम के उल्लंघन के कारण 18 महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है।

बीडब्ल्यूएफ ने एक बयान में कहा,'' बैडमिंटन विश्व महासंघ इसकी पुष्टि करता है कि भारत के टोक्यो 2020 पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत को 18 महीने के लिए निलंबित किया गया है और वह पेरिस पैरालंपिक नहीं खेलेंगे।''

इसमें कहा गया,'' एक मार्च 2024 को खेल पंचाट (सीएएस) डोपिंग निरोधक प्रभाग ने भगत को बीडब्ल्यूएफ के डोपिंग निरोधक नियम के उल्लंघन का दोषी पाया। वह एक साल में तीन बार अपना ठिकाना बताने में नाकाम रहे थे।''

36 वर्ष के एसएल3 खिलाड़ी भगत ने सीएएस के अपील विभाग में इस फैसले के खिलाफ अपील की थी जो पिछले महीने खारिज हो गई। यह निलंबन एक सितंबर 2025 तक लागू रहेगा। बिहार में जन्मे भगत ने पिछले साल फरवरी में 5वां विश्व चैंपियनशिप खिताब जीतकर चीन के लिन डैन की बराबरी की थी।

## बठरा गांव की साक्षी बनी भारतीय वॉलीबॉल टीम की सहायक कोच

**सालबिया शर्मा, गरली**



जिला कागंडा स्थित उप मंडल देहरा के अंतर्गत एक छोटे से गांव बठरा की साक्षी शर्मा पुत्री मनोहर लाल शर्मा ने सेंट्रल एशियाई वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा आयोजित सेंट्रल एशियाई महिला वॉलीबॉल राष्ट्र लीग के दौरान सीनियर भारतीय महिला वॉलीबॉल टीम की सहायक कोच के रूप में काम करके अपने समुदाय और राज्य को गौरान्वित किया है।

नेपाल के काठमांडू में आयोजित इस लीग में 5 देशों की टीमों ने भाग लिया। पहले मैच में भारतीय टीम ने ईरान को चार सेटों में मात दी। दूसरे मैच में भारतीय टीम ने मालदीव को सीधे तीन सेटों में हराया। तीसरे मैच में भारतीय टीम को मेजबान नेपाल के खिलाफ एक संघर्षपूर्ण मुकाबले में 5 सेटों में हार का सामना करना पड़ा। चौथे मैच में फिर से भारतीय. टीम ने वापसी करते हुए श्रीलंका की टीम को सीधे तीन सेटों में परास्त किया और 10 अंकों के साथ लीग राउंड में पहले स्थान पर रहते हुए सेमाइफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में भारतीय टीम ने श्रीलंका को तीन सेटों में हराया और फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल मैच में भारत की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मेजबान नेपाल को 5 सेटों में हराकर स्वर्ण पदक जीता।

सेवानिवृत्त शिक्षक मनोहर लाल शर्मा और कमलेश शर्मा के घर जन्मी साक्षी की यात्रा दृढ़ संकल्प और समर्पण की है। उन्होंने पंजाब विश्वविद्यालय, चंडीगढ़ से 2015 में मास्टर्स की डिग्री हासिल की। 2017 में भारतीय खेल प्राधिकरण, नेताजी सुभाष राष्ट्रीय खेल संस्थान, पटियाला से वॉलीबॉल में खेल प्रशिक्षण का डिप्लोमा हासिल कर अपने कौशल को निखारा।

## मैं जिंदगी और क्रिकेट में जोखिम लेना पसंद करता हूं : अश्विन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंजीनियर, क्रिकेटर, एक लोकप्रिय यूट्यूबर और अब एक लेखक भी, एक बार में कई चीजों को आसानी से प्रबंधित करने वाले भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा कि जीवन हो या क्रिकेट वह अति सुरक्षात्मक रवैया अपनाने की जगह असफल होना पसंद करेंगे।

उन्होंने कहा वह जिंदगी और क्रिकेट में जोखिम लेना पसंद करते है। टेस्ट में 516 विकेट लेने वाले इस खिलाड़ी की बातों और विचारों को क्रिकेट जगत में काफी तवज्जों दी जाती है। वह इस समय अपनी पुस्तक 'आई हैव द स्ट्रीट्स: ए कुट्टी क्रिकेट स्टोरी' की सफलता का लुत्फ उठा रहे हैं। इस किताब के सह-लेखक सिद्धार्थ मोंगा है और इसे पेंगुइन रैंडम हाउस ने प्रकाशित किया है। यह किताब में 2011 तक अश्विन के जीवन का विवरण उनके दिमाग की झलक देती है।



अश्विन ने कहा, ''मैं अपनी जिंदगी जी रहा हूं, बस यह इतना ही है। मैं 'ए', 'बी' या 'सी' ( किसी लक्ष्य) को पूरा करने के बारे में नहीं सोच रहा हूं। मैं मौजूदा समय में रहना पसंद करता हूं। मैं आम तौर पर एक रचनात्मक व्यक्ति हूं और अगर मुझे लगता है कि मैं कुछ करना चाहता हूं, तो मैं आगे बढ़ूंगा और करूंगा।

## नदीम को पुरस्कार मेंएक करोड़ और कार मिली

**एजेंसी, लाहौर**

ओलंपिक भाला फेंक चैंपियन अरशद नदीम को हाल ही में संपन्न पेरिस खेलों में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने के लिए पंजाब सरकार ने मंगलवार को एक करोड़ रुपये और एक नई कार से पुरस्कृत किया। पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज जब नदीम और उसके परिवार से मिलने मियां चुन्नू स्थित उसके गांव गई तो उन्होंने नदीम को नकद पुरस्कार और कार की चाबियां भेंट की।

उन्होंने कहा, ''अरशद हर उस चीज का हकदार है जो उसे मिल रहा है क्योंकि वह देश के लिए बहुत खुशी और गौरव लेकर आया है।'' मुख्यमंत्री ने नदीम को जब 92.97 नंबर प्लेट वाली नई कार की चाबियां सौंपी तब वहां उनके माता-पिता भी मौजूद थे। नदीम ने 92.97 मीटर की ओलंपिक रिकॉर्ड के साथ पेरिस में स्वर्ण पदक जीता था।

## श्रेयस बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में एक मैच खेलेंगे

**मुंबई।** श्रेयस अय्यर गुरुवार से तमिलनाडु में चार स्थानों पर शुरू होने वाले आगामी बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए एक मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। अय्यर 27 से 30 अगस्त तक कोयंबतूर में खेले जाने वाले मुंबई के दूसरे दौर के मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे। इस मैच में भारतीय टी-20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव भी खेलेंगे।

मुंबई क्रिकेट संघ के संयुक्त सचिव दीपक पाटिल ने कहा, ''श्रेयसबुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मुंबई के लिए खेलेंगे। वह 27 अगस्त से कोयंबतूर में जम्मू-कश्मीर के खिलाफ खेलेंगे।'' अय्यर ने इस महीने श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला से भारतीय टीम में वापसी की है।

बुची बाबू आमंत्रण टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, हैदराबाद, बंगाल, मुंबई, जम्मू एवं कश्मीर, झारखंड, छत्तीसगढ़ और गुजरात के साथ टीएनसीए एकादश और टीएनसीए अध्यक्ष एकादश की टीमें भाग लेंगी।

**बैडमिंटन** | धर्मशाला इंडोर स्टेडियम में जिला स्तरीय जूनियर एवं सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता संपन्न

# एकल में करण शर्मा और भारती शर्मा का दबदबा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

धर्मशाला इंडोर स्टेडियम में जिला कांगड़ा स्तरीय जूनियर अंडर-19 एवं सीनियर बैडमिंटन प्रतियोगिता का समापन हुआ। प्रतियोगिता का समापन प्रधानाचार्य अचीवर हब पब्लिक स्कूल दाडी जोशना धीमान ने किया। मुख्यअतिथि द्वारा विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया।



विजेता खिलाड़ियों के साथ मुख्यातिथि व प्रतियोगिता के आयोजक।

समापन समारोह में जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की तरफ से सुमन शर्मा, गौरव चड्ढा, विक्रम चौधरी, पवन चौधरी, अभिनव वालिया, संदीप ढींगरा, विकास सूद विशेष रूप से उपस्थित रहे। लड़कों के अंडर-19 एकल मुकाबले में कपूर बैडमिंटन अकादमी के करण शर्मा ने पालमपुर के कृष भाटिया को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंडर-19 लड़कियों के एकल मुकाबले में भारती शर्मा ने अमृता ठाकुर को हराकर विजेता बनी। अंडर-19 लड़कों के युगल मुकाबले में करण शर्मा एवं उदय खुल्लर की जोड़ी ने आयुष राणा एवं आयुष की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया। लड़कियों के अंदर-19 युगल मुकाबले में भारती शर्मा एवं अमृता ठाकुर की जोड़ी ने अवनी ठाकुर एवं दिव्यांशी की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया। अंदर-19 मिश्रित मुकाबले में करण शर्मा एवं भारती शर्मा की जोड़ी ने शौर्य एवं पलक को हराकर खिताब अपने नाम किया। पुरुष एकल मुकाबले में करण शर्मा ने हरजीत सिंह को हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला एकल मुकाबले में धर्मशाला की ज्योतिष्का ने रूबी को हराकर किताब अपने नाम किया।

पुरुष युगल मुकाबले में हरजीत सिंह एवं करण शर्मा की जोड़ी ने धर्मशाला के पंकज जसवाल एवं विक्रांत राणा को हराकर खिताब अपने नाम किया। महिला युगल मुकाबले में ज्योतिषका एवं अक्षिता चौधरी की जोड़ी ने रूबी एवं सिमरन की जोड़ी को हराकर खिताब अपने नाम किया। सीनियर मिश्रित मुकाबले में हरजीत सिंह एवं सिमरन की जोड़ी ने करण शर्मा एवं रूबी को हराकर इस वर्ग में विजेता रहे।

जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास ने बताया कि इस प्रतियोगिता में जो विजेता एवं उपविजेता रहे हैं वह जिला कांगड़ा का नेतृत्व बिलासपुर में होने जा रही राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में करेंगे। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ द्वारा पहली पहली बार जिला स्तर पर आधार वेरिफिकेशन खिलाड़ियों का किया गया जिससे ऐज फ्रॉड के मामले न हो। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ लगातार बैडमिंटन खेल एवं खिलाड़ियों के लिए बढ़िया से बढ़िया इंतजाम करने में अग्रसर है।

